वर्ष : 06 अंक : 293

बोकारो

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

सोमवार, 29 अप्रैल 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658

# हिन्दी दैनिक झारखंड दर्शन



Email : jharkhanddarshan405@gmail.com Website: jharkhanddarshan.net

## एक नजर

### गोपालगंज में तीन पुलिसकर्मी की मौत, 12 से अधिक घायल

**गोपालगंज।** बिहार में गोपालगंज जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र में रविवार को कंटेनर की चपेट में आने से तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी तथा 12 से अधिक लोग घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि पुलिस लाइन से तीन बस पर सवार जिला बल के जवान चुनाव कराने के लिए सुपौल जा रहें थें।रास्ते में बरहिमा मोड़ के पास राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या 27 पर सभी लोग बस रोककर नाश्ता कर रहे थें,तभी तेज रफ्तार में आई कंटेनर ने पीछे से बस में टक्कर मार दी। सूत्रों ने बताया कि इस दुर्घटना में तीन पुलिसकर्मी की मौत हो गयी तथा 12 से अधिक घायल हो गये। मृतकों की पहचान अशोक उरांव,पवन महतो और दिग्विजय के रूप में की गयी है। घायलों को इलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मोदी चाईबासा, पलामू और लोहरदगा में करेंगे जनसभा

**रांची।** राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए चौथे चरण से मतदान होना है। राज्य में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू चुनाव होने हैं। एनडीए और इंडी गठबंधनों ने सभी 14 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी है। साथ ही दोनों गठबंधन ने स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी कर दी है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाईबासा, पलामू और लोहरदगा में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मोदी तीन मई को कोल्हान प्रमंडल के चाईबासा में तीन बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। चार मई को सुबह 9:30 बजे पलामू के चियांकी हवाई अड्डे में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसी दिन दोपहर 12:30 से लोहरदगा के सिसई में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### उन्नाव में सड़क हादसा छह की मौत, 22 घायल

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में उन्नाव-हरदोई मार्ग पर जमालुद्दीनपुर के पास रविवार दोपहर यात्रियों से भरी निजी बस की ट्रक से सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में छह यात्रियों की मौत हो गई और कम से कम 22 लोग घायल हो गए। घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर है। सीओ ऋषिकांत शुक्ला के मुताबिक हादसे में छह लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में दो महिलाएं और चार पुरुष हैं। इस हादसे में 20 से 22 लोग घायल हैं। नौ लोगों को उन्नाव जिला चिकित्सालय भेजा गया है तथा इतने ही लोगों को कानपुर नगर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया है।

# कल्पना सोरेन आज करेंगी गांडेय विस सीट से नामांकन

- नामांकन के दौरान सीएम चंपाई सोरेन व बसंत सोरेन भी रहेंगे साथ
- 11 बजे गिरिडीह हवाई अड्डा पहुंचेंगे मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन
- मुख्यमंत्री चंपाई व कल्पना सोरेन करेंगे जनसभा को भी संबोधित

संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन 29 अप्रैल को गांडेय उपचुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगी। नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बसंत सोरेन सहित इंडिया गठबंधन के कई नेता मौजूद रहेंगे। रविवार को गिरिडीह झामुमो जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने उक्त बातें कहीं। कल्पना सोरेन रविवार को हेलीकॉप्टर से गिरिडीह पहुंचीं। वे उत्सव उपवन में रात्रि विश्राम करेंगी और सोमवार को पर्चा दाखिल करेंगी।

झामुमो जिला अध्यक्ष ने कहा कि 29 अप्रैल को कल्पना सोरेन नामांकन दाखिल करने को लेकर सड़क मार्ग से समाहरणालय के लिए निकलेंगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष 12.30 बजे से लेकर एक बजे के बीच नामांकन दाखिल करने का समय निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 29 अप्रैल को 11 बजे गिरिडीह हवाई अड्डा पहुंचेंगे। इसके बाद कल्पना सोरेन के साथ नामांकन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए समाहरणालय जायेंगे। कल्पना सोरेन के नामांकन के दौरान मंत्री बसंत सोरेन सहित इंडिया गठबंधन के नेता मौजूद रहेंगे।



### हेलीकॉप्टर से गिरिडीह पहुंचीं कल्पना सोरेन

गांडेय उपचुनाव के लिए नामांकन करने को लेकर रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह झामुमो प्रत्याशी कल्पना मुर्मू सोरेन हेलीकॉप्टर से गिरिडीह हवाई अड्डा पहुंचीं। यहां पर राज्य सभा सदस्य डॉ सरफराज अहमद, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू एवं झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने उनका स्वागत किया। यहां से वह उत्सव उपवन गयीं।

### नामांकन के बाद करेंगी जनसभा

नामांकन के बाद पपरवाटांड़ फुटबॉल मैदान में आयोजित जनसभा को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन समेत गठबंधन के नेता संबोधित करेंगे। जनसभा में इंडिया गठबंधन के तमाम नेता मंच साझा करेंगे।

### 30 अप्रैल को करेंगी क्षेत्र का दौरा

29 अप्रैल को कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा क्षेत्र के गांडेय और बेंगाबाद में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करेंगी। इसके बाद 30 अप्रैल को गांडेय विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगी और लोगों से अपने पक्ष में मतदान की अपील करेंगी।

## कल्पना ने लिया सास-ससुर का आशीर्वाद

संवाददाता



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप चुनाव के लिए 29 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इससे पूर्व उन्होंने रविवार को झामुमो पार्टी प्रमुख और सांसद और ससुर शिबू सोरेन तथा सास रूपी सोरेन से आशीर्वाद लिया।

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के एक्स पर फोटो पोस्ट करते हुए कल्पना ने लिखा कि आंदोलन, संघर्ष और शहादत से बने विशाल वृक्ष का नाम है झामुमो। झारखंडवासियों के हक-अधिकार के लिए अंतिम सांस तक लड़ने वाले संघर्ष का नाम है झामुमो। झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने उन्हें गांडेय विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव लड़ने का निर्देश दिया है। उपचुनाव के लिए झामुमो के तीर-कमान की शक्ति के साथ कल (सोमवार) नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व आज बाबा, मां और दीदी का आशीर्वाद लिया। कल्पना ने लिखा है कि वे झामुमो की सिपाही के रूप में झारखंड और गांडेय विधानसभा क्षेत्र की जनता के हक-अधिकार के लिए जीवनपर्यंत कार्य करेंगी। आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद के साथ आने वाले वक्त में गांडेय की तस्वीर बदली जाएगी।

## बेलगावी चुनावी रैली से पीएम मोदी का कांग्रेस पर हमला, बोले

# कांग्रेस राष्ट्र हित से दूर, एक परिवार के हित में उलझ गई

एजेंसी

**बेलगावी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कर्नाटक के दौरे पर हैं। उन्होंने बेलगावी में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश के लोकतंत्र को नष्ट करने की साजिश रची, उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस राष्ट्र हित से दूर, एक परिवार के हित में उलझ गई है। कांग्रेस वायनाड लोकसभा सीट जीतने के लिए प्रतिबंधित संगठन पीएफआई की मदद ले रही है। कांग्रेस के 'शहजादे' ने नवाबों, बादशाहों के 'अत्याचार' पर बात नहीं की बल्कि हमारे, राजा, महाराजाओं का अपमान करते हैं।

- वायनाड सीट जीतने के लिए पीएफआई की ले रही मदद कांग्रेस
- भारत के राजाओं और महाराजाओं का अपमान करने का आरोप लगाया
- विरासत कर मुद्दे पर भी कांग्रेस के खिलाफ जारी रखा जोरदार हमला
- राहुल गांधी मुगल शासक औरंगजेब के जुल्मों को याद नहीं रख सकते



### शहजादे ने शिवाजी महाराज का अपमान किया

पीएम मोदी ने कहा, 'कांग्रेस के शहजादे को राजा, महाराजाओं का योगदान याद नहीं आता। वोट बैंक के लिए वे राजा, महाराजा के खिलाफ बोलते हैं लेकिन नवाबों, बादशाहों, सुल्तानों के खिलाफ उनमें एक शब्द बोलने की ताकत नहीं है। कांग्रेस की तुष्टीकरण की मानसिकता अब खुलकर देश के सामने आ रही है।' मोदी ने कहा, 'कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि भारत के राजा, महाराजा अत्याचारी थे, वे गरीबों की जमीन छीन लेते थे। कांग्रेस के शहजादे ने छत्रपति शिवाजी महाराज, रानी चिनम्मा का अपमान किया है। कांग्रेस के शहजादे का बयान सोच-समझकर वोट बैंक की राजनीति करने के लिए, तुष्टीकरण के लिए दिया गया बयान है।'

### हुबली कॉलेज का भी किया जिक्र

प्रधानमंत्री ने कहा, 'हुबली में कॉलेज कैंपस में जो हुआ उसने देश में भूचाल ला दिया है, उस बेटी का परिवार एक्शन की मांग करता रहा लेकिन कांग्रेस की सरकार तुष्टीकरण के दबाव को ही प्राथमिकता देती है। उनके लिए नेहा जैसी बेटियों की जिंदगी की कीमत नहीं है, उन्हें अपने वोट बैंक की चिंता है। बेंगलुरु के कैफे में बम धमाका हुआ तो भी गंभीरता नहीं आई, उन्होंने यहां तक कह दिया कि गैस का सिलेंडर फटा होगा। कांग्रेस देश की जनता के आंखों में धूल क्यों झोंक रही है?'

### कांग्रेस को देश की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती

पीएम मोदी ने कहा, 'पिछले 10 वर्षों में भाजपा, ठउअ सरकार ने देश के नागरिकों की इज ऑफ लिविंग के लिए बहुत काम किया है। इसका बड़ा उदाहरण भारतीय न्याय संहिता है, कांग्रेस मानसिक रूप से अंग्रेजों की गुलामी में ही जी रही थी। अब भारत में न्याय संहिता में दंड को नहीं बल्कि न्याय देने को प्राथमिकता दी गई है।' उन्होंने कहा, '...भारत जब मजबूत होता है तो हर भारतीय खुश होता है लेकिन कांग्रेस देशहित से इतना दूर हो चुकी है कि उसे देश की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती। भारत की हर सफलता पर उन्हें शर्म आने लगी है। उन्होंने एश्ट के बहाने पूरी दुनिया में भारत को बदनाम करने की कोशिश की।'

## गुजरात के समंदर में कोस्टगार्ड का बड़ा ऑपरेशन

# 600 करोड़ का ड्रग्स जब्त 14 पाकिस्तानी गिरफ्तार

- कोस्टगार्ड, गुजरात एटीएस और एनसीबी का संयुक्त ऑपरेशन



एजेंसी

**पोरबंदर।** गुजरात के पोरबंदर के निकट अरब सागर से आई ड्रग्स की बड़ी खेप जब्त की है। सुरक्षा एजेंसियों ने शनिवार की रात अरब सागर में अंतराष्ट्रीय सीमा के पास एक पाकिस्तान नाव को पकड़ा है। नाव से 600 करोड़ रुपए का लगभग 86 किलोग्राम ड्रग्स बरामद हुआ। सुरक्षाकर्मियों ने नाव पर 14 पाकिस्तानी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया है। इन पाकिस्तानियों को पोरबंदर लाकर पूछताछ की जा रही है।

इंडियन कोस्टगार्ड, गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक इनपुट के आधार पर पोरबंदर के निकट अरब सागर में अंतराष्ट्रीय सीमा के पास संयुक्त ऑपरेशन चलाया। इस दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध एक पाकिस्तानी नाव का पकड़ लिया। इस नाव की तलाशी लेने पर 86 किलो ड्रग्स मिला। सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तानी नाव पर सवार 14 पाकिस्तानी क्रू मेंबर को पकड़ लिया। इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए भारतीय कोस्टगार्ड ने जहाजों और एयरक्राफ्ट तैनात किए थे। इनमें आईसीजी जहाज राजरतन थी शामिल था। जिसमें एनसीबी और एटीएस के अधिकारी थे, जिन्होंने संदिग्ध नाव की पहचान की। जहाज पर तैनात विशेषज्ञों की टीम संदिग्ध नाव की पूरी तरह से जांच-पड़ताल की। इसके बाद ड्रग्स को जखीरा बरामद हुआ। पाकिस्तानी नाव के क्रू मेंबर को पकड़कर पूछताछ के लिए पोरबंदर लाया गया है।

### सात दिन बाद भी नहीं पता चल सका गुरचरण सिंह का

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा नामक धारावाहिक में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाने वाले गुरचरण सिंह का सात दिन के बाद भी अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। वह सोमवार से लापता हैं। पिता का कहना है कि वह घर से मुंबई जाने के लिए निकले थे लेकिन न वह मुंबई पहुंचे और ना ही घर आए हैं। शिकायत पर पालम थाना पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच कर रही है।

## सुकमा : दो इनामी महिला समेत पांच नक्सलियों ने डाले हथियार



एजेंसी

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावति सुकमा जिले में पूना नर्कोम-नई सुबह, नई शुरूआत अभियान चलाई जा रही है। इस अभियान से प्रभावित होकर रविवार को पांच नक्सलियों ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में आत्मसमर्पण किया है। सुकमा पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिले में पूना नर्कोम-नई सुबह, नई शुरूआत अभियान चलाई जा रही है। इसी कड़ी में 5 नक्सलियों ने सीआरपीएफ और उच्च पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वालों में माड़वी आयते (सिंघनमडगु आरपीसी अंतर्गत सीएनएम अध्यक्ष, ईनामी 01 लाख रुपये), वेट्टी लाली (अरलमपल्ली पंचायत सीएनएम अध्यक्षा, ईनामी 01 लाख), मडकम भीमा (पालाचलमा आरपीसी अंतर्गत मिलिशिया सदस्य), पदाम कमलेश (कोंटा एरिया कमेटी अंतर्गत जनताना सरकार स्कूल अध्यक्ष) और सोड़ी मासा (साकलेर आरपीसी मेडिकल टीम अध्यक्ष) शामिल हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

### खान मंत्रालय का दो दिवसीय सम्मेलन आज

नई दिल्ली। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने, ज्ञान साझा करने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 29-30 अप्रैल को दो दिवसीय शिखर सम्मेलन आयोजित करेगी। खान मंत्रालय की ओर से रविवार को जानकारी दी गई कि 29 और 30 अप्रैल को शक्ति सतत ऊर्जा फाउंडेशन (शक्ति), ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद (सीईईडब्ल्यू) तथा भारतीय सतत विकास संस्थान (आईआईएसडी) के सहयोग से दो दिवसीय महत्वपूर्ण खनिज शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन राजधानी नई दिल्ली के लोधी एस्टेट स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में होगा।

## चारधाम यात्रा | अब धाम तक फर्राटा भरेंगे इलेक्ट्रिक वाहन

# विश्व फलक पर दिखेगी पर्यावरण संरक्षण की अलख

एजेंसी

**देहरादून।** श्रीकेदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के दिव्य धाम में शीश झुकाकर पूजन करने की कामना हर हिन्दू की होती है। लिहाजा चारधाम यात्रा के दौरान बुजुर्गों को बेहद कठिनाई भी झेलनी पड़ती है, लेकिन इस बार चारधाम यात्रा बेहद सुगम और आसान होगी। भगवन के घर की राह सरल तो होगी। साथ ही इस बार चारधाम यात्रा देश-दुनिया को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ स्वच्छता की भी अलख जगाएगी।

उत्तराखंड राज्य को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए अब चारधाम यात्रा मार्ग पर इलेक्ट्रिक वाहन फर्राटा भरेंगे। आरटीओ सुनील शर्मा ने बताया कि इस बार इलेक्ट्रिक वाहन चाहे वह कामर्शियल हों या निजी, उन्हें चारधाम आने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए चारधाम यात्रा मार्ग पर चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था की जा रही है। चार्जिंग स्टेशन की संपूर्ण जानकारी लोग एप के माध्यम से ले सकेंगे। दरअसल, फरवरी 2018 में संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में वाहनों से लगातार बढ़ रहे प्रदूषण पर चिंता जताई गई थी। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं। 10 मई को गंगोत्री-यमुनोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा की विधिवत शुरूआत हो जाएगी। चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों को पहले से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए स्वास्थ्य महकमे ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। स्वास्थ्य विभाग का देश-दुनिया को सुरक्षित यात्रा कराने का लक्ष्य है। इसके लिए केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर विशेष फोकस है। खासकर बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के इंतजाम किए गए हैं।

- चारधाम यात्रा मार्ग पर हर 30 किमी पर बन रहा 42 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन
- सुगम और सुरक्षित चारधाम यात्रा का लक्ष्य, बुजुर्गों के लिए खास इंतजाम



### चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले चालू हो जाएंगे चार्जिंग प्वाइंट

चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले राज्य सरकार ने यात्रा मार्ग पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर रही है। उत्तराखंड सरकार इन धामों के मार्ग में हर तीस किलोमीटर पर एक चार्जिंग स्टेशन बनाने की योजना है। चारधाम मार्गों पर इलेक्ट्रिक कार और बसों की बैटरियों की क्षमता तय है। साथ ही तय किलोमीटर की दूरी पूरी करने के बाद उन्हें चार्ज करना होता है। चारधाम यात्रा के लिए स्टेट लेवल कंट्रोल रूम उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद मुख्यालय चल रहा है, जो पूरे यात्रा काल के दौरान हर रोज सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक संचालित रहेगा।

### 15 लाख 66 हजार श्रद्धालु कर चुके हैं अब तक रजिस्ट्रेशन–

चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 15 अप्रैल से पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हुई थी। अब तक गंगोत्री के लिए 287358, यमुनोत्री 260597, केदारनाथ 540999, बद्रीनाथ 453213 और हेमकुंड साहिब के लिए 24700 यात्रियों ने पंजीकरण कराया है। चारधाम और हेमकुंड के लिए कुल 1566867 श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा चुके हैं।

एक नजर

### 840 केजी जावा महुआ एवं 75 लीटर शराब जब्त



**बोकारो :** बोकारो जिला उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त एवं निरीक्षक के नेतृत्व में जिला उत्पाद टीम ने चंद्रपुरा प्रखंड के दुगदा थाना अंतर्गत जमुनिया नदी किनारे अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 840 केजी जावा महुआ शराब एवं 755 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं,अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में अभियुक्तों हरिपद महतो एवं सुरेश महतो पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

### रेस्तरां का उद्घाटन मृणालिका सचिव सुधा पाण्डेय ने किया



बोकारो : सिटी सेन्टर के प्लॉट संख्या - GYB/06 में इन्दौर के मशहूर रेस्तरां फूड ऑफ इन्डियन्सऱ की बोकारो शाखा का भव्य उद्घाटन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि स्वंयसेवी संस्था मृणालिका सपनों की उड़ान की सचिव श्रीमती सुधा पाण्डेय ने विधिवत फीता काटकर इस भव्य रेस्तरां का उद्घाटन किया। इस रेस्तरां के संचालक रिक्की ने बताया कि यह पूर्णतया वातानुकूलित व शाकाहारी रेस्तरां है। इसके कारीगर भी इन्दौर से आए हैं। इस रेस्तरां में अल्पाहार से लेकर पूर्ण भोजन की समुचित व्यवस्था है। बोकारोवासियों के लिए लजीज व बिल्कुल अलग स्वाद वाले भोजन की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर श्रीमती ऊषा प्रसाद ,किशु सिंह, माधुरी सिंह, संगीता, डॉ शिल्पी आनन्द, गीता भारती, रामानन्द प्रसाद, मुन्ना सिंह, अमरेंद्र झा सहित कई नामचीन व्यक्ति उपस्थित थे।

## बोकारो में वोट वाकाथन, मतदान-प्रतिशत बढ़ाने को सड़क पर आए अधिकारी

# पांच साल बाद आता है लोकतंत्र का महापर्व, हर वोटर की भागीदारी जरूरी : डीसी विजया जाधव

संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो के शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग द्वारा नियमित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव की अध्यक्षता में वोट वाकाथान का आयोजन किया गया। वोट वाकाथान का शुभारंभ बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 05 स्थित पत्थरकट्टा चौक से हुआ, जो सेक्टर 02 स्थित राम मंदिर चौक जाकर संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला स्तरीय सभी पदाधिकारीगण, आइएमए एवं निजी नर्सिंग अस्पताल संघ/ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट संघ के प्रतिनिधि, काफी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) ने अपने संबोधन में कहा कि जिस उत्साह के साथ सभी इस



कार्यक्रम में शामिल हुए हैं, इसी उत्साह के साथ आगामी 25 मई 2024 को मतदान दिवस के दिन सभी घरों से निकलकर मतदान केंद्र पहुंच अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने मतदान दिवस को शत प्रतिशत मतदान कर बोकारोवासियों से नया आयाम गढ़ने का आह्वान किया। कहा कि मतदान लोकतंत्र का महापर्व है, जो पांच वर्षों में एक बार आता है। इस पर्व में शामिल होने में कोई चूक नहीं करनी है। स्वयं मतदान करें और अपने आसपास के दूसरे लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) ने चुनाव का पर्व, देश का गर्व स्लोगन को बोला, जिसे सभी ने दोहराया। इसके बाद आगामी 25 मई को मतदान करने के संदेश संबंधित गुब्बारा को आसमान में छोड़ा गया। मौके पर निर्वाचन कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप सिंह ने कहा कि सभी को मतदान करना है। अगर किन्हीं के पास ईलेक्ट्रोल फोटो पहचान पत्र (ईपीक) नहीं है, तो भी वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीकृत 12 अन्य वैक्लपिक दस्तावेजों (पासपोर्ट, ड्राइविग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) द्वारा जारी किए गए कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय), फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, आधार कार्ड,सांसद/विधायक पार्षद को जारी कार्ड एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआइडी)) को प्रस्तुत कर मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता ने कहा कि शहरी क्षेत्र का मतदान प्रतिशत संतोषजनक नहीं है। इसे बढ़ाने को लेकर लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह ने उपस्थित सभी को मतदाताओं को प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर मीडिया कोषांग की वरीय नोडल पदाधिकारी मेनका, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीपीआरओ साकेत कुमार पांडेय, मुख्यालय डीएसपी आशीष कुमार महली, प्रेक्षक कोषांग के सदानंद महतो, ईवीएम कोषांग के मो. शफीक आलम, स्वीप कोषांग के जगरनाथ लोहरा, अतुल कुमार चौबे, हेमलता बुन, प्रियंका कुमारी, प्रदीप कुमार, कंचन कुमारी, योजना पदाधिकारी राज कुमार शर्मा सहित जिले के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, आइएमए एवं निजी नर्सिंग अस्पताल संघ, ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट संघ के प्रतिनिधिगण, समाहरणालय एवं सिविल सर्जन कार्यालय के कर्मी आदि उपस्थित थे।

## ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत आरपीएफ ने चार नाबालिगों को बचाया

संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो आरपीएफ एएसआई एसके कनौजिया, मेरी सहेली टीम, सीपीडीएस टीम और बोकारो में सीआईबी यूनिट आद्रा के साथ रेलवे स्टेशन की जांच के दौरान दो नाबालिग बच्चों को बचाया गया। बताया गया कि शनिवार को दो नाबालिगों को प्लेटफार्म पर संदिग्ध रूप से घूमते देखा गया। पूछने पर 14 वर्षीय लड़की ने अपना पता बोकारो सेक्टर-1 सी शिमला कॉलोनी, थाना सेक्टर-1 बीएस सिटी बताया। वहीं, 15 वर्षीय नवयुवक ने खुद को लातेहार जिला अंतर्गत डाकघर लातेहार, थाना लातेहार के बरियातु खालसा का निवासी बताया। दोनों नाबालिगों ने बताया कि वे अपने माता-पिता को बिना कोई सूचना दिए, अपने घर से भाग निकले हैं। उनके पास कोई यात्रा प्राधिकार टिकट नहीं है। मुक्त कराए गए नाबालिगों को आगे की आवश्यक कार्रवाई हेतु बाल कल्याण समिति, बोकारो को भेजा गया। वहीं, शनिवार शाम को तुपकाडीह रेलवे स्टेशन इंक्वायरी के पास से आरपीएफ एएसआई



पवन कुमार झा, हेड कांस्टेबल वी.बी. सिंह और वाई.एन.यादव ने एक नाबालिग लड़के को पकड़ा। नाबालिग संदिग्ध व लक्ष्यहीन तरीके से घूम रहा था। पूछने पर उसने अपना पता राजगंज धनबाद बताया। उसने यह भी खुलासा किया कि, वह अपने माता-पिता को बताए बिना घर से भाग गया। तदनुसार सभी कानूनी औपचारिकताओं का पालन करने पर बचाए गए नाबालिग लड़के को आगे की कार्रवाई के लिए रेलवे चाइल्डलाइन बोकारो को सौंप दिया गया। इधर, बोकारो रेलवे स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया से एक अन्य 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को पकड़ा गया। नाबालिग लड़की बेरमो थाना क्षेत्र स्थित फुसरो के शांति नगर की रहने वाली है। जिसे शनिवार को आरपीएफ एएसआई पीके झा, मेरी सहेली टीम, आरपीएफ बोकारो के सीपीडीएस टीम के साथ एसआई रोजामत अंसारी द्वारा पकड़ा गया। घटना शाम लगभग 5 बजे की है। नाबालिग सकुर्लेटिंग एरिया में संदिग्ध रूप से घूम रही थी। पूछने पर उसने बताया कि वह अपने माता-पिता को बिना कोई जानकारी दिए, अपने आवास से भाग गई। उसके पास कोई यात्रा प्राधिकार टिकट नहीं है। तदनुसार, सभी कानूनी औपचारिकताओं का पालन कर, बचाई गई नाबालिग लड़की को आगे की कार्रवाई के लिए रेलवे चाइल्डलाइन बोकारो को सौंप दिया।

### मिथिला सांस्कृतिक परिषद ने लगाया शिविर

## रक्तदान करते रहने से बना रहता है शरीर का संतुलन : डॉ. श्रवण

संवाददाता

**बोकारो :** प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद की ओर से रविवार को संस्था द्वारा संचालित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल में एक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में परिषद के कई पदाधिकारियों व सदस्यों के अलावा विद्यालय के शिक्षकों ने भी पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) के सहयोग से आयोजित इस शिविर का उद्घाटन बीजीएच के एडिशनल मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी ब्लड बैंक श्रवण कुमार ने किया।

इस अवसर पर बीजीएच के डॉ सुरेन्द्र कुमार, डॉ निलय पाठक, परिषद के उपाध्यक्ष समरेन्द्र झा, अविनाश कुमार झा, महासचिव नीरज चौधरी, संयुक्त सचिव प्रदीप झा, सुनील चौधरी, कोषाध्यक्ष मिहिर मोहन ठाकुर, सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक,



योजना सचिव शिवेश पाठक, संगठन सचिव बहुरन झा, स्कूल के सचिव प्रमोद कुमार झा चंदन, प्राचार्य अशोक कुमार पाठक, मिथिला मिथिला समिति की अध्यक्ष सीमा झा, सांस्कृतिक सचिव बीनू चौधरी सहित श्रीमोहन झा, दिलीप ठाकुर, मनोज कुमार झा, श्रृषिकेश चौधरी, शेफाली दुबे, प्रदीप झा, मनोज कुमार दुबे, संतोष साहू, एस एन झा, बीएन गोस्वामी, अरविन्द कुमार मिश्र, राजीव, किशोर कुमार, बीजीएच की राजिता एक्का, कविता कुमार, सोनाली श्री, मनीष, अंकिता, कौशल आदि उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में डॉ. श्रवण ने कहा कि रक्तदान करने से किसी भी तरह की कोई कमजोरी नहीं आती।

रक्तदान करते रहने से हमारे शरीर का संतुलन बना रहता है तथा हमारे शरीर से कई बीमारियों का खतरा दूर रहता है। डॉ निलय पाठक ने कहा कि परिषद द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन प्रशंसनीय है। परिषद के उपाध्यक्ष अविनाश कुमार झा ने कहा कि रक्तदान को महादान की श्रेणी में माना गया है। महासचिव नीरज चौधरी ने कहा कि रक्तदान महादान है एवं रक्तदान करने से कई लोगों का जीवन बचाया जा सकता है।

## 755 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त, अड्डा ध्वस्त

संवाददाता

**बोकारो :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर रविवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने चंद्रपुरा प्रखंड के दुगदा थाना अंतर्गत जमुनिया नदी किनारे अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 840 केजी जावा महुआ शराब एवं 755 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त की। वहीं, अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में अभियुक्तों हरिपद महतो एवं सुरेश महतो पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी सहित सशस्त्र बल शामिल थे। बता दें कि



लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण झ बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## महागठबंधन का हो जायेगा सफाया : रणधीर

### जनता के आदेश पर 6 मई को करुगा नामांकन

संवाददाता

**मशरख :** राजद द्वारा महाराजगंज लोकसभा सीट से उम्मीदवार नहीं बनाए जाने से नाराज रणधीर समर्थकों ने आज मसरख में एक विशाल जन आशीर्वाद सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें उपस्थित वक्ताओं ने एक स्वर से रणधीर सिंह को राजद प्रत्याशी नहीं बनाए जाने की जोरदार शब्दों में निंदा की और कहा कि राजद ने रणधीर सिंह के साथ विश्वासघात किया है।

इसका जवाब महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र की जनता अपने मतों के द्वारा देगी। इस मौके पर बोलते हुए पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के पुत्र एव पूर्व विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि उन्हें राजद द्वारा लगातार यह आश्वासन दिया गया कि आप हीं महाराजगंज से पार्टी के प्रत्याशी



होंगे और अंतिम समय में अपना पल्ला झाड़ते हुए यह सीट कांग्रेस के कोटे में दे दिया गया। जो कि उनके साथ धोखा किया गया है और वह कभी भी धोखा नहीं बर्दाश्त करते। उन्होंने कहा कि वे हमेशा हीं क्षेत्र में भाई और बेटा बनकर लोगों की सेवा करते आ रहे हैं। लेकिन उनके साथ नाइंसाफी की गई। इसका जवाब जरूर दिया जाएगा। रणधीर सिंह ने यह भी कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य सारण कमिश्नरी से महागठबंधन का सफाई करना है। महाराजगंज से लोकसभा चुनाव लड़ने की बात पर उन्होंने कहा कि 4 तारीख को एक बैठक आयोजित की गई है जिसमें समिति जो निर्णय लेगी उस पर कार्य किया जाएगा। समिति के निर्णय के अनुसार 6 मई को अपना नामांकन महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से छपरा में करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार क्षेत्र की जनता का अपार समर्थन एवं सहयोग मिलेगा और वह चुनाव में लोगों के आशीर्वाद रूपी मत से विजयी होंगे।

## मिथिला पंचांगयुक्त विशेष कैलेंडर का विमोचन

संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो में मैथिलों की प्रतिष्ठित संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद द्वारा प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर का विमोचन रविवार को सेक्टर 4 स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में किया गया। वर्ष 2024-25 के लिए प्रकाशित इस वार्षिक कैलेंडर में मिथिला पंचांग, विशिष्ट धर्मस्थल, पर्व-त्योहार के साथ बोकारो में मिथिला समाज की विभिन्न गतिविधियों को रेखांकित किया गया है। वार्षिक कैलेंडर का विमोचन मिथिला सांस्कृतिक परिषद के उपाध्यक्ष समरेन्द्र झा, अविनाश कुमार झा, महासचिव नीरज चौधरी, संयुक्त



सचिव प्रदीप कुमार झा, सुनील चौधरी, वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर, सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक, संगठन सचिव बहुरन झा, योजना सचिव शिवेश पाठक, उप वित्त सचिव मनोज कुमार झा, उप सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक प्रदीप झा, कार्यकारिणी सदस्य गोविंद कुमार झा, अनिल कुमार झा, सुधांशु शेखर झा, आनंद राजहंस, सुदीप कुमार ठाकुर, अरविंद कुमार मिश्र, विजय कुमार ठाकुर, गणेश झा, स्थायी आमंत्रित सदस्य बटोही कुंवर, राजेन्द्र कुमार, मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के सचिव पी के झा 'चंदन', प्राचार्य अशोक कुमार पाठक, मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष सीमा झा, सांस्कृतिक सचिव बीनू चौधरी सहित श्रीमोहन झा, दिलीप ठाकुर, ऋषिकेश चौधरी आदि ने किया। परिषद के महासचिव नीरज चौधरी व सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक ने बताया कि आगामी 17 मई को जानकी नवमी परिषद में मनायी जायेगी। मिथिला सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में मिथिला महिला समिति के सहयोग से आयोजित जानकी नवमी कार्यक्रम भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मनाने की योजना है।

## रोटरी क्लब ने लगाया दंत चिकित्सा शिविर

संवाददाता

**बोकारो :** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने रविवार को उलगोड़ा स्थित आशा की किरण प्ले स्कूल में बोकारो के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ जॉन लियु के नेतृत्व में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। जिसमें डॉ० आदिति का सराहनीय योगदान रहा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में दांतों को स्वस्थ रखने की दिशा में आवश्यक निर्देश देना और आवश्यकता अनुरूप उचित उपचार एवं दवाईयां देना तथा अन्य आवश्यक मार्गदर्शन करना था।

इस दौरान सभी बच्चों को सुबह और रात में भोजनोपरान्त ब्रश करने का निर्देश दिया गया। जिन बच्चों के दांतों में कैविटी पाई गई,



उनको डॉक्टर जॉन लियु ने अपने सिटी सेंटर स्थित क्लिनिक में बुलाकर उनका मुफ़्त इलाज करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा 30 ऐसे बच्चे, जो कक्षा 6 के विद्यार्थी थे और शिक्षक मोहन आजाद द्वारा पेंटिंग की शिक्षा ग्रहण कर रहे थे, उनका भी समुचित मार्गदर्शन और उपचार किया गया। शिविर के समापन पर रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी के अध्यक्ष रोटेरियन घनश्याम दास ने सभी डॉक्टरों और उपस्थित सहयोगियों को धन्यवाद दिया और कहा कि वह इस प्रकार के और शिविरों का भी आयोजन समय समय पर करते रहेगें। शिविर में मुख्य रूप से रोटेरियन घनश्याम दास, अशोक जैन, अशोक तनेजा, देवाशीष सहाना, डॉक्टर अनिल त्रेहन, डॉ आरएन प्रधान, मोहन आजाद एवं डॉ अदिति मुख्य रूप से उपस्थित थे। शिविर के अंत में सभी उपस्थित लोगों के बीच अल्पाहार वितरित की गई। इस शिविर में कुल लाभार्थियों की संख्या 160 थी।

## एक नजर

### तीन दिवसीय यज्ञ अनुष्ठान भक्ति जागरण के साथ संपन्न



**कथारा :** कथारा रेलवे कॉलोनी स्थित श्री श्री साम्ब सदाशिव पंचायतन परिवार का तीन दिवसीय यज्ञ पूजा अनुष्ठान शनिवार को भक्ति जागरण के साथ संपन्न हो गया। मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं गोमिया विधायक डॉ० लंबोदर महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर जागरण का उद्घाटन किया। यहां सरगम म्यूजिकल ग्रुप धनबाद के कलाकारों ने भक्ति गीतों से श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। सांसद एवं विधायक ने खासकर महिलाओं को उक्त आयोजन में अपनी अहम भागीदारी निभाने पर उन्हें बधाई दी। इस मौके पर मुखिया पूनम देवी, उप मुखिया प्रमोद चौहान,वार्ड सदस्य जमुना देवी के अलावा यज्ञ समिति के रामनाथ राय, जगदीश भारती,दयाल चौहान, शिव कुमार, संतोष चौहान, किशोर चौहान, रणजीत सिंह, विजय चौहान, अजय चौहान, शंकर चौहान, रवि कुमार, रंजीत महतो, प्यारेलाल, रुद्र कुमार, अरुण कुमार, रामजी मास्टर, अनिल सिंह,बाबू मुंडा, भोला चौहान, प्रकाश चौहान, मनीष कुमार राय, आलोक भारती, कृष कुमार, ज्वाला सिंह, अंशु कुमार, बाबू लाल मुंडा, शकुंतला बाई, किरण देवी, रूबी देवी, रेणु देवी संतोषी देवी, नैना देवी, संगीता कुमारी, इंदू कुमारी, ममता देवी, विनीता कुमारी, शांति देवी आदि मौजूद थे।

### युवा व्यवसायी संघ फुसरो ने शुरू किया प्याऊ



**बेरमो :** बढ़ती गर्मी में ग्राहकों और राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए युवा व्यवसायी संघ फुसरो के द्वारा फुसरो बाजार स्थित ओवरब्रिज के पास प्याऊ का उदघाटन संघ के अध्यक्ष वैभव चौरसिया, सचिव बैजू मालाकार, कोषाध्यक्ष राकेश मालाकार व आजसू के संतोष महतो ने फीता काटकर किया। इस दौरान मिठाईया भी बांटी गयी। यहां संघ के अध्यक्ष श्री चौरसिया, सचिव बैजू मालाकार व कोषाध्यक्ष राकेश मालाकार ने कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों को पानी पिलाना पुण्य का काम है। यथा संभव हर किसी को इस भयंकर गर्मी में प्याऊ लगाकर लोगों को पानी पिलाना चाहिए। कहा कि पनशाला खुलने से लोगों की प्यास बुझ सकेगी। गर्मी के मौसम में बाजार पहुंचने वाले लोगों और मजदूरों को स्वच्छ शीतल पेयजल मिल सकेगा। इस दौरान क्षेत्र के अन्य कई स्थानों में भी प्याऊ का उदघाटन करने की घोषणा की। मौके पर जीतेंद्र सिंह, मुकेश गुप्ता उर्फ गुड्डा,, निशांत अनमोल, रवींद्र कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार, सूरज सोनी, रवींद्र कुमार सिंह, धर्मेंद्र वर्मा, सूरज सोनी, गुड्डू मंडल, राजू शर्मा, रवींद्र कुमार, राकेश

# आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

### अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सभी बूथों का भौतिक निरीक्षण कर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटीज की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश



संवाददाता

**गिरिडीह :** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त निर्वाचन को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा को लेकर समाहरणालय सभागार कक्ष में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, निवार्ची पदाधिकारी 31 गांडेय, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, सहयोगी पदाधिकारी समेत निर्वाचन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, के. रवि कुमार ने लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव अंतर्गत औचक रूप से भौतिक निरीक्षण किया गया। 07 मतदान केंद्रों के अवलोकन के आधार पर मतदान केंद्रों में चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों, मतदाता सूची के अद्यतनीकरण, पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की स्थिति आदि का जायजा लिया गया। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी महोदय द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सभी बूथों का भौतिक निरीक्षण कर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटीज की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सभी मतदान केंद्रों पर रैंप, पर्याप्त रोशनी, बिजली, साइनेज, प्रवेश व निकास द्वार, पेयजल, शौचालय, फर्नीचर, हेल्प डेस्क आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ हीं मतदान को लेकर सभी मतदान केंद्र भवनों में आवश्यकता का आकलन कर मरम्मती, खिड़की, दरवाजे को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। साथ हीं सभी बूथों पर मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतनीकरण हेतु सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर के साथ बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप देने एवं नियमित तौर पर प्रगति की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया।

सभी बूथों पर एब्सेंट, शिफ्टेड या डेड वोटरों की बूथवार सूची को अंतिम रूप देने का व्यापक निर्देश दिया गया। इसके तहत सभी बीएलओ घर घर जाकर मतदाताओं के बीच पर्ची का वितरण सुनिश्चित कराएंगे। समीक्षा के क्रम में सभी संबंधित पदाधिकारियों को वोटर अवेयरनेस फोरम, इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब, रेसीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, बूथ स्तरीय अवेयरनेस ग्रुप आदि की नियमित बैठक कराते हुए मतदाता जागरूकता एवं इलेक्टोरल एजुकेशन का व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया। साथ हीं शहरी क्षेत्रों में उदासीनता को लेकर स्वीप एक्टिविटी के तहत व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ हीं जिले में आदर्श आचार संहिता का उचित अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। सोशल मीडिया साइट्स पर जिला प्रशासन हमेशा नजर बनाकर रखेंगे। किसी भी प्रकार का कोई भड़काऊ पोस्ट या अनावश्यक टिप्पणी न हो। सभी मतदान केंद्रों को बीएलओ से टैग करने का निर्देश दिया गया। सभी सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को ईवीएम कमीशनिंग संबंधी जानकारी उपलब्ध कराएं।

## गिरिडीह में नकली नोट के कारोबारी के घर एटीएस का छापा



### नोट गिनने की चार मशीनें बरामद

संवाददाता

**गिरिडीह :** झारखंड एटीएस की टीम ने फेक करेंसी के मामले को लेकर गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र में छापेमारी की। एटीएस की टीम ने बेंगाबाद थाना क्षेत्र के चपुआडीह पंचायत के मुंडहरी गांव निवासी मो जफरुल अंसारी के घर में रविवार को छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने जफरुल अंसारी के घर से नोट गिनने की चार मशीनें जब्त की है। हालांकि टीम के पहुंचने के पूर्व हीं जफरुल घर से भागने में सफल रहा। बताया गया कि झारखंड एटीएस को यह सूचना मिली थी कि गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मुंडहरी गांव से नकली नोट का धंधा जोर शोर से चल रहा है। इस सूचना पर एटीएस की टीम शनिवार देर रात गिरिडीह पहुंची और गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा से बात की। एटीएस की टीम ने गिरिडीह पुलिस के सहयोग से जफरुल अंसारी के घर में रविवार को छापेमारी की। छापेमारी में जफरुल के घर से नोट गिनने की मशीन बरामद की गई। हालांकि, छापेमारी की भनक लगते हीं अंधेरे का लाभ उठाकर जफरुल फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है।छापेमारी के दौरान भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

### अंबेडकर विचार मंच ने मनाई बाबा साहब की जयंती

**दुगदा :** अंबेडकर विचार मंच की ओर से दुगदा कोल वाशरी मोड़ स्थित प्रतिमा स्थल पर भारत रत्न डा० भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष मनोज कुमार रविदास व संचालन महादेव राम एवं प्रगति किरण ने किया। मुख्य अतिथि बोकारो सेल के जीएम एम के राजन ने बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब सभी वर्ग के प्रिय थे। वे सामाजिक समरसता के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने कहा कि सर्वजन के उत्थान के लिए व्याप्त कुरीतियों को उनके आदर्शों को अपनाकर ही दूर किया जा सकता है।बाबा साहब ने जीवन भर संघर्ष कर लोगों को अधिकार दिलाया। आज युवा वर्ग को उनके विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। उनके कर्मों व योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर अम्बेडकर विचार मंच के संयोजक विश्वनाथ दयाल, पूर्व मुखिया अर्जुन रजक, झामुमों नेता मो समीद, सुभाष चंद्र महतो, सी पी एम नेता इस्लाम अंसारी,क्रीस्टो रविदास, हुबलाल राम, मनोज कुमार तुरी, बीरू महतो, विरसा महतो, अब्बास खान, सी पी आई नेता मो हैदर अली, सत्यवती देवी ,पप्पू कुमार, ललित लहरे, अजय कुमार, रोहित दास, त्रिपुरारी राम, प्रेमचंद रविदास, रामदेव रविदास समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## सोमवार को श्रीमती कल्पना सोरेन करेंगी गांडेय विस उपचुनाव के लिए नामांकन

### सुबे के मुख्यमंत्री सहित कई मंत्री व इंडी गठबंधन के कई नेता रहेंगे मौजूद



संवाददाता

**गिरिडीह :** इंडी गठबंधन से गांडेय विधानसभा उपचुनाव की प्रत्याशी श्रीमती कल्पना सोरेन सोमवार को नामांकन का पर्चा दाखिल करेगी। रविवार की शाम को कल्पना सोरेन हेलीकॉप्टर से गिरिडीह पहुंचेगी और उत्सव उपवन रिसोर्ट में ठहरेंगी।

उक्त जानकारी झामुमो जिला अध्यक्ष संजय सिंह और सचिव महालाल सोरेन ने रविवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी। इस दौरान प्रेसवार्ता में जेएमएम नेता अजीत कुमार पप्पू, अभय सिंह, टुन्ना सिंह, दिलीप मंडल समेत कई नेता मौजूद थे। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया की सोमवार को नामांकन से पहले कल्पना सोरेन शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल में पूजन और दर्शन के लिए जाने वाली थी, लेकिन उनके चाचा ससुर के निधन और सनातन धर्म के छुतका लगने के कारण अब कल्पना सोरेन उत्सव उपवन से निकलकर पपराटांड स्थित समाहरणालय पहुंचेगी।

जहां गांडेय उपचुनाव के लिए उप निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति अधिकारी गुलाम समदानी के समीप नामांकन का पर्चा दाखिल करेगी। इस दौरान सुबे के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और मंत्री बसंत सोरेन समेत कई उनके साथ मौजूद होंगे। बताया कि नामांकन के बाद पपराटांड़ में इंडी गठबंधन के द्वारा जनसभा का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्यमंत्री सहित चंपाई सरकार के कई मंत्री और इंडी गठबंधन के तमाम नेताओं द्वारा संबोधित किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभा के माध्यम से मतदान की अपील के साथ हीं मोदी सरकार की नाकामी और उनके द्वारा सांप्रदायिक माहौल खराब करने की भूमिका से जनता को अवगत करायेंगे। जिला अध्यक्ष ने बताया कि जनसभा के माध्यम से खुद कल्पना सोरेन और सीएम द्वारा जनता को आगाह किया जाएगा कि मोदी सरकार ने झारखंड में कैसे पीएम आवास योजना के फंड को रोका है। जिसके कारण राज्य के 22 लाख लाभुको को पक्का मकान तक नहीं मिला है।

## आरसीएमयू के कथारा क्षेत्रीय सचिव के अनुज का निधन



**कथारा :** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कथारा क्षेत्रीय सचिव, वरीय समाजसेवी सह बेरमो विधायक प्रतिनिधि विल्सन फ्रांसिस उर्फ बबलू फ्रांसिस के छोटे भाई 40 वर्षीय राजेश फ्रांसिस का रविवार को आकस्मिक निधन होने से क्षेत्र में शोक की लहर है। बता दें कि शनिवार की शाम राजेश फ्रांसिस की अचानक तबीयत काफी बिगड़ गई थी। जिन्हें तत्काल इलाज के लिए परिजनों एवं स्थानीय लोगों की मदद से सीसीएल के कथारा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया था। जहां चिकित्सकों ने राजेश फ्रांसिस को मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस दुखद घटना पर बेरमो विधायक कुमार जयमंगल, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक डॉ० लंबोदर महतो, कथारा जीएम दिनेश कुमार गुप्ता, श्रमिक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह, सुबोध सिंह पवार, सहित जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि, पत्रकारों, अधिकारी वर्ग सहित अन्य लोगों ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। रविवार की दोपहर तक राजेश फ्रांसिस के पार्थिव शरीर को कथारा असनापानी स्थित ईसाई कब्रिस्तान में मिट्टी दी गई। ज्ञात हो कि विल्सन फ्रांसिस श्रमिक नेता के साथ बड़े समाजसेवी के रूप में प्रचलित हैं। उनके छोटे भाई के आकस्मिक निधन की सूचना पाकर उन्हें ढ़ाढस बंधाने के लिए उनके घर पर लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई।

### कलश यात्रा के साथ श्री रामचरितमानस नवाहन परायण यज्ञ शुरू

**कथारा :** जारंगडीह में रविवार को जल यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्री श्री रामचरितमानस नवाहन परायण यज्ञ का शुभारंभ किया गया। जल यात्रा जारंगडीह यज्ञ स्थल से आरम्भ किया गया, जो दामोदर नदी तट पर पहुंची। जहां मुख्य आचार्य पुरेन्द्र जी महाराज और सहयोगी पुरोहित कपिल देव पांडे के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा कर विधि विधान से कलशों में जल भरा गया। जिस दौरान जय श्री राम की गगनभेदी जयकारे से जारंगडीह का माहौल भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। कलश यात्रा में दोनों ओर से पंक्ति बद्ध होकर चलना श्रद्धालु महिला भक्तों का मनोरम दृश्य प्रस्तुत कर रही थी। वहीं कलश यात्रा में मुख्य रूप से बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी शामिल हुई। मौके पर यज्ञ कमेटी ने बताया कि नौ दिवसीय श्री श्री रामचरितमानस नवाहन परायण यज्ञ में विभिन्न क्षेत्रों से पधारे रामकथा के विद्वान अपनी ओजस्वी वाणी से रामकथा का रसपान करायेंगे। साथ हीं यज्ञ कमेटी ने जारंगडीह वासियों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में श्रोतागण प्रत्येक दिन संध्या बेला में पहुंच कर प्रवचन सुने।

## महावीर क्लब रेस्ट हाउस कॉलोनी में माता जागरण, झूमे श्रद्धालु



संवाददाता

**फुसरो :** चैती छठ एवं रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य पर शनिवार की रात्रि महावीर क्लब रेस्ट हाउस कॉलोनी करगली गेट के द्वारा माता जागरण कराया गया। यहां सर्वप्रथम माता रानी का ज्योत पूर्व वार्ड पार्षद रश्मि सिंह, आयोजक अजय कुमार रवानी, चीकू सिंह, रविन्द्र तिवारी, टुनटुन तिवारी आदि ने लाया। इसके पश्चात माता जागरण में हाजरी लगाने के लिए धनबाद की लक्ष्मी राज, सोनी श्रीवास्तव, बोकारो के मुरारी पाठक, फुसरो के अनीश सिंह भोजपुरिया, जीतेन कुमार, जुगनू ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को खूब झुमाया। भजन गायक अनीश सिंह भोजपुरिया और गायिकाओ में लक्ष्मी राज, सोनी श्रीवास्तव ने 'तुम्हे प्रथम पुकारू आज गजानन्द आ जायो..., धोवत-धोवत तोहरी मन्दिरवा ..., स्वागतम मईया तेरा स्वागतम मईया..., गणपति आयो बाबा रिद्धि सिद्धि लायो गजानन्द आयो रिद्धि सिद्धि लायो..., माई तोहरी चुंदरी बा लाल लाल रे.., जोड़े जोड़े सुपवा तोरे चढ़इबो ना ..., लेके पूजा के थाली में ज्योत मन की जलाली तेरी आरती उतारू भोली माँ..., मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है..., श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम लोग करे मीरा को युही बदनाम..., सहित अनेको भजन प्रस्तुत किए। साथ हीं रांची की बहुत ही प्यारा झाँकी रविन्द्र के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महावीर क्लब के विक्की यादव, दीपक यादव, विशाल रवानी, सुजल रवानी, रोशन रवानी, आयुष पासवान, रितिक कुमार, प्रिंस कुमार, अमृत कुमार, श्रुति कुमारी, जीविका कुमारी, मिस्टी कुमारी, देवेंद्र ठाकुर, मदन बर्नवाल, धनेश्वर महतो, नागेश्वर भारती, सुनील सिंह सहित आदि लोगों का योगदान रहा।

## एसडीओसीएम में मनाया गया सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस



### उत्खनन परिसर में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सुरक्षा मानकों के पालन का लिया गया संकल्प

संवाददाता

**बेरमो ।** सीसीएल ढ़ोरी प्रक्षेत्र के एसडीओसीएम के उत्खनन परिसर में रविवार को विश्व कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि परियोजना पदाधिकारी शैलेश प्रसाद ने झंडोत्तोलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सुरक्षा अधिकारी रवि कुमार ने कोयला कर्मियों को सुरक्षा मानकों के पालन के लिए शपथ दिलाई। पीओ शैलेश प्रसाद ने कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि आईएलओ के आदेश पर प्रस्तावित 28 अप्रैल को वर्ल्ड सेफ्टी और डे हेल्थ दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। हमें काम के दौरान सुरक्षा मानकों का पूरा पालन करने के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य के लिए भी सजक रहना चाहिए। इस अवसर पर एसओ एक्स यू के पासवान, मैनेजर उपेंद्र कुमार व आर के गुप्ता, एसओ ईएंडएम इंजीनियर उज्जवल कुमार सहित रवि शंकर ठाकुर, मो. कलीमुद्दीन, रवि साहनी, सुशील सिंह आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# एसडीएम ने किया अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश



संवाददाता

**बेरमो :** बेरमो एसडीएम अशोक कुमार रविवार को फुसरो स्थित अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान जीएनएम गीता कुमारी ने सारी स्थिति की जानकारी दी। एसडीएम की आने की खबर मिलते हीं रविवार के दिन ड्यूटी में लगे डॉ० श्रुति सरकार सहित डॉ० नवीना बारला अस्पताल पहुंची और अस्पताल की सारी जानकारियां दी। इस दौरान एसडीएम ने मरीजों को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। एसडीएम ने डॉक्टर और स्टाफ को निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया कि मरीजों की प्राथमिकता से उपचार प्रदान करें। साथ हीं उनको समय पर दवाईयां उपलब्ध कराई जाय। उन्होंने कहा कि सभी तरह की जांच समय पर होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल में तैनात अधिकारियों की उपस्थिति के लिए रजिस्टर चेक किया। इसके बाद उन्होंने आपातकालीन वार्ड में तैनात स्टाफ व नर्सों से बात की। मरीजों के हाल चाल को जाना। अधिकारियों को सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके बाद अस्पताल में सफाई व्यवस्था, शौचालय, पेयजल सप्लाई का जायजा लिया। औषधि भण्डार कक्ष में पहुंच कर रिकार्डों को देखा और दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली तो वह ठीक पाया गया। अस्पताल स्टाफ को एसडीएम ने समय पर आने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर सहित सभी कमरों की बेहतर सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके बाद एसडीएम ने भ्रमण करके ओपीडी कक्ष, पर्ची काउण्टर पर मरीजों का हाल चाल जाना। उन्होंने सख्त लजहे में कहा कि अस्पताल में लापरवाही मिलने पर कर्मचारियों के खिलाफ कारवाई होगी। एसडीएम श्री कुमार ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में किसी भी आपातकालीन स्थिति के निपटारे को लेकर औचक निरीक्षण किया गया है। अस्पताल पहुंचने पर डॉ० श्रुति सरकार का सुबह 9 बजे संध्या 6 बजे तक की ड्यूटी होने के बावयूद अनुपस्थित थीं। बताया कि अस्पताल में कोई बड़ी खामी नहीं पाई गई। व्यवस्था में ज्यादा सुधार लाने के लिए आदेश दिए गए हैं। बोकारो उपायुक्त को रिपोर्ट भेजी जायगी।

## भाजपा ने कंपनियों से चंदा लेकर जनता को लूटने की दी छूट : राजेश

### लेदा में जन संपर्क कर घर-घर से चुनावी कोष में सहयोग करने और विनोद सिंह को जिताने की अपील



संवाददाता

**गिरिडीह :** भाकपा माले ने सदर प्रखंड के लेदा में जन संपर्क अभियान चलाकर कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह को जिताने और इसके लिए घर-घर से चुनावी संघर्ष कोष में ?20 सहयोग देने का भी आह्वान किया गया। लेदा में जन संपर्क अभियान की अगुवाई पार्टी नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि कोडरमा में सर्वाधिक बार भाजपा के हीं सांसद होने पर भी पूरा लोकसभा का क्षेत्र उपेक्षित है।

जनता के ज्वलंत सवालों का भी समाधान नहीं हो सका। सांसद मद भी पूरा खर्च नहीं हो पाता। माले नेता ने लेदा के लोगों से इंडिया प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह को जिताने और इसके लिए चुनावी संघर्ष कोष में भी प्रत्येक घरों से 20 रुपया सहयोग देने की अपील की। इस पर मौजूद लोगों ने सर्वसम्मति से विनोद सिंह के लिए सहयोग और मतदान करने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### बूथ अध्यक्ष, बूथ के सचिव एवं बूथ के बीएलए 2 की बैठक संपन्न



**धनबाद ।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर मनईटांड़ मंडल के शक्ति केंद्र 30 अ के सभी बुथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र के संयोजक, प्रभारी, सहसंयोजक, बुथ संख्या 324, 325, 326, 327, 328, 329, 330, 331, 332 के बुथ अध्यक्ष, बुथ के सचिव, एवं बुथ के बीएलए 2 की बैठक संपन्न हुई। जिसमें आगामी 30 अप्रैल को बाघमारा के विधायक, भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नॉमिनेशन एवं जनसभा की चर्चा की गई। ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थिति हो इस पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश राही, मंडल अध्यक्ष मौसम सिंह ,शक्ति केंद्र के प्रभारी एवं जिला मीडिया सह प्रभारी चंद्रशेखर मुन्ना, शक्ति केंद्र के संयोजक काशी दास, सोना रजक, शंकर चौहान आदि उपस्थित हुए।

### स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए 63 एसएसटी का गठन

**धनबाद ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए 63 स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) का गठन किया है। इसमें धनबाद, झरिया व बाघमारा में 12 - 12 तथा सिंदरी, निरसा एवं टुंडी विधानसभा क्षेत्र में 9 - 9 टीम तीन शिफ्ट में चौबीसों घंटे कार्यरत रहेगी। एसएसटी टीम अपने क्षेत्र में अवैद्य शराब, रिश्वत की वस्तु, भारी मात्रा में नगदी, हथियार एवं गोला-बारूद को लाने एवं ले जाने तथा असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर नजर रखेगी। वहीं जांच की सम्पूर्ण प्रक्रिया की विडियोग्राफी विडीयो सर्विलांस टीम (वीएसटी) करेगी। एसएसटी के वरीय प्रभार में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद व अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक नोडल पदाधिकारी रहेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि धनबाद में 29 अप्रैल 2024 को अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई, 7 मई को नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी तथा 9 मई को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी। 25 मई 2024 को मतदान, 4 जून को मतगणना तथा 6 जून 2024 को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

### बूथ संख्या 124, 125 व 126 के पास से हटाया गया अतिक्रमण

**धनबाद ।** स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न कराने तथा बूथ के आसपास सुरक्षा के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्तके निर्देश पर मतदान केंद्रों के पास अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। बरमसिया पुल के पास बूथ संख्या 124, 125 और 126 के आसपास अस्थाई अतिक्रमण को अंचल अधिकारी धनबाद सह एईआरओ शशिकांत सिंकर की देखरेख में हटाया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान दंडाधिकारी और धनबाद थाना की पुलिस मौजूद थी। इस संबंध में श्री सिंकर ने बताया कि मतदान केंद्र संख्या 124, 125 और 126 के आसपास अस्थाई संरचना बनाकर अतिक्रमण किया गया था। जिसे आज हटाया गया है। लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराने के उद्देश्य से मतदान केंद्रों के आसपास किसी तरह का अस्थाई निर्माण वर्जित है।

### एसएनएमएमसीएच अस्पताल मे भोजन वितरण किया

**धनबाद ।** सेवा और समर्पण संस्था के सदस्यों ने अस्पताल मे परेशान लाचार मरीजों के परिजनों को भोजन वितरण किया। दर्जनों सदस्यों ने एसएनएमएमसीएच अस्पताल पहुंचकर दलिया एवं अन्य नाश्ता का सामान लेकर परिजनों को वितरण किया। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष काजल झा मित्रा ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रत्येक सप्ताह में दो दिन शनिवार और मंगलवार को करने का निर्णय लिया गया है। अगर समाज सेवियों का सहयोग मिलता रहा तो कार्यक्रम चलता रहेगा। उक्त कार्यक्रम में रुमा जी, सोनी वर्मा, मीता जी , मिताली जी ,सपोर्ना जी ,अनिशा दास, विमल जी, राव जी, रजनी जी, उषा जी, चैताली जी, मृदुला जी, पंकज वर्मा, सुकृति वर्मा, मनीषा सिंह आदि उपस्थित थे।

### बच्चों का निवाला लूट रहे चोर, गोदाम से 30 क्विंटल चावल गायब

**धनबाद ।** धनबाद के बाघमारा प्रखंड शिक्षा विभाग में बच्चों के निवाला पर डाका डाला गया है। झारखण्ड सरकार एमडीएम योजना के माध्यम से सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को चावल उपलब्ध करवा कर उन्हें भोजन देने का काम भी कर रही है। बच्चों के निवाला चोर या विभागीय कर्मियों ने अपना पेट भरने का काम किया है। बाघमारा प्रखण्ड शिक्षा विभाग के चावल गोदाम से लगभग 30 क्विंटल चावल गायब है। अब इसे लेकर विभाग ने चोरी होने की शुरूआती जांच के लिए थाना में लिखित शिकायत की है। जबकि प्रखण्ड उप प्रमुख ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर गोदाम की जांच की तो खिड़की अंदर से तोड़ने का सबूत पाया। जिसके आधार पर उप प्रमुख व पंचायत समिति सदस्य इसे घपला बता रहे हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने नामांकन को लेकर किया मॉक ड्रिल

# भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा सीट के लिए 29 अप्रैल से होने वाले नामांकन की तैयारी को लेकर को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निदेशानुसार समाहरणालय में मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक एच.पी.जनार्दनन मौजूद रहें। मॉक ड्रिल के दौरान 100 मीटर की परिधि से लेकर नामांकन दाखिल तक की सभी गतिविधियों का सुचारू अभ्यास किया गया। डमी कैंडिडेट के रूप में नामांकन की प्रक्रिया भी कराई गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रत्याशी के नाम निर्देशन पत्र हेतु एक प्रस्तावक होना चाहिए, जबकि निर्दलीय प्रत्याशी के लिए 10 प्रस्तावक होने चाहिए। उन्होंने बताया कि सामान्य के लिए 25 हजार रुपये जमानत राशि चुनाव लड़ने के लिए सामान्य जाति के प्रत्याशियों को 25 हजार रुपये जमानत राशि तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए 12 हजार 500 रुपये निर्धारित की गई है। एक प्रत्याशी अधिकतम चार नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे लेकिन जमानत राशि प्रथम नामांकन पत्र के साथ ही जमा करनी होगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ड्यूटी पर तैनात सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस फोर्स को ब्रीफ करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि ड्रॉप गेट पर अनुमंडल पदाधिकारी एवं धनबाद अंचलाधिकारी मजिस्ट्रेट पुलिस फोर्स के साथ तैनात रहेंगे। आरओ कक्ष के बाहर तोपचांची अंचलाधिकारी एवं एग्यारकुण्ड बीडीओ मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात रहेंगे। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन, अस्थाई शौचालय, पीने का पानी, बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी, बिजली, साफ-सफाई, पार्किंग, बैरिकेटिंग,यातायात की समुचित व्यवस्था समेत आदर्श आचार संहिता को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## अनुभूति एक एहसास का छठवां ऑल इंडिया संस्कृत फेस्टिवल और कंपीटीशन संपन्न



संवाददाता

**धनबाद ।** अनुभूति एक एहसास का छठवां ऑल इंडिया संस्कृत फेस्टिवल एवं कंपटीशन धनबाद स्थित रेलवे स्टेडियम में रविवार को संपन्न हुई। इसका उद्घाटन झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सेक्रेटरी वैभव सिन्हा, काला हीरा के निदेशक राजेंद्र प्रसाद, द क्लब इंडिया के निदेशक संतोष रजक, आकाश सिंह, संजय चंद्रा एवं अनुभूति एक एहसास के सेक्रेटरी सरसी चंद्र के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का आरंभ श्रुति चंद्र के द्वारा मनमोहक शिव वंदना की प्रस्तुति के साथ हुआ। इसके बाद स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सिंगल ड्यूल और ग्रुप में मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य एवं गीत प्रस्तुति के जरिए सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के समापन के पूर्व अनुभूति एक एहसास के बच्चों द्वारा नारायण के 10 अवतार का दर्शन नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। जिसे काफी पसंद किया गया। कार्यक्रम के समापन पर समस्त कलाकारों, दर्शकों, अभिभावकों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन आकाश सिंह के द्वारा किया गया।

## टाटा स्टील की आयरन ओर माइंस ने जीते 10 पुरस्कार, 31 माइंस ने लिया था भाग



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** टाटा स्टील की नोआमुंडी आयरन माइन और विजया- 2 आयरन माइन ने शनिवार को रांची में भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम) के तत्वावधान में आयोजित 30 वें खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण सप्ताह, 2022-23 के अंतिम दिन 10 पुरस्कार जीते। इस दौरान नोआमुंडी आयरन माइन को ए-1 ग्रुप ऑफ माइंस में विजेता घोषित किया गया। इसी तरह माइंस को तीन अन्य श्रेणियों खनिज, संरक्षण, माइंस बेनिफिसिएशन और सतत विकास में विजेता घोषित किया गया। इसके अलावा ए-1 ग्रुप के तहत वनीकरण और पुनर्ग्रहण एवं पुनर्वास श्रेणी में उपविजेता का पुरस्कार नोआमुंडी आयरन माइन को प्रदान किए गए। साथ ही विजया-2 आयरन माइन को व्यवस्थित और वैज्ञानिक खनन में विजेता घोषित किया गया। वहीं दो श्रेणियों- वेस्ट डंप मैनेजमेंट और प्रचार तथा प्रसार में ए-1 समूह में उपविजेता घोषित किया गया। टाटा स्टील ने स्टॉल डिस्प्ले में प्रथम पुरस्कार जीता। जिसे खदानों और पर्यावरण के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के लिए लगाया गया था। टाटा स्टील के अधिकारियों ने आईबीएम के पूर्वी क्षेत्र के मुख्य अतिथि खान नियंत्रक शैलेंद्र कुमार से पुरस्कार प्राप्त किए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 75 पुरस्कार दिए गए। जिसमें राज्य भर की 31 माइंस ने भाग लिया था। इस अवसर पर आईबीएम के क्षेत्रीय खान नियंत्रक सलिल संदीप कुजूर, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के निदेशक संजीव कुमार सिंह, टाटा स्टील के जीएम (ओएमक्यू) अतुल कुमार भटनागर, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के. गुआ, आयरन माइन के चीफ जीएम (सीजीएम) कमल भास्कर, किरीबुरू सेल आयरन माइन के सीजीएम कमलेश राय, हिंडाल्को के जीएम आरआर अंबष्ठ, हिंडाल्को के जीएम बासुदेव गंगोपाध्याय, टाटा स्टील नोआमुंडी आयरन माइन के चीफ डी विजयेंद्र समेत राज्य भर के विभिन्न खदानों के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का झरिया विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में संघन दौरा



संवाददाता

**धनबाद ।** धनबाद लोकसभा के इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह का झरिया विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में सघन दौरा हुआ एवं दौरा के क्रम में लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के क्रम में उन्होंने कतरास मोड़ में मजदूर नेता स्व० सूर्यदेव सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। उसके बाद में कतरास मोड़ स्थित झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के कार्यालय पहुंचकर स्वर्गीय नीरज सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पंडित जवाहर लाल नेहरू व जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। प्रत्याशी का बस्ताकोला में यात्री पासवान के घर के सामने जोरदार स्वागत किया गया। लक्ष्मीनिया मोड़ में किशन साहू पहलवान की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया गया। दौरा के क्रम में प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुख्तार खान के आवास पहुंचकर उनसे आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के क्रम में प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने कहा कि कोयलांचल सहित पूरे धनबाद लोकसभा क्षेत्र में भय और आतंक को खत्म करने के साथ धनबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए कल्याणकारी कार्यों को धरातल पर उतारना एवं विकास संबंधित कार्यों को करना पहली प्राथमिकता होगी। आगे उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के क्रम में लोगों का अपार स्नेह देखकर हमें विश्वास है कि कांग्रेस पार्टी धनबाद लोकसभा से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। निश्चित रूप से जीतने के बाद धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हुए उनके विश्वास पर खरा उतरेंगी। कार्यक्रम में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी, विक्रम यादव, नवीन सिंह, गणेश बहादुर, पार्षद हुलासो देवी, इरफान खान चौधरी, पिंटू, तुरी बाबू,अंसारी, सूरज वर्मा, महेंद्र पासवान, वीरेंद्र बहादुर, आनंद मोदक, टीपू साव, संतोष लाल, दीपक सिंह, आरिफ खान, मोहम्मद फैज, गौतम पासवान, मुनमुन सिंह, राजेश सिंह व बंटी राखी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## अशोक गुप्ता के नेतृत्व में एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो को समर्थन के साथ सम्मानित किया गया



संवाददाता

**धनबाद ।** नगर निगम धनबाद के निवर्तमान पार्षदों द्वारा पार्षद अशोक गुप्ता के नेतृत्व में एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो को समर्थन के साथ सम्मानित किया गया। समर्थन में सभी 35 पार्षदों ने लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को अत्यधिक वोटों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। ढुल्लू महतो ने सभी पार्षदों का धन्यवाद कर स्वागत किया और स्वागत के उपरांत सभी से भाजपा को वोट करने की अपील की। पार्षद मनोरंजन सिंह ने कहा कि धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ने सदैव गरीब गुरबों, मजदूरों और आम नागरिकों की सेवा और मदद करने का काम किया है। धनबाद में सभी तरह विकास होगा। हम सभी जनता गण ढुल्लू महतो को भारी मतों से विजयी बनाएंगे। वहीं प्रतिनिधि उच्चित महतो ने भारी मतों से मजदूर के मसीहा को ज्यादा से ज्यादा वोट करवाने का वादा किया। अंकेश राज उर्फ पप्पू साव ने कहा कि भाजपा ने इस बार एक युवा नेतृत्व को मौका दिया है, जो सभी वर्गों का विकास करने के लिये वचनबद्ध हैं। लोगों का प्यार और अपनापन बहुत मिल रहा है। वही पार्षद अंदिला देवी ने महिलाओं को सम्मान और उनके द्वारा किये गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए महिलाओं को भी घर घर से निकल कर वोट दिलाने का वादा किया। पार्षद सुमन अग्रवाल ने महिलाओं के लिए मोदी जी के द्वारा किये गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए ढुल्लू महतो के पक्ष में सभी को वोट दिलाने का वादा किया। सभी पार्षदों के संबोधन और समर्थन के बाद ढुल्लू महतो ने धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

### धनबाद मंडल ने चलाया विशेष टिकट चेकिंग अभियान

**धनबाद ।** धनबाद मंडल में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में धनबाद स्टेशन पर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में टिकट चेकिंग के साथ- साथ मंडल के विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग की गई । इस दौरान की गई चेकिंग में 168 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के दौरान कुल 1564 यात्रियों को पकड़ा गया एवं उनसे 07 लाख 98 हजार 205 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई। इस अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों को पकड़ा गया एवं उनसे जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया।

## पहाड़ के ऊपर बसा एक गांव, जहां आज तक एक भी नहीं बना शौचालय


संवाददाता

**धनबाद ।** टुंडी मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर सुदूर पश्चिमी क्षेत्र में पहाड़ के ऊपर बसा है एक गांव जिसे भेलवाबेड़ा के नाम से जानते हैं। कोलहर डोमनपुर मुख्य पथ में बाघमारा से बाएं तरफ दिख रहा पहाड़ के ऊपर गांव बसा है।यहां लगभग एक किलोमीटर क्षेत्र में इधर उधर लगभग 45 घरों का यह गांव है, आबादी वहां के लोगों ने मिला जुलाकर 265 बताया। घर के पुरुष मजदूरी करने बाहर चले जाते हैं, महिलाए घर का काम काज सम्हालती है और घर की पूरी जिम्मेवारी भी उठाती है। जब वहां पहुंचे तो महिलाए एक साथ बैठकर कुछ चर्चा कर रही थी। इसी बीच उनको जोहार कर हाल चाल लेने लगा। धीरे धीरे महिलाए परिचय जानने के बाद खुलकर बातें करने लगी क्योंकि वहां की एक बहु जो टुंडी के करमा टांड़ गांव की थी,उसने जब जाना कि मैं टुंडी से हूं तो धीरे धीरे सभी महिलाएं खुलकर बात रखी।उनलोगो ने बताया कि यहां पानी की सबसे बड़ी समस्या है।पहाड़ के ऊपर पेय जल की समस्या आम बात है। रविंद्र मरांडी ने बताया कि यहां तीन चापानल हैं। दो तो पूरी तरह बंद हैं। तीसरे की भी स्थिति बदतर है। एक बाल्टी पानी भी नहीं निकलता है। ले देकर बहुत पुराना एक डांडी है जिससे पूरे गांव की प्यास बुझती है। बमुश्किल 3 फीट पानी रहता है अगर वो भी साथ छोड़ा तो पता नहीं क्या होगा ? सुंदरी देवी जो डांडी से पानी भर रही थी उसने कहा कि पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। इस गांव तक जाने का कोई रास्ता नही था। पहाड़ को जेसीबी से काट कर फिलहाल चलने लायक रास्ता बना दिया गया है। पूरे गांव तक पीसीसी रोड बनने की बात से ग्रामीण खुश हैं। बसंती हेंब्रम मोबाइल में व्यस्त थी जब उससे पूछा गया कि आपकी सबसे बड़ी समस्या क्या है तो उसने चौकाने वाली बात बताई। उसके अनुसार उसके गांव में अब तो रोड बन रहा है लेकिन जब वो शादी होकर यहां आई थी ।

चोरी के अवैध कोयलों से गुलजार हैं बाघमारा-कतरास के ईट भट्टे

# संचालक मिट्टी काट कर जमीन कर रहे बर्बाद





संवाददाता

**धनबाद ।** धनबाद, बाघमारा और कतरास में अवैध ईंट भट्ठों का संचालन बेखौफ हो रहा है। यहां दर्जनों अवैध ईंट भट्ठे चल रहे हैं। बाघमारा की मिट्टी बेहतर होने के कारण यहां की ईंटों की कोयलांचल में काफी डिमांड है। इस कारण यहां भट्ठों का संचालन अन्य क्षेत्रों से कहीं अधिक है। इन ईंट भट्ठों में चोरी के अवैध कोयले से खूब ईंटें पकाई जा रही हैं। सिर्फ कतरास, बाघमारा हीं नहीं, बल्कि पूरे धनबाद जिले में यहां के भट्ठों में पकी ईंटें बिकने के लिए पहुंच रही हैं। रामकनाली के लालचक, फाटामाहुल, खपचाटांड, दास टोला सहित अन्य स्थानों पर वर्षों से बड़ी संख्या में अवैध चिमनी व बंगला ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। ईंट भट्ठे में चोरी का कोयला खपाया जा रहा है। नियम के खिलाफ जमीन की मिट्टी की खुदाई के साथ-साथ जंगल की भी कटाई की जा रही है। लेकिन शासन-प्रशासन ने इस पर अंकुश लगाने की दिशा में कोई पहल नहीं की है। बीसीसीएल से चोरी के कोयले का हो रहा उपयोग

**नियम के खिलाफ जमीन की मिट्टी की खुदाई के साथ-साथ जंगल की भी कटाई की जा रही है**

अधिकांश ईंट भट्ठों में बीसीसीएल के चोरी के कोयले का उपयोग किया जाता है। जानकारी के अनुसार कच्चे ईंटों को पकाने के लिए कई टन कोयले की आवश्यकता होती है। ऐसे में ईंट भट्ठों के संचालक रामकानाली, मोदीडीह, बुद्ध बाबू बंगला इलाके से बीसीसीएल के कोयले को साइकिल और बाइक से चोरी कर मंगवाते हैं। अवैध रूप से संचालित ईंटा भट्ठों के कारण लालचक, फाटामाहुल, खपचाटांड के जंगल को काफी नुकसान पहुचा रहा है।

बेखौफ काटे जा रहे पेड़, वायु प्रदूषण का खतरा बढ़ा

अवैध ईंट भट्ठा संचालकों द्वारा मिट्टी की आवश्यकता पूरी करने के लिए बड़े-छोटे पेड़ों को बेखौफ काटा जा रहा है।

## प्रयास इंडिया के वार्षिक उत्सव रैनबो 24 में खो खो, कबड्डी, बैडमिंटन, दौड़, खेलों का आयोजन



संवाददाता

**सिन्दरी ।** बीआईटी सिंदरी के छात्रों द्वारा संचालित संस्था प्रयास इंडिया के वार्षिक उत्सव रेनबो 24 का आगाज रविवार को सुबह 5:30 बजे डीयूसी ग्राउंड में ' खेलो इंडिया खेलों ' के साथ हुआ। जिसका उद्घाटन डॉ० घनश्याम ने किया। प्रतिस्पर्धा में खो खो, कबड्डी, बैडमिंटन, दौड़, जलेबी दौड़ जैसे कई खेलों का आयोजन किया गया जिसमें बच्चो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। डॉ० घनश्याम ने खेल के महत्त्व के बारे में बताया। उन्होंने ध्यानचंद का उदाहरण देते हुए बच्चों का मनोबल बढ़ाया और सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि बच्चों में खेल भावना का विकास करना उनके सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रयास इंडिया के स्वयंसेवकों, बच्चों, प्रयास इंडिया के पूर्व छात्र रवि व अभिषेक ने अपना योगदान दिया।

## सुभाषितम्

**भविष्य केवल उनका है जो सपनों की सुंदरता में यकीन करते है।**

**- एलेअनोर रूजवेल्ट**

# शांत नहीं हुआ मणिपुर

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान हिंसा हुई। मतदान के बाद भी हिंसा जारी है। मतदान खत्म होने के 6 घंटे बाद ही कुकी उग्रवादियों ने रात करीब 12 बजे मोइरंग थाने के नारायण सेना गांव में सीआरपीएफ की 128 बटालियन के शिविर पर हमला कर दिया। ढाई घंटे तक आमने-सामने की मुठभेड़ होती रही। सीआरपीएफ के चार जवान घायल हुए। दो जवानों की अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई। दो जवान घायल अवस्था में अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। इस मुठभेड़ में तीन उग्रवादी भी घायल हुए। मणिपुर में अभी तक सुरक्षा बलों के 12 से अधिक जवान शहीद हो चुके हैं। दोनों ही पक्षों के उग्रवादियों ने दर्जनों थाने के हथियार लूट लिए। केंद्र राज्य सरकार के प्रयास के बाद भी अभी तक यहां पर शांति स्थापित नहीं हो पाई। पिछले चार दशक में मणिपुर राष्ट्रीय विचारधारा से पूरी तरह जुड़ चुका था। राजनीति के चलते कुकी और मैतईं समुदाय के बीच में आरक्षण को लेकर सुनियोजित ढंग से अलगाववाद को बढ़ाया गया। राज्य सरकार और हाईकोर्ट के एक आदेश से सीमावर्ती राज्य मणिपुर पूरी तरह से न केवल अशांत हुआ, वरन प्रशासनिक संरक्षण के चलते कुकी समुदाय के सैकड़ों चर्च तोड़ दिए गए। महिलाओं की नंगी परेड निकाली गई। ईसाई और हिंदू धार्मिक ध्रुवीकरण का मणिपुर में जो खेल शुरू हुआ, वह तमाम कोशिशों के बाद भी शांत नहीं हो पा रहा है। कुकी और मैतई समुदाय के सेकड़ों लोगों की मौत हिंसक वारदातों में हो चुकी है। हजारों लोग शरणार्थी शिविरों में पिछले कई महीनों से रह रहे हैं। मणिपुर दो भागों में बट चुका है। कुकी और मेतई एक दूसरे के इलाकों में नहीं जा पा रहे हैं। वर्तमान मुख्यमंत्री वीरेन सिंह की अगुवाई में अलगाववाद का जो खेल खेला गया था, वह और मणिपुर के मुख्यमंत्री वीरेन सिंह दोनों ही बने हुए हैं। मुख्यमंत्री को लेकर दोनों पक्षों में नाराजगी है। दोनों पक्षों में शासन और प्रशासन का विश्वास पूरी तरह से खत्म हो चुका है। मेतई समुदाय मुख्यमंत्री वीरेन सिंह से नाराज है। उन्होंने जो वायदे मैतईं समुदाय से किए थे, वह उन्होंने पूरे नहीं किये। कुकी समुदाय और मेतई समुदाय के बीच हिंसा का वातावरण बनने से, दोनों ही समुदायों के लोग आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से परेशान हैं। इसका हल केंद्र सरकार नहीं निकाल पाई है। राज्य सरकार पर दोनों ही समुदायों को भरोसा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने जरूर कुछ निर्देश दिए थे, लेकिन उनका पालन भी मणिपुर की सरकार नहीं कर रही है। इस कारण मणिपुर की अशांति खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। दोनों ही समुदायों का वर्तमान मुख्यमंत्री और प्रशासनिक मशीनरी पर भरोसा नहीं रहा। प्रशासन नाम की कोई चीज मणिपुर में देखने को नहीं मिल रही है। मेतई समुदाय के इलाके में कुकी समुदाय के सरकारी कर्मचारी और अधिकारी नौकरी करने के लिए नहीं जा पा रहे हैं। इसी तरीके से मेतई समुदाय के सरकारी कर्मचारी और अधिकारी कुकी इलाकों में नहीं जा पा रहे हैं। इतने समय के बाद भी दोनों ही समुदाय के हजारों, शरणार्थी शिवरों में रहने के लिए बाध्य हैं। छोटे-छोटे बच्चे और महिलाएं शरणार्थी शिविरों में नारकीय जीवन जीने के लिए विवश हैं। स्कूल बंद है, कारोबार बंद है। पहली बार किसी राज्य में इस तरह की अशांत स्थिति इतने लंबे समय तक बनी रही है। लोग अपने ही राज्य में शरणार्थी के रूप में रह रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप करने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। सीमावर्ती राज्यों को लेकर जिस तरीके की उपेक्षा केंद्र सरकार द्वारा की जा रही है। यह चिंता की बात है। जल्द से जल्द और समय रहते मणिपुर में शांति स्थापित करने के लिए सुनियोजित और समग्र प्रयास नहीं किए गए, तो पूर्वोत्तर राज्यों में भारत सरकार को लेकर जो विश्वास पिछले 50 सालों में बना था, वह विश्वास टूटते देर नहीं लगेगी। भारत सरकार और भारत की न्यायपालिका को स्वयं संज्ञान लेकर मणिपुर के दोनों वर्गों के नागरिकों के बीच विश्वास कायम करने के लिए आगे आना होगा। यह विश्वास तभी कायम होगा जब वर्तमान मुख्यमंत्री वीरेन सिंह को मुख्यमंत्री के पद से हटाकर केंद्र सरकार मणिपुर को अपने नियंत्रण में ले। दोनों ही समुदाय का भरोसा शासन और प्रशासन पर बनाना होगा। बिना किसी राजनीति के कुकी और मेतई के बीच में समन्वय बनाने का प्रयास किए जाने पर ही मणिपुर शांत होगा। इसमें अब और विलंब किया गया तो इसके परिणाम बड़े घातक साबित हो सकते हैं।

## चिंतन-मनन

### धन का भार

पाटलिपुत्र में नाभिकुमार की गिनती सबसे संपन्न लोगों में होती थी। लेकिन अपार धन-संपत्ति होते हुए भी उन्होंने कभी दान नहीं दिया था। कई लोगों ने उन्हें इस बारे में कहा था पर उन्होंने ध्यान नहीं दिया। एक रात उनके घर चोर ने सेंध लगाई। उसने सावधानी से घर का कीमती सामान एकत्र किया और उसकी एक बड़ी पोटली बनाई। पोटली सिर पर रखते ही वह गिर गई और आवाज होते ही नाभिकुमार की आंखें खुल गईं।

वह चोर के पास आए और पोटली उठाने में उसकी मदद करने लगे। चोर को डर से कांपते हुए देखकर नाभिकुमार ने उससे कहा-डरो मत, तुम यह सब ले जा सकते हो। मगर तुम भी मेरे ही जैसे लगते हो। मैंने भी अपने जमा धन से किसी और के लिए कुछ नहीं निकाला। इसलिए मेरा धन भी मुझ पर भार की तरह है। अगर तुम भी मेरी तरह नहीं करते और पोटली में से थोड़ा सामान निकाल लिए होते तो तुम्हारे लिए इसे उठाना आसान हो जाता। खैर, तुम अब यह सामान ले जा सकते हो। चोर यह सुनकर दंग रह गया।

उसने प्रायश्चित करने के उद्देश्य से कहा- आप यह सब वापस ले लीजिए और मुझे क्षमा कीजिए। नाभिकुमार ने कहा- तुम्हें एक ही शर्त पर क्षमा किया जा सकता है। तुम इसमें से कुछ धन ले लो और कोई काम-धंधा शुरू कर दो। इस प्रकार मेरा धन परोपकार के काम में लग जाएगा और तुम्हारा जीवन भी सुधर जाएगा। चोर ने वैसा ही किया। नाभिकुमार उस दिन से हर किसी की सहायता करने लगे।

## आज का राशिफल

**मेष :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**वृष :** विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**मिथुन :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें।

**कर्क :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे।

**सिंह :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है।

**कन्या :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**तुला :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**वृश्चिक :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**धनु :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें।

**मकर :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगे।

**कुंभ :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**मीन :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

# जीवन में रामत्व



ऋचा सिंह

श्रीराम को सनातन धर्म में विष्णु का अवतार माना गया है। लोग उनको भगवान और आराध्य मान कर पूजा-अर्चना करते हैं। लेकिन जब हम राम के सम्पूर्ण जीवन का अवलोकन करते हैं तो पाते हैं कि राम केवल पूजा के विषय नहीं हैं, वह अनुकरणीय हैं हर स्थिति काल में जीवन को दिशा प्रदान करने वाले प्रेरणा पुंज हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि राम ने स्वयं को एक राजा और भगवान के अवतार के रूप में नहीं अपितु जननायक के रूप में स्थापित किया। हम उनके संपूर्ण जीवन में देखते हैं कि कैसे उन्होंने कठिन स्थितियों में भी मर्यादा के नूतन आयाम स्थापित किए। राजकुल में जन्म लेने के बाद भी राम ने अपना जीवन राजसी वैभव में नहीं बिताया। उनका बाल्यकाल आश्रम में व्यतीत हुआ, गुरुकुल में वह राजकुमारों की भांति नहीं अपितु सामान्य बालकों की भांति अपने और आश्रम के सारे कार्य करते थे। जब वह युवा हुए और राज्याभिषेक का समय आया तो उन्हें पिता के वचन के लिए वनगमन करना पड़ा। राम का जीवन मानवीय संबंधों के मार्गदर्शन में प्रेरणा देता आया है जिसके कारण वह लोक चेतना और परम्परा में सदैव जीवंत रहते हैं।

जो लोक में व्याप्त है वह कालजयी है, वही सर्वमान्य है, वही अनुकरणीय है, वही वंदनीय है। लोक परंपरा में भी हम पाते हैं कि जन्मोत्सव, विवाह, हवन, कीर्तन, मांगलिक आयोजन आदि में महिलाएं जो मंगल गीत गाती हैं उसमें भी राम का नाम और उनका संबंध मूल्य ही समाहित है। ऐसे मयार्दा पुरुषोत्तम राम जो लोक के मन में हैं, जो जन-जन के हृदय में बसते हैं। देखें तो राम ही त्योहार हैं, उल्लास हैं, उत्सव हैं, भक्ति हैं, शक्ति हैं, पूजा हैं, ज्ञान हैं, प्रेरणा हैं और जीवन के प्रकाश स्तम्भ हैं। राम केवल जन-जन की भावना नहीं या सनातन धर्म को मानने वालों की आस्था का केंद्र नहीं बल्कि भगवान राम तो जीवन जीने का तरीका है। फिर चाहे वह संबंध मूल्यों को निभाना हो, धर्म के मार्ग पर चलना हो या फिर अपने दिए हुए वचन को पूर्ण करने के साथ कर्त्तव्य का निर्वहन हो। राम सिर्फ कहने में ही मर्यादा पुरुषोत्तम नहीं है बल्कि हर मायने में वह एक उत्तम और आदर्श पुरुष है वह जीवन के मार्ग को प्रशस्त करने वाले प्रकाश हैं। राम के जीवन आदर्शों को अनुकूल स्थिति में अपने आचरण में लाना जीवन को सरल और सहज बनाता है। राम का जीवन आदर्श, नैतिकता और व्यवहार का उच्चतम मापदंड है जो हर स्थिति में प्रासंगिक है। गुरु-शिष्य, राजा-प्रजा, स्वामी-सेवक, पिता-पुत्र ,पति -पत्नी, भाई-भाई, मित्र-मित्र के आदर्शों के साथ धर्म नीति, राजनीतिक,अर्थनीति के साथ सत्य, त्याग, सेवा, प्रेम, क्षमा, शौर्य, परोपकार, दान आदि मूल्यों का सुंदर समन्वित आदर्श रूप राम के संपूर्ण जीवन में समय-समय पर देखने को मिलता है। राम के जीवन के पुरुषोत्तम होने की विशेषताओं का संदर्भ रामायण में अनेक स्थानों पर देखने को मिलता है, जिसका जीवन में अनुकरण करने पर समरसता पूर्ण समन्वित और खुशहाल व्यक्तित्व का निर्माण होता है। राम का जीवन इतना अद्भुत और विशाल है कि उनके जीवन के प्रसंगों को बार-बार देखने और सुनने से भी मन नहीं भरता।

आज ज्ञान, विज्ञान, तकनीकी ने कितनी भी प्रगति कर ली हो लेकिन जब व्यक्ति भावनात्मक रूप से खुद को कमजोर पाता है तब वह श्रीराम के जीवन आदर्शों में ही समाधान ढूंढने का प्रयास करता है। राम तो प्रभु का अवतार थे लेकिन जब उन्होंने भी मानव शरीर में धरती पर जन्म लिया तब उन्हे भी सामाजिक, पारिवारिक, सांसारिक बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन राम ने हर स्थिति में स्थित प्रज्ञ होकर कभी मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया, उनके जीवन में यह विशेष और अनुकरणीय है । राम का जीवन हर मानव के हृदय में मन मस्तिष्क में इसलिए बसा हुआ है क्योंकि उनकी कथाएं लोक में व्याप्त हैं। हजारों वर्षों से राम कथा का जतन एवं संवर्धन कलाओं के माध्यम से, गीतों के माध्यम से, मंचन के माध्यम से आम जनमानस के बीच होता रहा है। देखा जाए तो लोक संस्कृति के विभिन्न प्रकारों में रामायण प्रदर्शित होता है जिसमें अपनी भिन्न भिन्न परंपराएं ,अपनी विशिष्ठ वेशभूषा, भाषा के साथ जनजीवन के कई आयाम देखने को मिलते हैं। जिससे जनमानस अपने आप को समृद्ध करता आया है। लोकमंगल की भावना में भी राम के जीवन की अनंत कहानियों द्वारा बच्चों में मूल्यों को रोपित करने की परम्परा चली आ रही है। राम केवल लोगों की भावनाओं में समाए हुए देव नहीं है जिनके प्रति सिर्फ आस्था रखकर पूजा किया जाय बल्कि राम सही मायने में उत्तम पुरुष हैं जो हमें जीवन जीना सिखाते हैं। हम देखें तो राम का जीवन ही ऐसा है जो जनमानस से रिश्ता जोड़कर रखता है।

श्रीराम के लिए समाज के सभी वर्ग समान थे, उनके लिए कोई छोटा या बड़ा नहीं था जैसा हम उनके जीवन में पाते हैं कि निषाद राज , केवट, शबरी माता, जटायु बानर सेना इसके उदाहरण हैं। उनके राज्य में सभी वर्गों में समानता और समान अवसर प्राप्त थे सभी को अपने विचार अभिव्यक्त की स्वतंत्रता प्राप्त थी। राम ने समाज के प्रत्येक वर्ग को आपस में जोड़कर रखने का संदेश दिया उन्होंने प्रेम, भाईचारे का संदेश दिया। राम का व्यक्तित्व ऐसा था जहां प्रेम और विश्वास में भीलनी माता शबरी अपने राम के लिए चख कर मीठे बेर एकत्र करती थीं। इस आस में कि भक्ति और प्रेम के भूखे उनके राजा राम एक दिन उनकी कुटिया में अवश्य आयेंगे। राम प्रेम के जूठे बेर ग्रहण कर ऐसे नैतिकता के सुकृत संदेश प्रेषित करते हैं जो लोक चेतना में आज भी जीवंत होकर व्यक्ति को नर से नारायण बनने की प्रेरणा देते हैं।

श्रीराम का जीवन सामाजिक चेतना, समृद्धि ,सद्गुण और सहानुभूति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। राम को पिता के वचन के लिए वैभवशाली जीवन त्याग करने में एक क्षण नहीं लगा। आज के युग में अपने छोटे से अधिकार को लोग त्यागना नहीं चाहते लेकिन राम ने समाज, परिवार में पुत्र और भाई के रूप में एक आदर्श प्रस्तुत किया। राज्य छोटे भाई को सौंप कर राम ने भरत से न ही कभी ईर्ष्या की ओर न ही द्वेष बल्कि हमेशा भरत के प्रति प्रेम रखा और उन्हें राज संभालने के लिए प्रेरणा देते रहे। राम का व्यक्तित्व इतना विराट था कि उनमें संपूर्ण प्राणियों के लिए स्नेह और सम्मान का भाव था। राम मनुष्य से ही नहीं पशु, पक्षियों और प्रकृति के प्रति भी स्नेह और लगाव रखते थे। कुछ प्रसंगों द्वारा हमें यह ज्ञात होता है कि माता सीता का हरण होने के बाद राम पशु-पक्षियों और प्रकृति से भी संवाद कर रहे हैं और माता सीता के बारे में पूछ रहे हैं। राम सेतु निर्माण में गिलहरी से संबंधित एक अत्यंत रोचक प्रसंग है। ऐसे अनगिनत प्रसंग हमें राम के जीवन से जुड़े हुए दिखाई और सुनाई पड़ते हैं जो समरसता, स्नेह और प्रेम के पर्याय हैं।

बच्चों को राम के जीवन से, राम के आदर्शों से प्रेरणा दें जिससे वो भारतीय होने पर गर्व कर सकें। विश्व बंधुत्व का भाव रखकर अपने जीवन में रामत्व के मानवीय गुणों को धारण करें। रामत्व की प्राणप्रतिष्ठा अपने मन रूपी मंदिर और जीवन में करें। साथ ही राम के जीवन मूल्यों को स्वयं के जीवन में जीकर प्रमाणित करें। यही श्रीराम की सच्ची पूजा और यही जीवन में रामत्व के भाव की प्रामाणिकता होगी।

**(लेखिका, बेसिक शिक्षा परिषद, उप्र में शिक्षिका हैं।)**

# श्रमेव जयते!

## श्रम-दिवस (1 मई) पर विशेष



गिरीश्वर मिश्र

भारत की सभ्यता प्राचीनकाल से कर्म-प्रधान रही है। कर्म से ही सृष्टि होती है। श्रम का विलोम होता है विश्राम। ऐतरेय ब्राह्मण में श्रम का बड़ा ही मनोरम चित्रण मिलता है। श्रम करने से न थकने वाले को ही श्री की प्राप्ति होती है- नानाश्रांताय श्रीरस्ति। श्रम से असंभव भी संभव हो जाता है। श्रम से ही आदमी सम्पत्ति, यश, सम्मान सब कुछ अर्जित करता है। तभी तो कहा गया कि कर्मठ पुरुष लक्ष्मी को प्राप्त करता है- उदयोगिनः पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मी और आलस्य शरीर में बैठा हुआ सबसे बड़ा शत्रु है।

चूँकि जीवन अनंत नहीं है और कार्य अनेक हैं इसलिए बिना समय गँवाए काम में जुट जाना चाहिए। महाभारत में शर-शय्या पर लेटे हुए भीष्म पितामह ने जो उपदेश दिए उनमें यह भी था ह्यमृत्यु लोगों को पीट रही है और बुढ़ापे ने उनको घेर रखा है। ये दिन और रातें तेजी से बीतती जा रही हैं। तब, तुम क्यों नहीं जाग जाते? अब ऐसा काम करो जिससे तुम्हारा कल्याण हो और समय आगे न निकल जाए। कहीं ऐसा न हो की तुम्हारे कार्य अधूरे रह जाएं और मृत्यु तुम्हें खींच कर ले जाय। इसलिए जिस काम को कल करना हो, उसे आज ही कर लिया जाय। जिसे दोपहर बाद करना हो, उसे दोपहर से पहले कर डालना चाहिए, क्योंकि मृत्यु इस बात की बाट नहीं देखती कि इस आदमी का काम पूरा हो गया या नहीं। जो कल्याणकारी कार्य है उसे तुम आज ही कर डालो। यह महान काल कहीं तुम्हें लांघ न जाय।ह्न

ऐसे में यह अनायास नहीं था कि ह्यहिंद स्वराजह्न के रचयिता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने इस धरती को कर्म-भूमि कहा था। जीवन के बड़े सत्य को सामने रख कर बापू ने जीवन-चर्या में कर्म की अनिवार्यता प्रतिपादित करते हुए यह सीख दी थी कि आदमी को कमा कर खाना चाहिए। एक-एक क्षण का सदुपयोग करते हुए इस सूत्र को बापू अपने वास्तविक जीवन में उतारते रहे।

वस्तुतः श्रम (अर्थात मेहनत, मशक्कत, परिश्रम या प्रयास) ही जीवन को स्पंदित करता है। पर गौरतलब बात यह है कि यह श्रम नाशवान प्रकृति का है और यदि कार्य न किया जाय तो उस (बीत चुकी) अवधि का कार्य फिर वापस नहीं लौटाया जा सकता और सदा के लिए नष्ट हो जाता है। इसलिए जीवन का हर क्षण अनमोल है और उसका समुचित निवेश किया जाना चाहिए। यह विश्व कर्म प्रधान है और यह पुरानी कल्पना रही है कि श्रम से यह धरती स्वर्ग बन सकती है। दृढ़ लगन से कोई काम कठिन नहीं रह जाता और कर्महीन को कुछ भी नहीं मिलता। सिर्फ सपने देखने से नहीं काम करने से ही मनोवांछित फल मिलता है। तुलसीदास जी के शब्दों में- सकल पदार्थ एहि जग माही, करमहीन नर पावत नाहीं। वस्तुतः श्रम विकल्पहीन और अमूल्य है। जगत में कुछ भी स्वतः नहीं होता है- सिद्धिर्भवति कर्मजा। कर्म ही वह रहस्य है जिससे परमात्मा का स्मरण किया जाता है और मनुष्य सिद्धि प्राप्त करता है- स्व कर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दंति मानवाः। इसलिए श्रीकृष्ण कहते हैं कि सभी जन नियत कर्म करें- नियतं कुरु कर्म त्वं । कर्म किए बिना एक क्षण भी कोई रह नहीं सकता। श्रम का महत्व वैदिक काल में ही महसूस किया गया। प्राचीन आख्यानों में देवी-देवताओं द्वारा भी तप करने का वर्णन मिलता है। पुराणों में तप से सिद्धियाँ पाने के अनेक आख्यान हैं। उपनिषद की कथाओं में भी तपश्चर्या का महत्व प्रतिपादित किया गया है। आरंभ से ही शतायु और सक्रिय जीवन भारतीय संकल्पना के केंद्र में बना रहा है। कर्म की अनिवार्यता ही श्रीमद्भगवद्गीता का मुख्य संदेश है। तिलक और गांधी जैसे राष्ट्रनेताओं ने कर्म, श्रम और सेवा की आपसी निकटता को सार्वजनिक जीवन में स्वर दिया। जगत में जीवन-यापन के लिए क्रियायोग निजी और सामाजिक जीवन में यज्ञ उन्नति और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है। कर्म पर सबकुछ टिका है। विद्वान भी वही है जो अमूर्त ज्ञान को व्यवहार में रूपांतरित कर सके। विद्वान स्वभाव से क्रियाशील होता है-यस्तु क्रियावान पुरुषः स विद्वान्।

बापू के आश्रम में श्रमदान और स्वावलम्बन दैनिक जीवन का सामान्य अभ्यास था। उनके अनुगामी और मित्र संत विनोबा भावे भी इसी पथ पर चलते रहे। इन लोगों ने यह अनुभव किया कि हमारे शरीर की रचना और प्रकृति ही ऐसी है कि शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए सक्रियता जरूरी होती है। आज स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा स्वस्थ व्यक्ति की स्वास्थ्य-रक्षा और अस्वस्थ व्यक्ति को स्वस्थ बनाने के लिए शारीरिक व्यायाम के महत्व पर बल दिया जाता है। सोने जागने समेत हमारा सारा आचार-व्यवहार युक्त होना चाहिए। अर्थात मन, वचन और कर्म सबके बीच सामंजस्य होना चाहिए। अस्तित्व या होना गतिमयता को महत्व दिया गया।

श्रम का आंतरिक रूप भी है और बाह्य भी। योग-शास्त्र में आसन, ध्यान तथा प्राणायाम की व्यवस्था की गई थी। प्राणशक्ति अपान, उदान, व्यान, समान आदि विभिन्न रूपों में शरीर में व्याप्त हो कर जीवनीय ऊर्जा का संचार करती है। श्रम करते हुए शरीर आंतरिक रूप से तो सुसज्जित होता ही है बाहर की दुनिया में विभिन्न कार्यों में श्रम के विनियोग द्वारा नई सर्जना में भी जुटता है। यह मन और शरीर के एक समग्र इकाई के रूप में संयोजन से ही संभव होता है। उल्लेखनीय है कि मन और शरीर को अलग सत्ता मानना पश्चिमी विचार है। मन और शरीर का द्वैत सोलहवीं सदी में पश्चिमी दार्शनिक रेने देकार्त द्वारा प्रतिपादित किया गया था। भारतीय चिंतकों ने मन को शरीर का ही हिस्सा माना था। वह अंतःकरण है यानी एक आंतरिक इंद्रिय जो सुख-दुःख का पता देता है और दूसरी सभी इंद्रियों को संचालन का आधार प्रदान करता है।

आज जीवन को तकनीकी संचालित करने लगी है और कार्य और विश्राम के बीच की सीमा रेखा धूमिल हो रही है। इसी तरह यथार्थ और आभासी (वर्चुअल) दुनिया को निकट ले आती इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों से लैस होती जा रही हमारे काम-काज की दुनिया उलट-पलट हो रही है । अब बहुत सारे काम लैप टाप या मोबाइल पर उंगली फिराने भर से पूरे हो जा रहे हैं। इसका असर कार्यों की प्रकृति और उसके आयोजन को प्रभावित पर पड़ रहा है। आफिस न जाकर घर से काम करने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। कार्यों के विभाजन विभाजन और उसकी नियमितता को सुरक्षित रखते हुए गतिशीलता लाने की दिशा में कदम बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। परंतु मानवीय सम्बन्धों और भावनाओं की दुनिया से दूर होती जा रही कार्य की दुनिया अधिकाधिक यांत्रिक हुई जा रही है। इसी के साथ वैयक्तिकता और आत्मकेंद्रिकता बढ़ रही है और सामाजिकता संकुचित हो रही है। साइबर गतिविधियों के बढ़ने के साथ बहुत सारे नए नैतिक और आपराधिक सवाल भी खड़े हो रहे हैं।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

# भारतीय नृत्य संस्कृति की संसार ने हमेशा सराहना की

## अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस (29 अप्रैल) पर विशेष

डॉ. रमेश ठाकुर

नृत्य दुनिया भर की संस्कृतियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नृत्य एक कला भी है और शिक्षा भी। मानव शरीर को स्वस्थ रखने की साधना भी। आज 'अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस' है जिसकी शुरूआत 29 अप्रैल 1982 से हुई थी। आज का ये खास दिन नृत्य कला के महान सुधारक जीन-जॉर्जेस नोवरे की जन्म स्मृति पर आधारित है। जहां तक भारतीय नृत्यों की बात है, दुनिया भर में हमेशा से मशहूर रहे हैं। भरतनाट्यम और कथक नृत्य का आज भी कोई जवाब नहीं। इंग्लैंड की महारानी हों, या पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो से लेकर कई देशों के प्रमुखों का पसंदीदा कथक नृत्य ही रहा। कथक नृत्य की वेशभूषा आज भी लोगों को आकर्षित करती है। आज का ये विशेष दिन यूनेस्को के अंतरराष्ट्रीय थिएटर इंस्टीट्यूट की अंतरराष्ट्रीय डांस कमेटी ने 29 अप्रैल को नृत्य दिवस के रूप में सर्वसम्मति से मनाने का निर्णय लिया था। वर्ष-2023 में 'अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस' की थीम 'नृत्य-दुनिया के साथ संवाद करने का एक तरीका' थी।

भारत में नृत्य कला हजारों साल पुरानी है। हमारे यहां नृत्य की एक नहीं, कई विधाएं हैं जिनमें कथकली, मोहिनीअट्टम, आडिसी, कथक, भरतनाट्यम, कुचिपुडी व मणिपुरी प्रमुख हैं। इनके अलावा प्रदेश स्तरों पर भी किस्म-किस्म के नृत्य मौजूद हैं। इसके अलावा आधुनिक समय में नृत्य के रंग रूप और प्रारूप एकदम बदल चुके हैं, जिसके उदाहरण टीवी पर आयोजित होने वाले डांस प्रतियोगिताएं हैं। जहां नृत्य का लेबल देखकर प्रतीत होता है कि पारंपरिक नृत्य विधाएं बहुत पीछे छूट गई है। इस दिवस के मकसद की जहां तक बात है, तो वैश्विक स्तर पर इसके महत्व के बारे में लोगों को जागरूकता करना, भागदौड़ भरी लाइव में नृत्य को शामिल करने की ललक पैदा करना, विभिन्न संस्कृतियों में नृत्य की भूमिका को दशार्ना और विशेष रूप से नृत्य कला के प्रति प्रशंसा व्यक्त करने के लिए महत्वपूर्ण क्षणों का प्रचार-प्रसार करना। ये दिवस करीब 200 देशों में आज मनाया जा रहा है। जहां, नृत्य प्रदर्शन, कार्यशालाएं, और शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

भारतीय नृत्यों को लेकर कई देशों ने रिसर्च किया। कुछ मत ऐसे भी हैं कि नृत्य का जन्म भारत से ही हुआ। जो प्राचीन मान्यताओं में भी बताई जाती हैं। करीब 2000 वर्ष पूर्व त्रेतायुग में देवताओं के अनुरोध पर भगवान ब्रह्मा ने नृत्य वेद तैयार किया था। तभी से दुनिया भर में नृत्य की उत्पत्ति हुई। भारत के लिए नृत्य सिर्फ कला ही नहीं, एक परंपरा, संस्कृति और धरोहर भी है। तभी भारत की तमाम रंगमंच संस्थाएं और नृत्य समितियां नृत्य दिवस को खास अंदाज से मनाती है। आज के दिन महान कलाकारों को सम्मान दिया जाता है और उनके योगदान पर विमर्श होता है।

नृत्य के चिकित्सीय लाभ भी बहुतेरे हैं। डांस करने से फैट बहुत तेजी से घटता है। मात्र 30 मिनट के डांस में 150 कैलोरी तक फैट बर्न होता है। डांस से ब्रेन एक्टिव रहता है। चिकित्सक कार्डियोवैस्कुलर बीमारी के मरीजों को डांस करना जरूरी बताते हैं। एक्सरसाइज से कहीं बेहतर डांस को बताया गया है। डांस से कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी कम होता है। नियमित डांस से शरीर की एनर्जी बढ़ती है और थकान जैसी समस्या भी छूतंमर होती है। डांस से भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य में बहुत तेजी से सुधार होता है। भारत का एक बड़ा वर्ग इस क्षेत्र से जुड़ा है। देशभर में हजारों की संख्या में डांस अकेडमी संचालित हैं। प्रत्येक स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालयों में नृत्य के टीचर बच्चों को डांस का प्रशिक्षण देते हैं। राज्यों व केंद्र सरकार भी भरपूर संसाधन मुहैया कराते हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## दैनिक पंचांग

**29 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.24 बजे से |
| चंद्र | धनु में | मिथुन | 08.22 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.35 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 12.51 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 15.03 बजे से |
| शुक्र | मेष में | तुला | 17.14 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.29 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.45 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.50 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 01.36 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मीन | 03.09 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 04.40 बजे से |

सोमवार 2024 वर्ष का 120 वां दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु ग्रीष्म।
विक्रम संवत् 2081 शक संवत् 1946
मास वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र)
पक्ष कृष्ण
तिथि पंचमी 07.58 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पूर्वाषाढ़ा 04.43 बजे प्रातः को समाप्त।
योग सिद्ध 00.26 बजे रात्र को समाप्त।
करण तैतिल 07.58 बजे तदनन्तर गर 19.35 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 20.2 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 14° 33'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871964
जूलियन दिन 2460429.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना सव्वाल तारीख 19

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 | बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 | बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 | बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 | बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 | बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 | बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 | बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 | बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 | बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 | बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 | बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 | बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 | बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 | बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 | बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

खास खबर

## आपसी विवाद में पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल



**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना क्षेत्र के झाबर गांव निवासी कपड़ा दुकानदार जलील अंसारी और उनके पुत्र इल्याश अंसारी को उसी गांव के अभिषेक दुबे ने रविवार की सुबह लोहे के रॉड और इट से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।इसके बाद स्थानीय दुकानदारों के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए सतबरवा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों बाप बेटे को बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। चाहे इलाज के बाद भी इल्याश अंसारी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बारे में घायल जलील अंसारी ने बताया कि रविवार की सुबह झाबर गांव के अभिषेक दुबे उनके दुकान पर पहुंचे और कपड़ा लेने को लेकर भी बात करने लगे इस बीच मेरे बेटे इल्याश अंसारी और उनके बीच बहस होने लगी। इस बीच अभिषेक दुबे ने लोहे के रॉड से मेरे बेटे इल्याश अंसारी के ऊपर हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय दुकानदारों के द्वारा इस घटना की जानकारी जब हमें मिली तो मैं भी घटनास्थल पर पहुंचा। घटनास्थल पर पहुंचते ही अभिषेक दुबे ने हमारे ऊपर भी हमला कर दिया जिसमें हम दोनों बाप बेटे गंभीर रूप से घायल होगा।वही इस घटना के बाद घायल के द्वारा घटना से संबंधित मामला सतबरवा थाना में दर्ज कर दिया गया है। मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## झारखंड के नाबालिग लड़की से बिहार निवासी 40 वर्षीय युवक ने रचाई शादी महिला आयोग ने लिया संज्ञान




**हुसैनाबाद /पलामू।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक नाबालिक लड़की की 40 वर्षीय व्यक्ति के साथ शादी होने की बात सामने आई है नाबालिक की जिससे 40 वर्ष से व्यक्ति से शादी हुई है वह बिहार के औरंगाबाद जिला का रहने वाला है यह मामला को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग से पूरे मामले शिकायत की गई है जिसके बाद राष्ट्रीय महिला आयोग ने संज्ञान लिया वहीं पलामू अधीक्षक ने हुसैनाबाद थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह को नाबालिग लड़की को पुरी तरह जांच करने दिया निर्देश यह पूरा मामला पलामू हुसैनाबाद थाना से जुड़ा हुआ है पुलिस ने पूरे मामलों को छान बीन में करते हुए लड़की के परिजनों से संपर्क किया है पुलिस ने परिजनों से लड़की की उम्र के बारे में जानकारी मांगी है वहीं विद्यालय खुलने के बाद लड़की की उम्र का सत्यापन किया जाएगा ग्रामीण के अनुसार लड़की अपने ससुराल में है ग्रामीण के अनुसार हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के रहने वाले एक लड़की की शादी बिहार औरंगाबाद में हुई है शुक्रवार को राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस मामलों को लेकर महिला एक्टिव हो गई है और इस पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिए गए हैं।

## सूरज की तपिश से सड़कों पर पसरा सन्नाटा, हीट स्ट्रोक का बढ़ा खतरा

**लातेहार।** इस बार अप्रैल के मध्य से ही गर्मी चरम पर पहुंचती महसूस होने लगी है। तापमान 39 डिग्री पार कर चुका है। इसका सीधा असर लोगों की सेहत पर पड़ना शुरू हो गया है। छोटी-मोटी समस्याओं के अलावा धूप की तपिश और लू के थपेड़ों ने हीट स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ा दिया है। दरअसल तापमान 38 डिग्री या इससे ऊपर तापमान बढ़ते ही शरीर के लिए खतरनाक बन जाता है।शरीर का तापमान ढलने में होती है दिक्कत
इसमें बुखार, उल्टी, सिरदर्द, बेहोशी जैसी समस्याओं के साथ ही जान जाने का भी खतरा रहता है। जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार बताते हैं कि शरीर का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस होता है। यदि बाहर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाए तो शरीर को तापमान के अनुरूप ढालने में दिक्कत होती है।इसके चलते अधिक देर धूप में रहने के कारण हीट स्ट्रोक की आशंका रहती है। यह मस्तिष्क को सबसे अधिक प्रभावित करता है। लापरवाही बरतने पर यह जानलेवा तक हो सकता है।
**अस्पताल में बढ़े मरीज :** गर्मी के दुष्प्रभाव के रूप में मरीजों की संख्या सदर अस्पताल एवं सीएचसी में बढ़ गई है। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि 50-60 मरीज ऐसे आ रहे हैं, जिन्हें गर्मी की वजह से लूज मोशन और डाइजेशन की दिक्कतें हैं। वहीं अचानक तापमान बढ़ने से बुखार के मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। रविवार को सूर्यदेव की तपिश पूरे शबाव पर रही। दिन का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रहा। दोपहर में लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल भरा रहा।

# लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें : एलआरडीसी

संवाददाता



**हुसैनाबाद /पलामू।** स्वीप कोषांग व जेएसएलपीएस सखीमंडल के तत्वाधान में हुसैनाबाद प्रखंड परिसर से बाइक रैली का आयोजन किया गया।इस दौरान जेएसएलपीएस की सखी मंडल के दीदियों द्वारा वोटर जागरूकता अभियान चलाया गया गया। जिसमे एलआरडीसी गौरांग महतो,बीडीओ रौशन कुमार, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अंजनी कुमार समेत प्रखंड एवम जेएसएलपीएस कर्मी तथा सभी सखी मंडल की दीदीयो ने भाग लिया।रैली प्रखंड कार्यालय परिसर से निकल कर पटेल चौक, अंबेडकर चौक, जेपी चौक, नहर मोड़ होते हुए लगभग 4 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए गमहरिया स्कूल तक पहुंची ।मौके पर एलआरडीसी श्री महतो ने कहा कि जेएसएलपीएस का यह आयोजन सराहनीय है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र इस महापर्व में आगामी 13 मई को स्वयं मतदान करते हुए आम लोगों को भी प्रेरित करें।साथ ही उन्होंने उपस्थित दीदियों को भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सराहना की। कार्यक्रम के माध्यम से प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के सभी मतदातागण से अधिक से अधिक संख्या में मतदान में भाग लेने की अपील किया गया।सखी मंडल की दीदियों ने पहले मतदान करें फिर, घर आकर जलपान करें का संदेश सभी मतदाताओं को दिया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह,पंचायत सेवक सूर्यदेव राम,वशिष्ठ कुमार तिवारी, सीसी उमेश कुमार, रविरंजन कुमार,उर्मिला देवी, मुन्नी कुमारी, संजीदा बीबी,मानती कुमारी, रमेश कुमार, सभी जीसीआरपी , रीना देवी, बसंती देवी समेत कई अन्य कर्मी मौजूद थे।

## विहंगम योग संस्थान की हुई बैठक



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विहंगम योग संस्थान पलामू जिला इकाई की बैठक बैरिया स्थित बनारसी प्रसाद यादव के आवास पर हुआ।मुख्य अतिथि संस्थान के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह एवं अन्य सेवा प्रभारियों ने सदगुरुदेव के तस्वीर पर माल्यार्पण किया।बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक गिरजा प्रसाद सिंह ने की।बैठक में ब्रह्मविद्या के प्रचार प्रसार की स्थिति,पत्रिका सदस्यता अभियान सहित आश्रम से जुड़े अन्य सेवा कार्यों की समीक्षा किया गया।इस दौरान सेवा प्रभारियों को ससमय सेवा कार्यों का निष्पादन करने एवं नियमित रूप से सत्संग गोष्ठी संचालित करने के लिए प्रेरित किया गया।मुख्य अतिथि श्री सिंह ने सदगुरु सेवा की महत्ता पर प्रकाश डाला और भक्तजनों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर की असीम कृपा से दुर्लभ मानव जीवन मिला है।जीवन समय को व्यर्थ गंवाने के बजाय समरथ सदगुरु की शरण में रहकर पुरुषार्थ करना चाहिए।

## हवन के साथ सात दिवसीय यज्ञ का हुआ समापन



संवाददाता

**विश्रामपुर पलामू।** वश्रामपुर प्रखंड के अटरिया गांव में आयोजित सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ समापन शनिवार को हुआ। जहां उत्तर प्रदेश के कई जगहों से आमंत्रित विद्वान पंडितों के द्वारा यज्ञ मंडप परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण व हवन के साथ संपन्न हुआ। साथ हीं गांव में नवनिर्मित विशाल व भव्य शिव मंदिर में शिवलिंग सहित आराध्य भगवान शंकर व मां पार्वती की प्रतिमा भी स्थापित की गई। जो आयोजित सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ के दिनों पूजा अर्चना के साथ आमजनों के लिए शुरू कर दिया गया। वहीं सर्वेश्वरी समूह की गुरी शाखा की ओर से यज्ञ के सातों दिन परिसर में पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई थी। जहां आने वाले लोगों को नींबू शरबत सहित पानी पिलाया जा रहा था। इस गर्मी में लोग जहां घरों में दुबके रहे वहीं सर्वेश्वरी समूह सेवाभाव के साथ गर्मी व लू की थपेड़ों में समर्पण के साथ सराहनीय कार्य किया गया। सर्वेश्वरी समूह की ओर से सेवा भाव व समर्पण के साथ किए गए इस कार्य के लिए यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 स्वामी श्री उदय नारायणाचार्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज की ओर से सभी सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## जहरीला पदार्थ का सेवन कर महिला ने की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** बिहार राज्य के रिश्यप थाना निवासी रवि कुमार की पत्नी काजल कुमारी उम्र 25 वर्ष रविवार की सुबह जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली।इस घटना के बारे में मृतक काजल कुमारी के पति रवि कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले काजल कुमारी पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सतौआ अपने मायके रिश्तेदार के शादी समारोह में शामिल होने आई थी।ससुराल में एक लड़का नावाजयपुर थाना क्षेत्र के पंचकेदीया निवासी विकाश कुमार पासवान से काजल कुमारी का प्रेम प्रसंग चल रहा था।रविवार को काजल उस लड़के के साथ भाग गई।कुछ देर बाद वह अपने घर पहुंची और बेहोश हो गई। इसके बाद उसे इलाज के लिए पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## दर्जनों भाजपा नेता झामुमो में हुए शामिल

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव की सरगर्मी तेज होते ही दर्जनों भाजपा के नेता झामुमो में शामिल हुए। झामुमो पलामू के कार्यालय में हुए मिलन समारोह में झामुमो अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में सुनील कुमार और लव कुश कुमार के नेतृत्व में सबों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम का संचालन झामुमो सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया। झामुमो की लोकप्रियता पलामू में लगातार बढ़ ही रही है साथ ही इससे इंडिया गठबंधन को भी इस चुनाव में मजबूती मिलेगी। साथ ही ये भाजपा के प्रत्याशी के लिए सुखद संकेत नहीं है। झामुमो अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा ₹सुनील कुमार एवं लव कुश कुमार जी और उनके साथ आए सभी नेताओं का झामुमो परिवार में हार्दिक स्वागत है। आज भाजपा से सभी वर्ग निराश और हताश है, भाजपा की नकारात्मक राजनीति से आम आवाम परेशान है। भाजपा के राज में महंगाई आसमान में पहुंच चुकी है, दवाई, पढ़ाई से ले कर राशन तक सबके बढ़ते दाम से आम जनता त्रस्त है। आज हम सब लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं, पलामू में भी भाजपा के सांसद दस सालों से सत्ता में हैं। उन्होंने वादा कर चुनाव तो जीत लिया था, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। एक भी विकास का ऐसा कार्य नहीं किया है जिसे वो जनता के बीच बता पाएं। मंडल डैम एवं राजहरा कोलियरी का शिलान्यास भी हो गया लेकिन आज तक एक ईंट भी नहीं जुड़ पाया और न कोलियरी खोला गया ।पलामू में इंडिया गठबंधन की राजद प्रत्याशी श्रीमती ममता भुइयां जी चुनाव लड़ रही है, और इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से चुनाव जीत रहा है।₹ झामुमो में शामिल होने पर सुनील कुमार और लव कुश कुमार ने खुशी जताते हुए कहा ₹झारखंड के माटी की पार्टी झामुमो में शामिल होने पर हमें काफी खुशी मिली है, भाजपा में हम सब ठगा हुआ महसूस कर रहे थे। भाजपा के सांसद विधायक दस साल से सत्ता में हैं लेकिन जनता का कार्य करने में विफल हैं। झारखंड की सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। भाजपा ने झारखंड के नायक श्री हेमंत सोरेन जी के खिलाफ जिस तरह से षड्यंत्र रच कर उन्हें जेल भेजा उससे हम सबों में बहुत निराशा हुई है।₹ साथ में राजकुमार, सोहन कुमार, अरुण कुमार, अभिषेक कुमार, रामप्रवेश,छोटू सुनील कुमार, संजय राम, शुभम कुमार।

# पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने पौधा दान कर तिब्बती बौद्ध भिक्षु के कार्यक्रम को किया शुभारंभ

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मैनपाट कामेश्वरपुर थाना अंतर्गत शुक्रवार को तिब्बत वासियों के गांव स्थित भगवान बुद्ध के विशाल मंदिर में आयोजित नवाह पाठ कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पौधा दान कर किया। श्री जायसवाल मेदिनीनगर निवासी हैं।उन्होंने उक्त मौके पर बौद्ध भिक्षुओं को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना व उसके आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा दान किया। मौके पर पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस तेजी से लोग अनाधिकृत रूप से आर्थिक लाभ के लिए प्राकृतिक संसाधनों का शोषण व दोहन कर रहे हैं उसी का परिणाम है कि पृथ्वी का तापमान बेतहासा बढ़ता चला जा रहा है। फलतः ग्लेशियर पिघल रहे हैं व समुद्र से वाष्प बनकर आसमान में जा रहा है। जिसके कारण जलवायु परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसी जलवायु परिवर्तन के कारण ही 15 दिनों के अंदर गर्मी के मौसम होने के बाद भी चीन, दुबई, ओमान, व इंग्लैंड में मूसलाधार हुई बारिश के कारण कई गांव व शहर जलमग्न हो गए हैं।
वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा है कि यदि जलवायु परिवर्तन को रोकना है तो दुनिया के तमाम उम्र के लोगों को अपने धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को अपने जीवन के दिनचर्या में शामिल करना होगा । कौशल ने कहा कि जबतक वन्य एवं उसके अलावे रैयति भूमि पर 33% सघन वन तैयार ना हो जाय तबतक जलवायु परिवर्तन कोई रोक नहीं सकेगा। इसके सिवाय दूसरा कोई विकल्प नहीं है । पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा है कि 34 वर्षों के बाद उस क्षेत्र के लोग उन्हें बुलाया है। उन्होंने पर्यावरण धर्म के तहत आम का पौधा देकर कार्यक्रम में शामिल लोगों को सम्मानित करते हुए कहा कि पुत्र साथ छोड़ सकता है परंतु पेड़ नहीं। उक्त मौके पर तिब्बत से आए बौद्ध भिक्षु धर्मगुरु दोरजें तेनज़िंग और सीतापुर गुतुरमा निवासी क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी भोला प्रसाद गुप्ता ने अपने संबोधन में पर्यावरण के क्षेत्र में एक लंबे अरसे से पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल के द्वारा किये गए उल्लेखनीय कार्यों की काफी सराहना की।

## स्वीप कार्यक्रमों को लेकर नोडल पदाधिकारी ने की वर्चुअल बैठक की

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान करवाने को लेकर स्वीप के नोडल पदाधिकारी सह मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने रविवार को वर्चुअल मोड के माध्यम से जिला कृषि पदाधिकारी,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,जेएसएलपीएस के डीपीएम के साथ बैठक कर आने वाले दिनों में स्वीप कार्यक्रम की रूप रेखा पर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में स्वीप के नोडल पदाधिकारी श्री हुसैन ने सभी पदाधिकारीयों को उनके अधीनस्थ कार्यरत मैनपॉवर को एक्टिव करते हुए अधिकाधिक लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक करने पर बल दिया।उन्होंने जेएसएलपीएस के डीपीएम शांति मार्डी से कहा कि जेएसएलपीएस के लोग प्रखंड से लेकर पंचायत तक हैं इसके अलावे जिले में पंद्रह हजार से अधिक एसएचजी महिलाओं का संगठन सक्रिय है उन सभी का बेहतर उपयोग करते हुए उन्हें गांव-गांव जाकर लोगों से कनेक्टिविटी बढ़ाने व सभी से अपने स्तर से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम करवाने की बात कही। उन्होंने जेएसएलपीएस के सभी विंग को मतदाता जागरूकता में लगाने हुए आकर्षक कार्यक्रम के जरिए लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने की बात कही। इसी तरह उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को कृषक मित्रों,एटीएम, बीटीएम, भीएलडब्लू के माध्यम से भी अलग-अलग स्तर पर छोटे-छोटे कार्यक्रम या अन्य माध्यम से या सीधे कृषकों से संपर्क स्थापित कर उन्हें 13 और 20 मई को बूथ पर आने के लिए प्रेरित करने की बात कही।

## पलामू एसपी से मिल कर न्याय की गुहार लगा रहे परिजन

# रेहला थाना प्रभारी के द्वारा झूठा आरोप लगा गिरफ्तार किए जाने की कही बात

संवाददाता

### न्यायालय में भी पिता के द्वारा की गई शिकायत



**विश्रामपुर पलामू :** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के घरटिया गांव निवासी सुरेश सिंह व उनके परिजन पलामू एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। साथ हीं अपने पुत्र अशोक सिंह के उपर रेहला थाना प्रभारी के द्वारा घर से उठाकर ले जाने सहित सहित आर्म्स एक्ट का झूठा केस दर्ज कर जेल भेजने की बातें लिखा है। आवेदन में लिखा है कि 2 अप्रैल की रात लगभग 7-8 बजे अशोक सिंह उर्फ आर के रंजन सिंह अपने गांव स्थित किराना दुकान पर बैठा हुआ था।
उस वक्त गांव के हीं लालमुनी यादव, सत्यनारायण प्रसाद गुप्ता, सुरेन्द्र ठाकुर , राजाराम यादव व दिलीप सिंह भी साथ बैठे थे। जहां रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार दास पुलिस बल के साथ पहुंचे। जहां बंदुक का भय दिखाकर जबरन अपहरण अशोक को साथ में ले गए। साथ जाने से इन्कार करने व चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी पहुंचे। सभी के द्वारा आग्रह किए जाने के बाद भी नहीं सुने। आवेदन में आगे पिता ने लिखा है कि पुत्र अशोक सिंह को हत्या करने के उद्देश्य से सरकारी गाड़ी, सरकारी बंदुक व सरकारी पद का दुरूपयोग कर मेरा पुत्र को अपने साथ ले गए। आगे लिखा है कि वे पुत्र को खोजबीन के क्रम में विश्रामपुर थाना, नावाडीह ओपी व नावाबाजार थाना में गये। लेकिन मेरे पुत्र को पता नहीं चला। अगले दिन यानी 3 अप्रैल की सुबह 8.00 बजे पता चला कि रेहला थाना प्रभारी वगैरह ने झूठा रेहला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराकर जेल भेज दिए है।
आगे लिखते हैं कि पूर्ण विश्वास है कि प्रशासन के द्वारा मेरे पुत्र को हत्या करने का कोशिश किया गया है। पिता सुरेश सिंह ने रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार दास, हवलदार खिलेश्वर साहु व आरक्षी 1866 देवी शरण राम के नाम पलामू एसपी को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की बात लिखा है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में पिता सुरेश सिंह सहित समिति सदस्य प्रीति देवी, नंदू यादव जगन्नाथ मिस्त्री अशोक विश्वकर्मा राणा प्रताप सिंह दिग्विजय सिंह दिलीप सिंह मुन्ना सिंह निगम कुमार सिंह ललन सिंह लखपति सिंह सालिक सिंह भी कुमार नगीना सिंह सहित सैकड़ो लोगों का नाम शामिल हैं। इधर रेहला थाना के द्वारा 3अप्रैल को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि एनएच 75 स्थित कमता गांव के पास वाहनों की जांच 8 बजे लगभग चलाई जा रही थी। इसी बीच एक व्यक्ति पड़वा मोड़ की ओर से मोटरसाइकल से आ रहा था। पुलिस को देखकर वह वापस भागने का प्रयास करने लगा। उसके गतिविधि को देख संदेह व्यक्त करते हुए जवानों ने उसे पकड़ लिया। साथ हीं उसकी जांच की जांच के क्रम में उसके कमर से एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।? मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर जेएच 03 एल 9003 है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान विश्रामपुर थाना क्षेत्र के घरटिया गांव निवासी सुरेश सिंह के पुत्र 36 वर्षीय अशोक सिंह के रूप में हुई है। थाना प्रभारी श्री दास ने बताया कि गिरफ्तार युवक के उपर पर आर्म्स एक्ट के तहत धारा 25 (1-बी) ए /26 थाना कांड संख्या 28/24 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

**तीन अप्रैल को रेहला पुलिस के द्वारा आर्म्स एक्ट के मामले में अशोक सिंह को गिरफ्तार कर भेजा गया है जेल**

# पलामू में मारवाड़ी युवा मंच ने किया चार पनशाला का शुभारंभ

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू में पड़ रही भीषण गर्मी एवं बाजार क्षेत्र में पानी की किल्लत को देखते हुए मारवाड़ी युवा मंच ने अस्थाई पनशाला का शुभारंभ कर दिया है। इसके तहत रविवार को बाजार क्षेत्र में चार पनशाला खोला गया । जिसमें एक धर्मशाला रोड डावर मोड़ के पास में, दूसरा जय भवानी संघ चौक, बेनी मंदिर के पास जबकि तीसरा बसंत बहार रोड श्री मुकेश उदयपुरी जी के प्रतिष्ठान के बाहर एवं चौथा कणीराम मोड के पास में किया है।

मारवाड़ी युवा मंच के अमृत धारा प्रभारी राहुल उदयपुरी मुकेश उदयपुरी व अंकित तुलस्यान ने बताया कि शहर में जहां भी पांशला की आवश्यकता है या पानी की किल्लत है वहां हमारा लक्ष्य है कुल दस अस्थाई पनशाला अमृतधारा खोलने का। चार की शुरूआत आज हो चुकी है । दो से तीन दिनों में बस स्टैंड और तीनकोनिया गैरेज के पास पंसाला शुरू हो जाएगा।

जगह हम चिन्हित कर रहे हैं जहां इसका संचालन अच्छे तरीके से हो सके एवं अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ पहुंचाया जा सके।

मंच के सचिव श्री सज्जन जी शंघाई उर्फ टिंकू ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच का यह राष्ट्रीय प्रकल्प अमृत धारा है जिसके तहत हम अस्थाई और स्थाई पनशाला चलाते हैं, शहर में हमारे दो स्थाई पंशाला अमृतधारा एक शहर थाना और एक अग्रसेन भवन के पास चालू है जिसमें शीतल पेय जल की व्यवस्था है तथा एक और रेलवे स्टेशन पर हमारी मशीन लगी हुई है जिसमें अभी मरम्मत की आवश्यकता है इसके अलावा हम अस्थाई पनशाला संचालित करने की ओर अग्रसर हैं जो 2 महीने के लिए संचालित होगा।

**एक नजर**

## शौचालय की टंकी से नेपाली शराब बरामद



**पूर्वी चंपारण।** लोकसभा चुनाव को लेकर शराब कारोबारी के बिरुद्ध चलाई जा रही सघन अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर पताही थाना पुलिस ने क्षेत्र के कोदरिया गांव से 55 पीस नेपाली कस्तूरी,130 पीस नेपाली सोफिया शराब घर के अंदर बने शौचालय की टंकी से पकड़ा है। इंस्पेक्टर सह पताही थाना अध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कोदरिया गांव से घेराबंदी कर शराब कारोबारी ललन साह के घर से शौचालय की टंकी से नेपाली शराब पकड़ा गया है पकड़ा गया शराब कुल 185 बोतल है जो कि 300 एमएल का है। शराब कारोबारी ललन साह पिता रामेश्वर साह एवं सारजन देवी पति ललन साह पर मध निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार ललन साह को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत मोतिहारी भेज दिया गया हालांकि ललन साह की पत्नी सारजन देवी अभी फरार है जल्द ही उसको गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत जेल भेजा जायेगा।वही छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष कैलाश कुमार,एसआई धनंजय कुमार व सैफ के जवान शामिल थे।

## 188 लीटर नेपाली शराब और मोटरसाइकिल के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अररिया।** जिले की सिकटी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बीती रात नेपाल से शराब की खेप लेकर आ रहे एक तस्कर को बाइक के साथ गिरफ्तार किया।पुलिस ने उसके पास 188.7 लीटर नेपाली शराब एवं एक मोटरसाइकिल बरामद किया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में बड़ी संख्या में नेपाल निर्मित शराब पकड़ा जा रहा है।एसपी अमित रंजन के निर्देश पर बॉर्डर से लगे थाना पुलिस अलर्ट मोड में है और इसी के तहत गुप्त सूचना पर कार्रवाई की गई।पकड़ा गया तस्कर सिकटी थाना क्षेत्र के आमगाछी वार्ड संख्या 6 का रहने वाला है।शराब के खेप बरामदगी और तस्कर की गिरफ्तारी की पुष्टि सिकटी थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रसाद ने की है।

## चाकू गोंद कर हत्या मामले में एक को आजीवन कारावास

**पूर्वी चंपारण।** सोलहवीं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋचा भार्गव ने चाकू से गोंद कर हत्या मामले में दोषी पाते हुए नामजद एक अभियुक्त को आजीवन कारावास व पचास हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनायी है। अर्थ दंड नहीं देने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा रामगढ़वा थाना के बेलवा पीपरपाती निवासी राजेश महतो को हुई। मामले में स्थानीय निवासी मृतक बुन्नीलाल साह की पत्नी मनिता देवी ने रामगढवा थाना कांड संख्या 256/2021 दर्ज कराते हुए राजेश महतो, लालबचन महतो व असर्फी महतो को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कही थी कि 13 सितंबर 2021 की सुबह करीब 5.30 बजे नामजद अभियुक्त ने सूचिका के पति के मोबाईल पर फोन करके बुलाया कि आप दुकान पर आइए, आपका बकाया 25 हजार रुपए लेकर आएं हैं, उसे ले लीजिए।

## सड़क हादसे में एक की मौत, दो घायल

**अलीपुरद्वार।** भूटान सीमा के जयगांव इलाके में रविवार दोपहर दर्दनाक सड़क हादसे में एक की मौत हो गई है। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए है। मृतक का नाम हबीबुर रहमान है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मदारीहाट निवासी हबीबुर रहमान अपनी पत्नी व बेटे के साथ बाइक से जयगांव आ रहे थे। तभी जयगांव के मुख्य सड़क पर एक ट्रक की चपेट में आने से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को बरामद कर लताबाड़ी अस्पताल ले गए, जहां हबीबुर रहमान की मौत हो गई। उनके बेटे और पत्नी की हालत गंभीर होने की वजह से अलीपुरद्वार जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## लॉरी से 20 मवेशियों को जब्त किया



**सिलीगुड़ी।** विधाननगर थाने की पुलिस ने तस्करी से पहले एक लॉरी से 20 मवेशियों को जब्त किया है। वहीं, मवेशी तस्करी के आरोप में लॉरी चालक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लॉरी चालक का नाम अमनूर हक है। वह असम के निवासी है। सूत्रों के अनुसार, शनिवार देर रात फांसीदेवा ब्लॉक के विधाननगर के मुरलीगंज में नाका चेकिंग के दौरान एक लॉरी से 20 मवेशी मिला। जब लॉरी चालक से मवेशी से संबंधित वैध दस्तावेज की मांग की गई तो वह नहीं दिखा सका। इसके बाद लॉरी चालक को विधाननगर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चालक से पूछताछ में पुलिस को पता चला कि बिहार से असम होते हुए बांग्लादेश में मवेशी की तस्करी की योजना थी। विधाननगर थाने की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### नड्डा ने बहरमपुर में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

# ममता राज में भ्रष्टाचार–कुशासन के कारण बंगाल का विकास रूक गया है : जेपी नड्डा

**जेपी नड्डा ने आरोप लगाते हुए कहा कि ममता सरकार ने बंगाल को बदनाम किया है**




एजेंसी

**बहरमपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रदेश की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर जमकर हमला बोला है। नड्डा ने रविवार को मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते कहा कि बंगाल, जिसे आज तीव्र गति से आगे चलना चाहिए था, लेकिन ममता बनर्जी के राज में भ्रष्टाचार, टोलाबाजी, कुशासन के कारण बंगाल का विकास रूक गया।

जेपी नड्डा ने आरोप लगाते हुए कहा कि ममता सरकार ने बंगाल को बदनाम किया है। बंगाल की हालत बहुत खराब हो गई है। नड्डा ने कहा कि हम 'मजबूत सरकार' की बात करते हैं, लेकिन ममता 'मजबूर सरकार' चाहती हैं। ममता ऐसी सरकार चाहती हैं जो तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और भेदभाव में विश्वास रखती हो और जिसका आतंकवादियों के प्रति नरम रुख हो। दूसरी ओर, नरेन्द्र मोदी की 'मजबूत सरकार' विकास और समृद्धि, देश को सुरक्षित करने और आतंकवाद और गलत कामों का जवाब सर्जिकल स्ट्राइक से देने में विश्वास करती है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि तृणमूल के लोगों को चावल चोर कहा जाता है। वे केंद्र द्वारा भेजा गया चावल चुरा लेते हैं। नड्डा ने आरोप लगाया कि ममता सरकार केंद्रीय परियोजनाओं को बंगाल में लागू नहीं होने देती। उन्होंने कहा कि ममता सरकार के दौरान कई तरह के भ्रष्टाचार हुए हैं। तृणमूल नेताओं के घर से भारी मात्रा में पैसे बरामद किये गए हैं जबकि केन्द्र की मोदी सरकार में कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ। भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के हर वर्ग को आगे बढ़ाने का काम किया है। गरीब, किसान, युवा, महिला सभी को सशक्त करने का काम किया है। पीएम आवास योजना के तहत घर देने का काम, आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज की सुविधा... जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं देने का काम मोदी सरकार ने किया है। इस दौरान नड्डा ने उपस्थित लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

## भाजपा की महिला नेत्री को तृणमूल कार्यकर्ताओं ने किया मारने की कोशिश

**कोलकाता।** महानगर कोलकाता में लोकसभा चुनाव 2024 की सरगर्मी के बीच भारतीय जनता पार्टी की एक महिला नेत्री को जान से मारने की कोशिश हुई है। उनका नाम सरस्वती सरकार है। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। सरस्वती दक्षिण कोलकाता की कस्बा मंडल की अध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात बड़ी संख्या में तृणमूल कांग्रेस के संरक्षित अपराधी उनके घर में घुस आए और उन्हें बर्बर तरीके से मारा पीटा है। उनका सिर फट गया है। हमलावर उन्हें जान से मारने की कोशिश कर रहे थे लेकिन आसपास के लोगों के जुट जाने के बाद वे फरार हो गए। सरस्वती ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर वह पार्टी के लिए लगातार काम कर रही हैं। इसलिए उन्हें मौत के घाट उतारने की कोशिश हुई है।

## एमएलसी कारे शोएब ने राजद प्रत्याशी के जीत का किया दावा,कहा मरहूम तस्लीमुद्दीन के नक्शे कदम पर हैं शाहनवाज आलम



एजेंसी

**अररिया।** राजद के एमएलसी कारे शोएब ने अररिया में राजद प्रत्याशी के जीत का दावा किया है।रविवार को जिला राजद कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में विधान पार्षद कारे शोएब ने कहा कि प्रत्याशी शाहनवाज आलम अपने पिता मरहूम जनाब तस्लीमुद्दीन के नक्शे कदम पर चल रहे हैं और उन्हें हरेक जाति धर्म के मानने वाले लोगों का समर्थन मिल रहा है। आईएनडीआई गठबंधन के प्रत्याशी शाहनवाज आलम के पक्ष में कई दिनों से लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे युवा राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विधान पार्षद कारे शोएब ने कहा कि देश के युवा परेशान हैं।रोजगार नहीं है। किसान परेशान है। सरकार के काले कानून के विरोध में किसान आंदोलन में साढ़े सात सौ से अधिक किसानों की शहादत हुई।मणिपुर जल रहा है। महिलाओं की नंगी परेड कराई जा रही है और प्रधानमंत्री नारी शक्ति वंदन की बात करते हैं।देश के प्रधानमंत्री की कथनी और करनी में बहुत अंतर है। उन्होंने पूछा कि आखिर प्रधानमंत्री किसी सभा में यह क्यों नहीं बता रहे कि उनके द्वारा जो 2014 में वादे किए गए थे दो करोड़ रोजगार देंगे , 15 लख रुपए खाते में आएंगे , 2022 तक किसानों की आय दोगुनी होगी , प्रधानमंत्री ने कहा था महंगाई पर नियंत्रण होगा , डॉलर के मुकाबले गिरते रुपए के स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि बिहार में 17 साल तक सरकार में रहने के बाद भी भाजपा ने कुछ नहीं किया। जबकि हमारे 17 महीने के सरकार में साढ़े पांच लाख युवाओं को रोजगार मिला।सवा लाख कर्मचारियों की स्वास्थ्य विभाग में बहाली का काम अंतिम चरण में था, जब सरकार बदल गई। हमारी सरकार ने आंगनबाड़ी सेविका सहायिका तालिमी मरकज के साथी हों या टोला सेवक सबकी चिंता की। पत्रकारों द्वारा प्रधानमंत्री के बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाने वाले बयान पर पूछे गए सवाल के जवाब में विधान परिषद सदस्य ने कहा प्रधानमंत्री उल जलूल भाषण देते है। कोई बांग्लादेशी घुसपैठिया यहां नहीं हैं।सभी भारत के नागरिक हैं।अगर कोई घुसपैठिया है तो प्रधानमंत्री जी बताएं कि 10 साल से उसकी सरकार क्या कर रही थी।

## अररिया के महथावा में जीतनराम मांझी और मंगल पांडेय ने सभा को किया सम्बोधित



एजेंसी

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया के महथावा में पूर्व सीएम व हम प्रमुख जीतनराम माँझी और बिहार सरकार के मंत्री मंगल पांडेय ने अररिया लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी प्रदीप कुमार के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित किया । जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि सभी ने अपना मन बना लिया एक बार फिर से अररिया प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह को जीतकर नरेंद्र मोदी को पीएम बनायें। वही, बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि मैं प्रदीप कुमार सिंह के लिए वोट माँगने आयें है और मोदी जी के हाथ को मजबूती करने के लिए हम मजदूरी मँगाने आयें है हमें पूर्ण विश्वास है कि जनता एक बार फिर प्रदीप कुमार सिंह को जितायेंगी । वहीं, उन्होंने कहा है कि मैं वादा करता हूं चुनाव के बाद अररिया को मेडिकल कॉलेज में दिलवाऊंगा । जीतनराम मांझी ने विपक्ष पे जमकर हमला बोला उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन का कोई अस्तित्त्व नहीं है और उन्होंने कहा कि दलित और महादलित के लोग चिराग पासवान के परिवार को गाली का बदला जरूर लेंगे। चिराग को जानबूझ कर गाली दिलवाई गई है। और दूसरी बात यह कि ये विरोधी दल इतना बेचैन क्यों है? 2024 क्या 2030 तक देश में पीएम पद के लिए कोई वैकेंसी खाली नहीं है। जीतनराम मांझी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि अभी देश में नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री हैं और फिलहाल पीएम की कोई वैकेंसी नहीं है। उन्होंने कहा कि ये विरोधी इतना बेचैन क्यों है? सबसे बड़ी बात यह है कि 2024 क्या 2030 तक देश में पीएम पद के लिए कोई वैकेंसी खाली नहीं है। और पीएम मोदी के हाथ को और मजबूत करने में लगे हुए हैं। जीतन राम मांझी ने कहा कि हम लोग कमल में 6 दल वालो का एक मजबूत गठजोड़ है। नरेंद्र मोदी हमारे नेता है वे विश्वस्तरीय नेता है प्रधानमंत्री एक बार फिर प्रदीप कुमार सिंह को भारी मतों से वोट देकर नरेंद्र मोदी जी के हाथ को मजबूत कीजिए। इस सभा में प्रदीप कुमार सिंह,अजय झा, उमेश कुशवाहा ,देवयंती देवी, आशीष पटेल, लक्ष्मी नारायण मेहता, नवीन यादव, मिथिलेश यादव, मिथिलेश राय, धीरज झा, जयप्रकाश यादव, विजय यादव, संतोष सुराना, जयरानी देवी, रमेश सिंह, दिलीप पटेल,शतांशु शेखर पिंटू, सिकटी विधायक विजय मंडल, राजन तिवारी, अचमित ऋषिदेव मौजूद थे।

## झंझारपुर व मधुबनी दोनों संसदीय क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को जिला प्रशासन कटिबद्धः डीएम




एजेंसी

**मधुबनी।** मुख्यालय में संसदीय चुनाव में मतदान प्रतिशत बढाने को मैराथन दौर रविवार को आयोजित हुई। अवसर पर डीएम अरविन्द कुमार वर्मा ने कहा कि जिला के दोनो संसदीय क्षेत्र झंझारपुर व मधुबनी में सन्निकट चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने को जिला प्रशासन कटिबद्ध है। मतदान प्रतिशत बढाने व मिशन सत्तर को लेकर डीएम अरविन्द कुमार वर्मा के नेतृत्व में पांच किलोमीटर दूरी दौर रविवार के सुबह आयोजित हुई। मैराथन दौर में काफी संख्या में छात्र,युवा,महिला मतदाताओं सहित अधिकारियों ने मतदाता जागरूकता को भाग लिया। मैराथन में भाग लेकर लोकतंत्र की मजबूती में अपनी -अपनी भागीदारी निभाई। रांटी चौक से रामपट्टी हाई स्कूल तक लगभग पांच किलोमीटर की दौर में विशेषकर युवाओ एवं महिलाओं का जोश देखते बनी। नुक्कड़ नाटक की टीम अपने मतदाता जागरूकता गीत-संगीत के माध्यम से सभी प्रतिभागियों की हौसला अफजाई करती नजर आई। डीपीआरओ परिमल कुमार ने बताया कि चहुंओर एक ही स्लोगन 'मधुबनी ने ठाना ह। मतदान प्रतिशत बढ़ाना है' गुंजती रही।अवसर पर निर्वाचन कोषांग द्वारा मेरा वोट,मेरा अधिकार, मतदान को लेकर मधुबनी तैयार। मधुबनी से उठी पुकार,मत खोना अपना मताधिकार। इस प्रकार की नारा से पूरा वातावरण गूंज रहा था। डीएम अरविन्द कुमार वर्मा ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि सात मई को झंझारपुर एवं बीस मई को मधुबनी लोक सभा के लिए मतदान कर लोकतंत्र की मजबूती में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे। कहा कि मधुबनी के लोग हर क्षेत्र में अव्वल है। मतदान में भी अव्वल होकर पूरे देश मे अपनी नजीर पेश करेंगे। मैराथन दौर में डीडीसी दीपेश कुमार,अपर समाहर्ता शैलेश कुमार, नगर आयुक्त अनिल चौधरी, एडीएम आपदा संतोष कुमार, डीपीआरओ परिमल कुमार,सदर एसडीओ सदर अश्वनी कुमार, एसडीसी सुजीत वर्णवाल,उत्पाद अधीक्षक,जिला कृषि पदाधिकारी सहित कई वरीय अधिकारी व काफी संख्या में छात्र,युवा,महिला मतदाता उपस्थित रहे।

## सीबीआई उस दुकान तक पहुंची जहां से जब्त कारतूस खरीदने गये थे

**कोलकाता।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को दावा किया कि उसने कोलकाता में उस दुकान का पता लगा लिया है जहां से वे कारतूस खरीदे गये थे जिन्हें एजेंसी ने एक दिन पहले संदेशखाली में एनएसजी के साथ एक संयुक्त अभियान के दौरान जब्त किया था। निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के एक करीबी सहयोगी और रिश्तेदार के आवास पर शुक्रवार को संयुक्त अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार के गोला-बारूद के अलावा कई विदेशी और देश में निर्मित हथियार तथा विस्फोटक भी जब्त किए गए। सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान, सीबीआई को कुछ दस्तावेज भी मिले, जिनमें गोला-बारूद की दुकान से कुछ खरीद के बिल भी शामिल थे। इसके बाद सीबीआई कोलकाता की उस दुकान तक पहुंची, जहां से कथित तौर पर जब्त कारतूस खरीदे गए थे।

## विपक्ष के पास न नेता हैं और नियत : जीतन राम मांझी



एजेंसी

**अररिया।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने भरगामा के महथावा बाजार स्थित हाई स्कूल के मैदान में एनडीए के भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।अपने संबोधन में उन्होंने विपक्ष और विपक्षी पार्टी के नेताओं को आड़े हाथ लिया और कहा कि विपक्ष के पास न तो आज नेता हैं और न कुछ करने की नियत।वे केवल आमजनों को बरगलाने का काम करते हैं।

उन्होंने विपक्षी पार्टी के नेताओं पर दलितों को गाली देने की बात कही। अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबकी चिंता करते हैं और सबको साथ लेकर चलने का काम करते हैं।उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में किए गए कार्यों के कारण अर्थव्यवस्था के मामले में भारत पांच समृद्ध राष्ट्रों में शामिल हो गया।प्रधानमंत्री 2047 तक विकसित भारत निर्माण के संकल्पना को मूर्त रूप देने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी सुनी जाती है।तभी तो रूस और यूक्रेन के युद्ध में यूक्रेन में फंसे भारतीयों को सकुशल बाहर निकालने के लिए उनकी अपील को रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन को भी मानना पड़ा।उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी के नेता चुनाव में भाषण देने आयेंगे और आपको बरगलाने का काम करेंगे।

**चुनाव** | **श्रीरामपुर लोकसभा सीट पर राजनीतिक समीकरण कुछ अलग हैं**

# लोकसभा सीट पर भाजपा और तृणमूल के बीच कांटे की टक्कर

- रामनवमी के दौरान तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार कल्याण बनर्जी को बार-बार प्रभु श्रीराम का पूजन करते हुए देखा गया



एजेंसी

**हुगली।** वर्ष 2014 और 2019 में मोदी के प्रचंड लहर के बावजूद भाजपा तृणमूल कांग्रेस के मजबूत किले श्रीरामपुर को भेदने में नाकाम रही थी। वर्ष 2014 में इस सीट से तत्कालीन भाजपा उम्मीदवार बप्पी लाहिड़ी 2,87,712 मत पाकर तीसरे नंबर पर रहे थे। वर्ष 2019 में तत्कालीन भाजपा उम्मीदवार देवजीत सरकार 5,39,171 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। इस बार श्रीरामपुर लोकसभा सीट पर राजनीतिक समीकरण कुछ अलग हैं। अयोध्या में रामलला के मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा उम्मीदवार कबीर शंकर बोस को राम और मोदी के नाम का भरोसा है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण कबीर शंकर बोस का संकल्प पत्र है जिसमें सबसे ऊपर कबीर ने श्रीरामपुर के राम-सीता मंदिर का जीर्णोद्धार कर भव्य रूप में उसके प्रतिष्ठा की बात कही है। यह भी समझना होगा कि वर्ष 2024 में राम के प्रति तृणमूल कांग्रेस का रवैया बदला है। अमूमन रामनवमी से सार्वजनिक तौर पर खुद को दूर रखने वाले तृणमूल नेताओं को भी वर्ष 2024 में राम का नाम लेते हुए देखा गया है। रामनवमी के दौरान तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार कल्याण बनर्जी को बार-बार प्रभु श्रीराम का पूजन करते हुए देखा गया। श्रीरामपुर भगवान जगन्नाथ के भक्तों का शहर है और पश्चिम बंगाल सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च कर महेश के ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराया है और उसे पर्यटनस्थल के रूप में विकसित किया है। उत्तरपाड़ा, श्रीरामपुर और चांपदानी विधानसभा क्षेत्रों में कुछ तृणमूल कार्यकताओं के असंतोष ने भाजपा उम्मीदवार कबीर शंकर बोस के मन में उम्मीद की किरण जगाई है। श्रीरामपुर लोकसभा सीट से तीन बार के सांसद और तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार कल्याण बनर्जी ने श्रीरामपुर के लोगों का साथ कभी नहीं छोड़ा। हालांकि कल्याण बनर्जी के खिलाफ एक विरोध की लहर भी है। फिर भी एक ऐसे समय में जब तृणमूल कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग रहे हैं, तृणमूल के कई कद्दवार नेता जेल की हवा खा रहे हैं लेकिन कल्याण बनर्जी पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक इस बार श्रीरामपुर सीट से माकपा उम्मीदवार दीपशिता धर किंगमेकर की भूमिका अदा कर सकती हैं।

## रक्सौल का ड्रग्स कारोबारी बबलू पासवान लापता,पत्नी ने थानेदार पर लगाया आरोप



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।**भारत-नेपाल सीमा पर सक्रिय ड्रग्स कारोबारी रक्सौल के बड़ा परेउआ वार्ड नंबर 17 निवासी बबलू पासवान पिता बंगाली पासवान के लापता होने की बात सामने आयी है। बबलू की पत्नी बेबी देवी ने हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार पर पति को गायब करने का आरोप लगाते रक्सौल थाना को आवेदन सौपा है। जिसमे कहा गया है,कि 26 अप्रैल को उनके पति बबलू पासवान को हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार ने फोन करके थाना बुलाया था। रक्सौल डीएसपी ने इस बाबत एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार को जांच कर कार्रवाई करने का आवेदन देकर बेबी देवी ने न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल को उनके पति बबलू पासवान को हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार ने फोन करके थाना बुलाया था।तब से वह घर नहीं लौटें है। गायब वाले दिन वह रात में हरैया ओपी भी गई थी लेकिन प्रभारी अनुज कुमार से उसके पति को लेकर कुछ भी बताने से मना कर दिया था। आवेदन में बताया गया है,कि हरैया ओपी प्रभारी और उसके पति के बीच दस पंद्रह दिनों से बात हो रही थी। इस संबंध में हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि सभी आरोप बेबुनियाद है, जांच में सब पता चल जाएगा। वहीं इस बाबत रक्सौल डीएसपी धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस मामले को लेकर बबलू पासवान के फोन का डिटेल निकाला जा रहा है।साथ ही सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।साथ ही उसके अपराधिक प्रवृत्ति के मद्देनजर कई दृष्टिकोण से वैज्ञानिक व तकनीकी अनुसंधान जारी है।

## एक नजर

### सुषमा सुमन को आयरन लेडीज उपाधि देकर सम्मानित किया गया



**कोडरमा ।** कोडरमा जिला के लिए बहुत हर्ष का दिन है योग क्रांतिकारी योगी सुषमा सुमन को धनबाद में अखिल भारतीय संत समिति झारखंड प्रांतीय बैठक में योगाचार्य योग क्रांतिकारी योगी सुषमा सुमन को आज आयरन लेडीज उपाधि देकर सम्मानित किया गया यह सम्मान स्वामी जितेंद्रनंद सरस्वती महाराज राष्ट्रीय महामंत्री के द्वारा यह सम्मान दिया गया और एक माला देकर सुषमा सुमन को सम्मानित किये और झारखंड प्रांत के महा मंत्री पूज्य स्वामी हसानंद गिरी जी महाराज अंग वस्त्र देखकर सुषमा सुमन को सम्मानित किये सुषमा सुमन ने दोनों महाराज जी को कोटि-कोटि नमन की साथ में स्वामी रामदेव महाराज को भी नमन की आज उनके मार्गदर्शन से इतनी बड़ी सम्मान मिला है ।

### केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के आगमन को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेडियम में रविवार को भाजपा कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष महेंद्र नायक व संचालन मंडल उपाध्यक्ष रणधीर सिंह ने किया। बैठक में पंचायत, मंडल व जिला स्तर के प्रभारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के 2 मइ को मयूरहंड आगमन कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा किया गया। बताया गया कि श्री ठाकुर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में मतदान करने को लेकर आयोजित जन सभा को संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी भाजपा जिला महामंत्री डॉक्टर मृत्युंजय कुमार सिंह ने दिया। मौके पर जिला मंत्री सह प्रखंड प्रभारी शिव बालक सिंह, विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, अधिवक्ता संत कुमार सिंह, प्रखंड संयोजक संजय कुमार सिंह, भुनेश्वर साव, रसिक शिरोमणी, रामटहल गुप्ता, बसंत सिंह, सीताराम दांगी, पेमन नायक, अयोध्या पांडेय, संजय प्रजापति समेत अन्य शामिल थे।

### विद्युत विभाग ने 15 बकायेदारों के काटे कनेक्शन

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड़ अंतर्गत सलगा गांव में विद्यत विभाग ने छापेमारी अभियान चलाकर 15 बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन काट दिया है। छापेमारी अभियान कनीय अभियंता तरुण कुमार के निदेर्शानुसार चलाया गया। कनीय अभियंता ने बताया कि बगैर बिजली बिल जमा किये, बिजली जलाते हुए पकड़े जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी अभियान में सन्तोष कुमार, महावीर दांगी, विकास कुमार, पंकज कुमार सहित अन्य विद्युत कर्मी शामिल थे।

### अक्षय आनंद ने जेइइ मेंस में 99.29 प्रतिशत अंक लाकर लहराया प्रचम



**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड निवासी मुकेश प्रसाद के पुत्र अक्षय आनंद ने जेइइ मेंस में 99.29 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड व जिले के साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। अक्षय आनंद दशवीं की पढ़ाई ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल चुटिया से 2022 में पास किया, अक्षय आनंद रांची के जेवीएम श्यामली के छात्र हैं। रांची के चौंप स्क्वायर से कोचिंग लिया, अक्षय आनंद ने 12 से 15 घंटा पढ़ाई करके जेइइ मेंस के अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ कड़ी मेहनत, गुरुजनों के मार्गदर्शन, माता-पिता के आशीर्वाद एवं अपने सफलता का श्रेय बताया। अक्षय आनंद की माता रीना प्रसाद ने कहा की अनुशासन, नियमित अभ्यास एवं सॉफ्ट स्किल के साथ जेइइ मेंस में सफलता स्वीकार किया। मुकेश प्रसाद को खुशी से फूले नहीं समा रहा एवं घर में प्रशंसा का माहौल बना हुआ है।

### महा रुद्र यज्ञ के निमित्त हुआ ध्वजारोहण व विशाल शिव चर्चा का आयोजन



**हंटरगंज चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पाण्डेयपुरा में आगामी महारुद्र यज्ञ के निमित्त रविवार को यज्ञ स्थल पर ध्वजारोहण किया गया। जिसमें पूर्व विधायक जनार्दन पासवान एवं पाण्डेयपुरा मुखिया रेनू देवी शामिल हुए। ध्वजारोहण से पूर्व गाजे बाजे के साथ क्षेत्र भ्रमण करते हुए क्षेत्र के सभी मंदिरों में पूजणोपरांत ध्वजा लगाने का कार्य किया गया। पाण्डेयपुरा में नौ दिवसीय महारुद्र यज्ञ का आयोजन 26 मई को कलश यात्रा से प्रारम्भ होगा। जिसमे बरुन पूजन, पउचांक पुजन, मंडप प्रवेश, अरणी मंथन परिक्रमा, हवन पूजन के कार्य को करते हुए 3 जून को पूणार्हुति भंडारा और विदाई के कार्योपरान्त महा रुद्र यज्ञ का समापन किया जायेगा।

## मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक हीट वेव लू/गर्म हवा चलने की चेतावनी जारी

# लू से बिगड़ सकता है स्वास्थ्य,रहें सावधान: डीसी

**धूप में अनावश्यक बाहर न निकलें, पूरे शरीर को ढंककर निकलें**



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक हीट वेव लू/गर्म हवा चलने की चेतावनी जारी की है। इसमें बच्चों से लेकर वृद्धजन को बेहोशी, मांसपेशियों में जकड़न, मिर्गी का दौरा, चिड़चिड़ापन, सरदर्द, अधिक पसीना आना, कमजोरी, चक्कर आना, सांस व दिल की धड़कन तेज होना, उल्टी आना आदि परेशानी हो सकती है। आमजनों को लू से बचने के लिए खान-पान से लेकर आवाजाही में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। वहीं डीसी अनन्य मित्तल ने तापमान में बढ़ोतरी और गर्म हवा/लू को लेकर जिलावासियों से अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा के प्रति सावधान रहने की अपील भी की है। साथ ही उन्होंने कहा कि लू और अत्यधिक गर्मी में घर से बाहर निकलना आपके स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह है। जरा सी लापरवाही लू की चपेट में आने का कारण बन सकता है। और तो और इसके गंभीर परिणाम भी हो सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तत्काल अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सकों से संपर्क करने को उन्होंने कहा है। सभी केंद्रों में पर्याप्त मात्र में ओआरएस पाउडर समेत अन्य जरूरी दवाएं उपलब्ध है। इससे बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं। भले ही प्यास न लगी हो। मिर्गी या हृदय, गुर्दे या यकृत की बीमारी से पीड़ित व्यक्ति जो तरल पदार्थ-प्रतिबंधित आहार पर हैं या जिन्हें द्रव प्रतिधारण की समस्या है, उन्हें तरल पदार्थ का सेवन बढ़ाने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। इसी तरह खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस, घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी आदि का उपयोग करें। हल्के, हल्के रंग के, ढीले, सूती कपड़े भी पहनें। यदि बाहर हैं, तो अपना सर ढकें। कपड़े, टोपी या छाते का उपयोग करें। अपनी आंखों की सुरक्षा के लिए धूप का चश्मा और अपनी त्वचा की सुरक्षा के लिए सनस्क्रीन का प्रयोग करें। प्राथमिक चिकित्सा में प्रशिक्षित हों। बुजुर्गों, बच्चों, बीमारों या अधिक वजन वाले लोगों का विशेष ध्यान रखें। क्योंकि वे अत्यधिक गर्मी के शिकार होते हैं। नियोक्ता अपने कार्यस्थल पर ठंडा पेयजल उपलब्ध करायें। सभी श्रमिकों को आराम करने के लिए छायादार स्थल, साफ पानी, छाछ, आइस-पैक, प्राथमिक चिकित्सा किट) प्रदान करें। कठिन कामों को दिन के ठंडे समय में शेड्यूल करें।उच्च ताप वाले क्षेत्र में नए श्रमिकों को हल्का काम और कम घंटे दें। गर्भवती महिलाओं और चिकित्सीय स्थिति वाले श्रमिकों पर अतिरिक्त ध्यान दिया जाना चाहिए।कर्मचारियों को लू की चेतावनी के बारे में सूचित करें।

**अन्य सावधानियां :-**

- जितना हो सके घर के अंदर रहें।
- नमक और जीरा के साथ प्याज का सलाद और कच्चे आम जैसे पारंपरिक उपचार हीट स्ट्रोक को रोक सकते हैं।
- पंखे का प्रयोग करें, आपके घर या कार्यालय में आने वाले विक्रेताओं और डिलीवरी करने वाले लोगों को पानी दें।
- सार्वजनिक परिवहन और कार-पूलिंग का उपयोग करें। इससे ग्लोबल वार्मिंग और गर्मी को कम करने में मदद मिलेगी।
- सूखे पत्ते, कृषि अवशेष एवं कूड़ा-कचरा न जलायें।
- जलस्रोतों का संरक्षण करें। वर्षा जल संचयन का अभ्यास करें।
- धूप में बाहर जाने से बचें, खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच।
- नंगे पैर बाहर न निकलें।
- पीक आवर्स के दौरान खाना पकाने से बचें। खाना पकाने वाले क्षेत्र को पर्याप्त रूप से हवादार बनाने के लिए दरवाजे और खिड़कियां खोलें।
- शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचें.
- उच्च प्रोटीन, नमकीन, मसालेदार और तैलीय भोजन से बचें। बासी खाना न खाएं.
- पार्क किए गए वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को अकेला न छोड़ें।
- प्रकाश बल्बों का उपयोग करने से बचें जो कंप्यूटर या उपकरणों की तरह अनावश्यक गर्मी उत्पन्न कर सकते हैं।

## कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी 30 को दाखिल करेंगे नामांकन

# इंडिया गंठबंधन के बड़े नेता होंगे शामिल: सत्यानंद भोक्ता



संवाददाता

**चतरा।** लोकसभा चतरा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी 30 अप्रैल को नामांकन का परचा भरेंगे। विपक्षी दलों के इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी श्री त्रिपाठी स्थानीयता और विकास को मुद्दा बनाकर चुनावी मैदान में है। जिला मुख्यालय स्थित उत्सव प्लेस में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा की चतरा में स्थानीय युवकों को रोजगार दिलाना उनकी प्राथमिकता है। वहीं झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोगता ने कहा कि झारखंड की समस्याओं के समाधान के लिए हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनी सरकार ने उल्लेखनीय काम किया है। सरकार ने जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता दी है। 30 लाख घरों के लिए प्राप्त आवेदनों में से अब तक 20 लाख घरों को मंजूरी दी जा चुकी है। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में झारखंड सरकार ने उल्लेखनीय काम किया है। लोग इस बार लोकसभा चुनाव में काम को आधार मानकर वोट करने जा रहे हैं। मंत्री श्री भोगता ने आगे कहा कि चतरा में दस वर्षों तक भाजपा के सांसद रहे। लेकिन गिनाने लायक एक भी काम नहीं है। इंडिया अलायंस की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी श्री त्रिपाठी 30 अप्रैल को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस अवसर पर झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री बन्ना गुप्ता, कल्पना सोरेन और राजद के प्रदेश अध्यक्ष मौजूद रहेंगे और नामांकन कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। उन्होंने आम जनता से इस नामांकन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमोद दुबे, राजद जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, झामुमो जिलाध्यक्ष पंकज कुमार समेत इंडिया एलायंस के नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## समारोहपूर्वक मनाया गया दांगी कुशवाहा महासभा चतरा इकाई का 12वां स्थापना दिवस




संवाददाता

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत कोलेश्वरी मंदिर परिसर में रविवार को दांगी कुशवाहा महासभा चतरा इकाई का 12वां स्थापना दिवस समारोहर्पूव मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि हजारीबाग के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बुद्ध के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करने के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं स्थापना दिवस को संबोधित करें मुख्य अतिथि श्री मेहता ने कहा कि समाज में राजनीति चेतन नहीं जागी तो आने वाली पीढ़ी आपको माफ नहीं करेगी। एक समय था जब झारखंड में एक दर्जन दांगी कुशवाहा समाज से विधायक व सांसद हुआ करते थे। परंतु सामाजिक बिखराव का लाभ दूसरे समाज के लोग ले रहे हैं। उन्होंने सभी को एकजुट होकर समाज के विकास में लग जाने का आह्वानकिया। कार्यक्रम को चतरा के पूर्व सांसद और भारत सरकार के पूर्व मंत्री नागमणि ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा आज भी हमारे समाज के 100 में 90 शोषित है। इसके बावजूद भी समाज नही जाग रही है। इस पर समाज को विचार करने की आवश्यकता है। सभा को संबोधित करते हुए वोट फॉर लोकल के नेतृत्वकर्ता देवचरण दांगी ने कहा कि अभीतक राजनीतिक चेतना नहीं होने के कारण इसका लाभ दूसरे लोगों ने बखूबी उठा लिया। यदि समाज नहीं जगी तो आने वाला दिन और भी खराब होगी। मौके पर पत्थलगड़ा की जिप सदस्य राम सेवक दांगी, सतीश कुमार, उपाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा, देवनारायण दांगी, गिद्धौर के पूर्व जिप सदस्य राम लखन दांगी, कोषाध्यक्ष देवनारायण दांगी, इंद्रमणि देवी, इटखोरी के विजय दांगी, नवल किशोर दांगी, राजूलाल वर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने भी समारोह को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष केदार प्रसाद दांगी ने किया। मौके पर काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## श्री दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में 10 रू में जरूरतमंदों को उपल्बध कराएगा सामान



संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** श्री दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में हेल्पिंग हैंड्स के द्वारा जरूरतमंदों को घर में आने वाली उपयोगी सामान मात्र 10 में दिए जाएंगे 30 को यह कार्यक्रम जैन भवन राजगढ़िया रोड में प्रातः 10:00 बजे से होगा । जैन समाज के द्वारा सेवा के इस कार्यक्रम में प्रत्येक सामान का 10 देकर एक व्यक्ति पांच सामान तक ले सकता है । इस अनूठे सेल कार्यक्रम में नए एवं पुराने सामानों का मिश्रण होगा पुराने सामान भी काम में आने लायक होंगे । साड़ी, लेडीज कुर्ती , सूट , जींस टी-शर्ट, कपड़ा , जूता चप्पल, कुर्सी, टेबल ,साइकिल, बर्तन आदि घर के दैनिक जीवन में काम आने वाले समान होंगे। एक बार ले जाने के बाद सामान की वापसी या अदला बदली नहीं होगी। जरूरतमंद व्यक्ति को 15 मिनट का समय रहेगा। वहां पर हजारों सामान रहेंगे। आप एक समान का मात्र 10 देकर अपनी मर्जी से अपने पसंद का अधिकतम पांच सामान तक ले सकते हैं। जैन समाज के मंत्री नरेंद्र झाझंरी एवं पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि मानवता की सेवा ही सच्ची सेवा है । जैन समाज हमेशा जरूरतमंदों की सेवा के लिए आगे बढ़कर कार्य करता है । समाज के युवा बच्चों के द्वारा हेल्पिंग हैंड्स के तहत इस तरह की सेवा का कार्य पहली बार किया जा रहा है । जिसमें हजारों समान मात्रा 10 में दिए जाएंगे। हम सभी को विश्वास है , शहर के सैकड़ो जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिलेगा । इस कार्यक्रम के परियोजना निदेशक प्रियंका जैन छाबड़ा , अभिषेक जैन गंगवाल, अमित जैन ,सेठी इसान जैन कासलीवाल शिखा जैन गंगवाल खुशबू जैन सेठी हेल्पिंग हैंड्स ग्रुप के सदस्यों ने कहा कि सेवा का यह कार्य फ्री में भी किया जा सकता था परंतु प्रति समान 10 रखने का उद्देश्य यह है कि सामान लेने वाले अपने आप को कमजोर ना समझे उनमें किसी प्रकार की झिझक ना हो प्रत्येक व्यक्ति का अपना सम्मान होता है।

### चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा..किया पुलिस के हवाले

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत कटघर सियारी में एक घर में चोरी के मकसद से घुसे चोर पर ग्रामीण की नजर पड़ गई। उसके बाद ग्रामीणों ने चोर को दौड़ा कर पकड़ने की कोशिश की परंतु चोर भागते हुए उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सियारी में छुप गया। उसके बाद उसे ग्रामीणों खेज निकाला और उसे पुलिस को सौंप दी। घटना बीते देर रात की है। इस मामले में सियारी कटघर निवासी राजेश दांगी की पत्नी रंजन कुमारी ने रविवार को चोर के विरुद्ध थाना में आवेदन दी है। आवेदन में बताया गया है कि घर के सभी सदस्य पत्थलगड़ा गए हुए थे और तीन बच्चों के साथ थी। तभी गांव के ही लोकनाथ दांगी का पुत्र श्रवण दांगी सहित अन्य चोरी करने के मकसद से आये। मैं खिड़की तरफ से देखकर हो हल्ला करने लगी तो हल्ला सुन ग्रामीण जुटे और श्रवण कुमार सहित अन्य चोर भागने लगे।

### बिरसानगर हुरलुंग में सरकारी पट्टे की जमीन पर भू-माफिया जेसीबी चलाकर कर रहे कब्जा



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** कदमा भाटिया बस्ती शिव पथ निवासी मुकेश कुमार सिंह ने बिरसानगर थाना अंतर्गत मौजा हुरलुंग स्थित पट्टे पर ली गई सरकारी जमीन जिसका खाता नं 426, प्लॉट नं 396, थाना नं 1201, हल्का नं 5 है, पर भू-माफियाओं द्वारा कब्जा करने की शिकायत जमशेदपुर अंचलाधिकारी से की है। अपनी लिखित शिकायत में उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 से इस प्लॉट पर वे 19.70.7318 हेक्टेयर सरकारी जमीन पट्टे पर लेकर स्थाई रूप से चिमनी ईंट भट्टा का कारोबार कर रहे हैं। इस भट्टे में पिता के नाम की बीएनएस ईंट बनती थी। आगे उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में कोरोना महामारी पूरे देश में फैल गई थी। जिसमें उनके पिता की मृत्यु भी हो गई थी। जिसके कारण उनके ईंट भट्टा का कारोबार लगभग बंद हो गया था। उस समय जमीन हुरलुंग निवासी शंकर पात्रों की देख-रेख में थी। मगर उन्हें मार्च 2024 में पता चला कि उनके पट्टे पर लिए गए जमीन को भू-माफियाओं द्वारा कब्जा कर प्लॉटिंग में बेचा जा रहा है। जिसके लिए भू-माफिया जेसीबी का उपयोग भी कर रहे हैं। साथ ही उनके भट्टा से 6 लाख ईंट निकालकर भू-माफियाओं ने प्लॉटिंग करने के दौरान दीवार के लिए इस्तेमाल भी कर ली। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि स्थानीय शंकर पात्रों ने भू-माफिया सिदगोड़ा बारीडीह निवासी विपिन सिंह उर्फ कल्लू और सिदगोड़ा फौजा बगान निवासी प्रलय पॉल समेत अन्य।

## बैठक

**भाजपा की कोर कमेटी जिला अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक**

# अपने-अपने बूथों पर पन्ना प्रमुख की भूमिका निभाएंगे:दीपक प्रकाश



संवाददाता

**कोडरमा ।** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला कि कोर कमेटी, जिला पदाधिकारी,मंच मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों की एक बैठक केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास चाराड़ीह में हुई। बैठक कि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप जोशी तथा संचालन जिला महामंत्री शिवेन्द्र नारायण सिन्हा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय,कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव उपस्थित हुए। दीपक प्रकाश ने सभी मंडल अध्यक्षों से सभी बुथो का वृत लिया और निर्देश दिया कि आप अपने बुथो पर पन्ना प्रमुख बनाए। सभी प्रमुख कार्यकताओं को भी कहा कि अपने-अपने बुथो पर पन्ना प्रमुख की भूमिका निभाएंगे। सभी नेता एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओ को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों को घर घर जाकर बताने का कार्य करें। और आप अपने प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनावे। बालमुकुंद सहाय ने कहा कि मंडल अध्यक्ष अपनी कोर कमेटी बनाएं और उन्हें कार्यभार दें की संयोजक ,सह संयोजक बूथ अध्यक्षों के साथ घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान करें और मोदी जी के जनहित कार्यों को घर-घर पहुंचाएं और मोदी का प्रणाम का संदेश दें। हर बूथ पर 10% वोट बढ़ाने का सफल प्रयास करें। कोडरमा की विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा मोदी की लाभार्थी योजनाओं से सभी लोगों को लाभ मिला है, केवल आप लोग जनसंपर्क करके लोगों को बताएं मोदी ने जनता के हित के लिए क्या कार्य किया और आगे आने वाली सरकार में जिनका आवास नहीं है पूरे देश में 3 करोड़ नया आवास बना कर दिया जाएगा। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा 76 वर्ष की आजादी के बाद जो मूलभूत सुविधाएं जनता को मिलनी चाहिए थे वह आज तक नहीं मिली 60 वर्षों के कांग्रेस के कार्यकाल में केवल जनता को ठगने का कार्य हुआ।

> **संयोजक ,सह संयोजक बूथ अध्यक्षों के साथ घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान करें**

## भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो भारी मतों से जीताने का संकल्प ले कार्यकर्ता : राजेश सिंह



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** लोकसभा चुनाव के तैयारी के लिए रविवार कदमा भाटिया बस्ती में एक जोन की बैठक प्रभारी डीएन सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी एवं सह प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से पश्चिम विधानसभा के संयोजक कमल किशोर मंडल, मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह एवं महामंत्री अजय झा भी उपस्थित थे। इस दौरान कमल किशोर ने मार्गदर्शन करते हुए कार्यकताओं से आगामी 30 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह भी किया। साथ ही मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह ने सभी क्षेत्रों में सम्पर्क अभियान चलाकर मोदी जी के चार सौ पार के संकल्प को पूरा करने का आग्रह भी किया। मौके पर राघव प्रसाद, राजेश कुमार सिंह, केएन ओझा, तापस सरकार, विक्की यादव, निर्दोष वर्मा, गणेश भुमिज, मनोज कुमार सिंह, सीमा जयसवाल, भरत कर्मकार, खुशी ओझा, पंकज सिंह, मोहन दुबे, रवि पाल, संजय भुमिज, शंकर चक्रवर्ती, बिंदु माधव तिवारी, विनय वर्मा, बलदेव वर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### भारतीय महिला टीम सिंगापुर को हराकर थॉमस कप क्वार्टरफाइनल में पहुंची

**चेंगदू ।** भारतीय महिला बैडमिंटन टीम रविवार को सिंगापुर को 4-1 हराकर थॉमस और उबेर कप टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी है। चीन के चेंगदू में खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम की सिंगापुर के खिलाफ शुरूआत अच्छी नहीं रही। अश्मिता चालिहा शुरूआती एकल मुकाबले में सिंगापुर की येओ जिया मिन से हार गईं और भारत 1-0 से पिछड़ गया। इसके बाद प्रिया कोन्जेंगबाम/श्रुति मिश्रा ने जिओ एन हेंग और जिन यू जिया के खिलाफ अपना युगल मैच 21-15, 21-16 से जीतकर भारतीय अभियान की शुरूआत की। दुनिया की 83वें नंबर की इशरानी बरुआ ने 151वीं रैंकिंग वाली इंसिइरा खान को 21-13, 21-16 से हराकर भारत को बढ़त दिला दी, इससे पहले कनाडा के खिलाफ मैच हारने वाली सिमरन सिंघी/रितिका ठाकर ने टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की। इस वर्ष की शुरूआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम की स्वर्ण पदक जीत की हीरो और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन 17 वर्षीय अनमोल खरब ने ली शिन यी मेगन को 21-15, 21-13 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि युवा भारतीय महिला टीम ने पीवी सिंधु, अश्विनी पोनप्पा-तनिषा क्रैस्टो और गायत्री गोपीचंद-ट्रीसा जॉली जैसे बड़े नामी खिलाड़ियों की कमी के बावजूद शनिवार को ग्रुप ए के ओपनर में कनाडा को 4-1 से हरा दिया और सिंगापुर के खिलाफ एक और शानदार जीत के साथ बढ़त को बनाये रखा है। दो जीत के साथ भारत ग्रुप में शीर्ष दो में जगह बनाने और अंतिम आठ में जगह बनाने के करीब है। भारतीय पुरुष टीम सोमवार को इंग्लैंड की टीम से मुकाबला करेंगी।

### तेज गेंदबाजी और स्पिनरों को लेकर चीजें स्पष्ट नहीं

**नयी दिल्ली।** विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की आखिरी तारीख एक मई है। ऐसा समझा जाता है कि अगरकर मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेली गयी आईपीएल मैच के लिए विशेष रूप से दिल्ली आए थे, क्योंकि उन्हें कप्तान रोहित के साथ बातचीत करने का मौका मिल सके और अंतिम टीम चुनने के लिए अपने सहयोगियों के साथ बैठक से पहले उनके लिए चीजें स्पष्ट हो। टीम में कुछ स्थानों को लेकर चर्चा की जरूरत है। इसमें सबसे अहम हार्दिक पंड्या की गेंदबाजी फिटनेस है। अगर हार्दिक को 15 सदस्यीय टीम में जगह मिलती है तो शिवम दुबे और रिंकू सिंह में से केवल एक को ही जगह दी जा सकती है। विकेट कीपर के विकल्प के लिए ऋषभ पंत के साथ संजू सैमसन और लोकेश राहुल के नामों को लेकर चर्चा होगी। तेज गेंदबाजी और स्पिनरों को लेकर भी चीजें स्पष्ट नहीं है। जसप्रीत बुमराह शानदार लय में है तो वहीं अनुभवी मोहम्मद सिराज का आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई और युजवेंद्र चहल में टीम के तीसरे स्पिनर के लिए मुकाबला होगा। बेहतर बल्लेबाजी कौशल के कारण अक्षर का दावा ज्यादा मजबूत है।

### भारतीय स्पिनर छोटे प्रारूपों में गेंद को स्पिन की जगह तेज करा रहे :मुथैया मुरलीधरन

**चेन्नई।** श्रीलंका के दिग्गज गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन का मानना है कि भारत के युवा स्पिनर बड़े शॉट को रोकने की कोशिश में गेंद को स्पिन करने की कला से दूर हो रहे हैं। टेस्ट में 800 विकेट लेने वाले मुरलीधरन इंडियन प्रीमियर लीग टी20 में सनराइजर्स हैदराबाद के रणनीतिक कोच है। मुरलीधरन ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, भारत में समस्या यह है कि अधिकांश स्पिनर गेंद को स्पिन नहीं कर रहे हैं क्योंकि वे थोड़ी तेज गेंदबाजी कर रहे हैं। उन्हे समझना होगा कि गेंद अगर स्पिन नहीं होगी तो बल्लेबाज को चकमा देना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, बल्लेबाज जब नेट सत्र में अभ्यास करते है तो थ्रो डाउन पर गेंद सीधी आती है, ऐसे मे बल्लेबाज पहले से तय मानसिकता के साथ खेलते हैं। लेकिन जब गेंद टर्न लेती है तब उसका सामना करने को लेकर अचानक से उनका दिमाग नहीं चलता है। ऐसे में बेहतर मौके लिए स्पिनरों को गेंद को टर्न करने की कला को सीखना होगा।

### संजू और लोकेश राहुल नें दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए अपने दावे मजबूत किये

**नयी दिल्ली ।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ का मानना है कि आईपीएल में बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों के बाद संजू सैमसन और लोकेश राहुल ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए अपने दावे मजबूत किये हैं। वेस्टइंडीज और अमेरिका में जून में खेले जाने वाले इस विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा जल्द ही होने वाली है। टीम में ऋषभ पंत को पहली पसंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में चुना जाना लगभग तय है। उन्हें (राहुल और सैमसन) साझेदारी बनाने की जरूरत थी। राहुल ने इसे (दीपक) हुडा के साथ किया और संजू ने इसे ध्रुव जुरेल के साथ खूबसूरती से निभाया। दोनों में अंतर यह था कि संजू ने मैच को सफलतापूर्वक खत्म किया जबकि राहुल अहम मौके पर आउट हो गये। यह देखना हालांकि शानदार था कि दोनों उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने विश्व कप चयन के लिए अपना दावा मजबूत किया। राहुल ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 48 गेंदों में 76 रन बनाए, लेकिन राजस्थान रॉयल्स के कप्तान सैमसन ने 33 गेंदों में नाबाद 71 रन बनाकर उस प्रयास को विफल कर दिया।

# तीरंदाजी विश्व कप : भारतीय 'तिकड़ी' ने दक्षिण कोरिया को हराकर जीता स्वर्ण पदक

**धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव की तिकड़ी ने ऐतिहासिक जीत दिलाई है**

**भारतीय रिकर्व टीम ने 14 वर्षों के बाद कोरियाई रिकर्व टीम को हराया**



एजेंसी

**शंघाई।** शंघाई में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में रविवार को भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर 14 साल बाद स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। इस मैच में धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव की तिकड़ी ने यह ऐतिहासिक जीत दिलाई है। रिकर्व पुरुष टीम स्पर्धा के फाइनल में भारतीय तिकड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मजबूत दक्षिण कोरियाई तिकड़ी पर 5-1 (57-57, 57-55, 55-53) से जीत दर्ज की। साई मीडिया ने सोशल मीडिया एक्स पर बताया, शंघाई में भारतीय तीरंदाजी में पदकों की दौड़ जारी! तरुण, धीरज और प्रवीण की पुरुष रिकर्व टीम ने ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरियाई टीम पर 5-1 से जीत हासिल कर स्वर्ण पदक जीता।

साई मीडिया ने लिखा, तरुणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव की टॉप्स एथलीट तिकड़ी इतिहास का हिस्सा बन गई क्योंकि भारतीय रिकर्व टीम ने 14 वर्षों के बाद कोरियाई रिकर्व टीम को हराया।

इसके अलावा धीरज बोम्मदेवरा और अंकिता भक्त की जोड़ी ने मिश्रित टीम स्पर्धा में मेक्सिको को 6-0 से हराकर कांस्य पदक जीता है। कुल मिलाकर टूर्नामेंट में भारत अब तक पांच स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम कर चुका है।

# चोट से नहीं उबर पाये डेविड वॉर्नर और इशांत शर्मा, प्लेइंग इलेवन से रहेंगे बाहर





**फिट होने के लिए अभी एक और सप्ताह का लगेगा समय**

**इशांत की पीठ में जकड़न है जो दो मैच पहले हुआ था**

**वॉर्नर को हाथ में चोट लगी है जिससे वह अभी उबर नहीं पाए हैं**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** धाकड़ बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और तेज गेंदबाज इशांत शर्मा प्लेइंग इलेवन से बाहर रहेंगे, वह चोट से अभी उबर नहीं पाये है और उन्हें पूरी तरह फिट होने के लिए अभी एक और सप्ताह का समय लगेगा।

मुंबई इंडियंस के खिलाफ 10 रन से जीत के बाद दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के असिस्टेंट कोच प्रवीण आमरे कहा, मुझे लगता है कि वॉर्नर को पूरी तरह फिट होने में एक सप्ताह और लगेंगे और इशांत को भी इतना ही समय लगेगा। इशांत की पीठ में जकड़न में है जो दो मैच पहले हुआ था। वॉर्नर को हाथ में चोट लगी है जिससे वह अभी उबर नहीं पाए हैं। उनका एमआरआई कराया गया था जिसमें उनकी चोट के बारे में पता चला है कि उन्हें दो से तीन सप्ताह आराम करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि हम जब दिल्ली वापस आएंगे तो वे सिलेक्शन के लिए तैयार होंगे।

पृथ्वी शॉ को लेकर उन्होंने कहा, जब हम मैदान में पहुंचे तो पृथ्वी अच्छा महसूस नहीं कर रहे थे। इसके बाद हमने फैसला लिया कि यदि वह पूरी तरह फिट नहीं हैं तो हम अभिषेक पोरेल के साथ जाएंगे।

दिल्ली कैपिटल्स का अगला मैच 29 अप्रैल को कोलकाता में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ होना है और इसके बाद वे सात मई को वापस आकर दिल्ली में राजस्थान रॉयल्स का सामना करेंगे।

उल्लेखनीय है कि 12 अप्रैल को लखनऊ सुपर जॉयंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मैच में लैप शॉट लगाने के प्रयास में वॉर्नर को उंगली में चोट लगी थी। दूसरी ओर इशांत पीठ में जकड़न की समस्या से जूझ रहे हैं।

# गिलेस्पी पाक की टेस्ट टीम के मुख्य कोच नियुक्त

**अजहर महमूद सहायक कोच के रूप में अपनी सेवाओं को जारी रखेंगे**

**हम सर्वश्रेष्ठ विकल्पों को चुनना चाहते थे ताकि देश के लिए सर्वश्रेष्ठ परिणाम आ सके**



एजेंसी

**लाहौर।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी को पाकिस्तान की टेस्ट टीम का तथा दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को सीमित ओवर टीमों का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा न्यूजीलैंड सीरीज के अस्थायी तौर पर नियुक्त किये अजहर महमूद सहायक कोच के रूप में अपनी सेवाओं को जारी रखेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने यह घोषणा करते हुए कहा, हम मेडिकल साइंस में उतने आगे नहीं हैं, इसलिए हमारे देश में फिटनेस के मुद्दे हैं। हम सर्वश्रेष्ठ विकल्पों को चुनना चाहते थे ताकि देश के लिए सर्वश्रेष्ठ परिणाम आ सके। हमने जिनको चुना है, उनके रिकॉर्ड शानदार रहा है। उल्लेखनीय है कि पूर्व कोच ग्रैंट ब्रैडबर्न इस वर्ष जनवरी में अपने पद से हटा दिया गया था और फिर शेन वॉटसन को मुख्य कोच बनाने के लिए अप्रोच किया गया था। हालांकि बाद में बात नहीं बनी और अब लाल और सफेद गेंद की टीमों के लिए अलग-अलग कोच बनाया गया है।

## फिडे की विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए बोली प्रक्रिया शुरू

# लगभग 80 करोड़ का बजट रखा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) को अगर प्रतिभाशाली डी गुकेश और मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच विश्व चैंपियनशिप मुकाबले की मेजबानी करनी है तो उसे 80 करोड़ रुपये (9.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक खर्च करने होंगे। यह मुकाबला अस्थायी रूप से 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच निर्धारित है। शतरंज की वैश्विक नियामक संस्था फिडे ने शनिवार को बहुप्रतीक्षित मैच के लिए संभावित बोलीदाताओं से निविदाएं आमंत्रित कीं। एआईसीएफ के नवनिर्वाचित सचिव देव पटेल ने गुरुवार को ग्रैंड फिनाले की मेजबानी करने के लिए राष्ट्रीय निकाय की इच्छा व्यक्त की।

गुकेश की मौजूदगी के कारण एआईसीएफ इसमें दिलचस्पी ले रहा है। सत्रह साल के गुकेश सोमवार को टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बने हैं। संभावित बोली लगाने वाले के लिए फिडे द्वारा उल्लिखित बुनियादी मानदंड को पूरा करना होगा। इसमें वैश्विक निकाय के लिए 8.5 मिलियन डॉलर (लगभग 71 करोड़ रुपये) का बजट और 1.1 मिलियन डॉलर (लगभग नौ करोड़ रुपये) की सुविधा शुल्क है। टूर्नामेंट की अवधि 25 दिन की है। फिडे द्वारा प्रदान की जाने वाली कुल पुरस्कार राशि लगभग 2.5 मिलियन डॉलर (20 करोड़ रुपये से अधिक) है जो 2023 में पुरस्कार राशि दो मिलियन डॉलर (लगभग 17 करोड़ रुपये) से बढ़ा दी गई थी।

# बिश्नोई को लाने में देर कर दी, हमें 20 रन और बनाने चाहिए थे: राहुल



एजेंसी

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जॉयंट्स के कप्तान केएल राहुल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली हार को लेकर कहा कि हमें कम से कम 20 रन और बनाने चाहिए थे तथा हमने रवि बिश्नोई को लाने में देरी कर दी।

मैच के बाद राहुल ने कहा, हमने 20 रन कम बनाए। हमें एक अच्छी शुरूआत नहीं मिली थी लेकिन हूडा और मेरी साझेदारी ने टीम को दोबारा पटरी पर लाने का काम किया था। राहुल ने कहा, जब हम सेट थे तो वही समय था कि यदि हूडा ने 20 और रन बना दिए होते या फिर मैंने ही 20 और रन बना दिए होते तो शायद हम 220 पर पारी समाप्त करते। हम देख रहे हैं कि जिस तरह के मैच हो रहे हैं उसमें बल्लेबाजों को गेंदबाजों के लिए अतिरिक्त करने की जरूरत है। अंतिम ओवरों में राजस्थान रॉयल्स ने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन हमें 20-25 रन और बनाने के लिए जोर लगाना चाहिए था। राहुल ने बिश्नोई को इतनी देर में लाने पर कहा, मिश्रा एक अनुभवी खिलाड़ी हैं और हम पहले मैच से ही उन्हें इस्तेमाल करने के बारे में सोच रहे हैं। आज वो दिन था जब हमें लगा कि बीच के ओवरों में वह प्रभावशाली हो सकते हैं क्योंकि बाउंड्री बड़ी है और वह धीमी गेंद डालते हैं। हम बिश्नोई को अंत में इस्तेमाल करने के बारे में सोच रहे थे। हालांकि, जब एक बार रन बनने लगे तो उन्होंने विकेट गंवाने के बाद भी हमारे गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा।

उन्होंने, तेज गेंदबाजों के खिलाफ उन्होंने गति का अच्छा इस्तेमाल किया और मुझे बिश्नोई को लाने का सही समय ही नहीं मिला। मुझे लगता है कि जब मैं उन्हें लाया तो काफी देर हो चुकी थी। प्लान था कि उन्हें अंत के लिए रोकना है और यदि पॉवेल या हेटमायर आएं तो उनके खिलाफ उनका इस्तेमाल किया जाए।

## वाणिज्य

# अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों पर रहेगी बाजार की नजर



एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित निवेशकों की दमदार लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत तक की बढ़त पर रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों को लेकर होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 641.83 अंक अर्थात 0.9 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 73730.16 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 272.95 अंक यानी 1.23 प्रतिशत मजबूत होकर 22419.95 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह दिग्गज कंपनियों के मुकाबले बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक लिवाली हुई। इससे मिडकैप 1583.26 अंक अर्थात 3.95 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 41587.77 अंक हो गया। इसी तरह स्मॉलकैप 1805.5 अंक यानी 3.97 प्रतिशत की तूफानी तेजी के साथ 47239.29 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव घटने, तेल की कीमतों में गिरावट और स्थानीय स्तर पर विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में बढ़त से पीएमआई के बेहतर प्रदर्शन से प्रेरित देश के मजबूत आर्थिक आंकड़ों ने बीते सप्ताह बाजार में तेजी को बढ़ावा दिया।

# विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर घटकर 640.3 अरब डॉलर पर



एजेंसी

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर कम होकर लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 640.3 अरब डॉलर रह गया।

इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.8 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 560.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार एक अरब डॉलर बढ़कर 56.81 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 4.3 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.03 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर कम होकर 4.6 अरब डॉलर रह गया।

# अडानी कनेक्स ने 1.44 अरब डॉलर जुटाने को बनाई सस्टेनेबिलिटी लिंक्ड फाइनेंसिंग

एजेंसी

**अहमदाबाद।** अडानी एंटरप्राइजेज और एज कनेक्स के संयुक्त उपक्रम अडानी कनेक्स ने 1.44 अरब डॉलर तक जुटाने के लिए भारत की सबसे बड़ी सस्टेनेबिलिटी लिंक्ड फाइनेंसिंग स्थापित की है।

कंपनी ने रविवार को यहां जारी बयान में बताया कि यह लेनदेन अडानीकनेक्स के निर्माण कारोबार में वित्तपोषण पूल को 1.65 अरब डॉलर तक बढ़ा देगा। डेटा सेंटर सुविधाएं परिचालन दक्षता की बदौलत ईकोलॉजिकल फुटप्रिंट को कम करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों का इस्तेमाल करेगी। लिक्विडिटी के विस्तृत पूल तक पहुंच बढ़ती मांग के साथ पोर्टफोलियो परिसंपत्तियों के कार्यान्वयन को तेजी से ट्रैक करने की कंपनी की रणनीति को मजबूत करती है। फाइनेंसिंग के प्रति यह परिवर्तनकारी दृष्टिकोण टिकाऊ डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देगा और भारत के डिजिटल विकास को गति देगा।

अडानी कनेक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जयकुमार जनकराज ने कहा, यह मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थापना की चुनौतियों का सामना करने के लिए हितधारकों के सामूहिक संकल्प का प्रमाण है, जिससे मानदंडों को आगे बढ़ाया जा सके और नए उद्योग मानक स्थापित किए जा सकें। निर्माण वित्तपोषण अडानी कनेक्स पूंजी प्रबंधन योजना का एक बुनियादी तत्व है, जो हमें स्थिरता और पर्यावरणीय प्रबंधन में मजबूती से निहित डेटा सेंटर समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाता है। हमें अपने सम्मानित अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग भागीदारों के साथ इस यात्रा को शुरू करने में खुशी हो रही है।

## एक नजर

### चुनाव आयोग की टीम ने भांडुप में बरामद किये तीन करोड़, एटीएम कैश डिपाजिट वैन जब्त



**मुंबई।** 28 चुनाव आयोग की टीम ने भांडुप इलाके में नाकाबंदी कर तीन करोड़ रुपये बरामद किये हैं। टीम ने एक एटीएम में कैश डिपॉजिट करने वाली वैन भी जब्त की है। मौके पर आयकर विभाग के अधिकारी भी पहुंचे हैं और मामले की जांच कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार चुनाव आयोग के इलेक्शन फ्लाइंग स्क्वाड को भांडुप इलाके में एटीएम कैश डिपॉजिट वैन से पैसे ले जाने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर इलेक्शन फ्लाइंग स्क्वाड की टीम शनिवार रात को निगरानी कर रही थी। इसी दौरान बीती रात एक एटीएम कैश डिपाजिट करने वाली वैन भांडुप के सोनापुर इलाके में दिखी। इसे रुकवाकर जब पूछताछ की गई तो वैन में मौजूद लोग इस वैन में रखे गए तीन करोड़ रुपये के बारे में सही जवाब नहीं दे सके। फ्लाइंग टीम ने वैन को जब्त कर लिया है और भांडुप पुलिस स्टेशन में लाया गया है। चुनाव आयोग के फ्लाइंग स्कॉड ने आयकर विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया है, जो रविवार को सुबह भांडुप पुलिस स्टेशन में पहुंचे हैं और छानबीन कर रहे हैं। चुनाव आयोग के इलेक्शन फ्लाइंग स्कॉड ने महाराष्ट्र में पिछले 44 दिनों में तकरीबन 40 करोड़ से अधिक की नगदी जब्त की है।

### कुमाऊं विवि की सम सेमेस्टर परीक्षाएं दो से

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि से संबद्ध परिसरों व महाविद्यालयों की स्नातक, स्नातकोत्तर व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की सम यानी द्वितीय-चतुर्थ आदि सेमेस्टरों की मुख्य एवं एक्स छात्रों की मुख्य एवं बैक परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम अपनी आधिकारिक वेबसाइड पर अपलोड कर दिया था। यह परीक्षाएं आगामी 2 मई से मई माह के अंतिम सप्ताह तक आयोजित होंगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र राणा ने बताया कि परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा कराने की तिथि को 30 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है। परीक्षार्थियों से अपेक्षा की गयी है कि तय समय पर परीक्षा आवेदन पत्र भरें एवं शुल्क जमा कराएं तथा परीक्षाओं में शामिल हों।

### पश्चिमपारा इलाके में तृणमूल कार्यकर्ता की पीट-पीट कर हत्या, 13 हिरासत में

**कोलकाता।** बागुईआटी के अर्जुनपुर पश्चिमपारा इलाके में तृणमूल कार्यकर्ता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस मामले में 13 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। हत्या का आरोप तृणमूल समर्थकों पर ही लगा है। आरोप है कि तृणमूल के अंदरूनी कलह के चलते उक्त कार्यकर्ता की पार्टी के लोगों ने ही पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम संजीव दास है। सूत्रों के अनुसार, शनिवार रात बागुईआटी के अर्जुनपुर का पश्चिमपाड़ा इलाके में तृणमूल के दो गुटों के बीच झड़प हो गई। देखते ही देखते स्थिति बिगड़ती गई। सूचना पाकर पुलिस ने आकर स्थिति को नियंत्रित किया, लेकिन रात में दोनों गुटों के बीच फिर से झड़प शुरू हो गई। इलाके की बिजली काट कर मारपीट शुरू कर दी गयी। इस दौरान संजीव दास को बुरी तरह पीटा गया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के परिवार ने रात को ही बागुईआटी थाने में शिकायत दर्ज करा दी। दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपितों को हिरासत में लिया है। मृतक के परिवार का दावा है कि संजीव को सड़क पर गिरा कर उसके सिर पर रॉड, लाठियों और ईंटों से हमला किया गया। संजीव को आरजीकर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### उन्नाव में ट्रक-बस की सीधी भिड़ंत में कई यात्रियों की मौत, कई घायल

**उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर जमालूद्दीनपुर के पास रविवार को दोपहर सवारी से भरी बस की ट्रक से सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का एक तरफ का हिस्सा खुल गया। कई लोगों के मरने की खबर आ रही है। कई यात्री घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें कई यात्री गंभीर रूप से घायल हैं, जिससे मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है। बांगरमऊ की ओर से उन्नाव आ रही प्राइवेट निजी बस सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के जमल्दीपुर गांव के पास पहुंची थी। सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बस का दाएं ओर का हिस्सा पूरी तरह फट गया। सभी यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। कई यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक चकलवंशी मार्ग से होते हुए भाग निकला। हालांकि पुलिस को सूचना के बाद जिले में नाकाबंदी कर दी गई है। उधर घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में भर्ती कराया गया है, जहां कई लोगों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस के अधिकारी मृतक को और घायलों की संख्या भी स्पष्ट नहीं कर सके हैं।

---

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को बदायूं में जनसभा को किया संबोधित, बोले

# कांग्रेस के मेनिफेस्टो में भारत के खिलाफ हिडेन एजेंडा

एजेंसी

**बदायूं।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि जो लोग ईश्वरी ताकत को चुनौती देते हैं उनका पतन तय है। उन्होंने कहा कि सपा ने लोकसभा चुनाव का मजाक बनाकर रख दिया है। सपा द्वारा बार-बार अपने प्रत्याशियों को बदलना ये दिखाता है कि अखाड़ा सजने से पहले ही इन लोगों ने हार मान लिया है।

मुख्यमंत्री योगी ने अपने संबोधन की शुरूआत सप्तऋषि परंपरा के महान ऋषि कश्यप और महाराज भगिरथ की तपोभूमि व वेदों की पावन धरा बदायूं को नमन करते हुए किया। सीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव चल रहा है। मगर इसे भी सपा ने मजाक का विषय बना दिया है। सपा ने इतनी बार अपना प्रत्याशी बदल दिया है कि अखाड़ा सजने से पहले ही वह अपनी हार मान चुकी है। यहां से तो चाचा ने भी पलायन करना ठीक समझा और भतीजे के पांव भी पहले ही उखड़ चुके हैं। सपा ने यही काम शाहजहांपुर, रामपुर और मेरठ में भी किया है। मगर जनता कह रही है कि इससे कोई फायदा होने वाला नहीं, वह सपा के पुराने सभी कारनामों का हिसाब-किताब करेगी।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को उसके मेनिफेस्टो के आधार पर आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस देश के खिलाफ हिडेन एजेंडे पर काम कर रही है। सीएम योगी रविवार को बिल्सी में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य के लिए विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

योगी ने कहा कि पहले के पीएम अयोध्या जाने से संकोच करते थे। मोदी जी पहले प्रधानमंत्री हैं जो अयोध्या में राम जन्मभूमि दर्शन को गये और रामलला को 500 साल बाद उनके भव्य मंदिर में विराजमान भी कर दिया।

● राम और कृष्ण जैसी ईश्वरीय ताकत को चुनौती देने वालों का पतन तय : योगी आदित्यनाथ



सीएम ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस वे से जुड़ने के बाद यह क्षेत्र औद्योगिक विकास की प्रक्रिया का हिस्सा बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि बदायूं हमेशा सकारात्मक शक्तियों के साथ रहा है। कहा 2014 से पहले भारत में आतंकी विस्फोट हुआ करते थे तब पाकिस्तान में जश्न मनता था और भारत की सरकार मौन रहती थी। आज पाकिस्तान पटाखे छूटने पर भी सफाई देने लगता है, क्योंकि उसे पता है कि कब कहां सर्जिकल स्ट्राइक हो जाए। आज देश सुरक्षा, समृद्धि और सम्मान के साथ हाईवे-एक्सप्रेस वे तथा विकास के नये-नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। गरीब कल्याणकारी योजनाओं की लंबी श्रृंखला जनता के लिए उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में आस्था के साथ खिलवाड़ किया जाता था। कांग्रेस के लोग कहते थे कि राम और कृष्ण हुए ही नहीं। आज 500 साल का इंतजार खत्म हो चुका है और रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गये हैं। उन्होंने कहा कि बहकाने वाले बहुत आएंगे, हमें किसी के बहकावे में नहीं आना है। योगी ने कहा कि हम हर जनपद महापुरुषों और आस्था को सम्मान देंगे। हमने काशी और अयोध्या से शुरूआत कर दी है, बृज भूमि और उसके बाद बदायूं का नंबर भी आने वाला है।

सीएम ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा से सावधान रहना है। इनका भारत के खिलाफ छिपा हुआ हिडेन एजेंडा है। ये अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में सेंधमारी करने जा रहे हैं। ये संपत्ति का सर्वे करके आपकी संपत्ति पर विरासत टैक्स लगाने की तैयारी में है। दुर्भाग्य से अगर कांग्रेस आ गई तो आपकी संपत्ति पर कांग्रेस और सपाई कब्जा कर लेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने माफिया और गुंडो को ठीक कर दिया है, हालत खराब कर दी गई है। उन्होंने सपा पर आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर समाजवादी पार्टी की ओर से शोक संवेदना के लिए एक शब्द भी नहीं निकले थे, मगर एक माफिया की मौत पर सपा सुप्रीमो उसके घर फातिहा पढ़ने चले गये थे। योगी ने कहा कि हमें अपने वोट को आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लिए देना है।

---

# विभाजनकारी और तुष्टिकरण से प्रेरित कांग्रेस का घोषणा पत्र : राजनाथ सिंह

एजेंसी

**अहमदाबाद।** केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को अहमदाबाद में कहा कि देश में दो चरण के मतदान हो चुके हैं। भाजपा ने इस बार 400 पार सीटों का लक्ष्य रखा है, जो आसानी से हासिल होने जा रहा है। चुनाव के दौरान उन्हें ऐसे राज्यों में जाने का अवसर मिला, जहां भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। इन क्षेत्रों में भी भाजपा मजबूती के साथ लड़ रही है और कई सीटों पर विजय मिलने का उन्हें विश्वास है।

राजनाथ सिंह ने अहमदाबाद में भाजपा के मीडिया सेंटर में प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ काम करती है तो कांग्रेस कहती है कि देश में लोकतंत्र पर गंभीर संकट आ गया है। भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत



और समर्थ भारत के निर्माण की मजबूत गारंटी है। दूसरी तरफ कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र विभाजनकारी और तुष्टीकरण से प्रेरित है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि लोकसभा का चुनाव भाजपा अपने कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और विश्वसनीयता के आधार पर लड़ रही है। देश को लंबे समय से एक ऐसे नेतृत्व की जरूरत थी, जो देश को विकसित बनाए, वह मोदी के रूप में भारत को हासिल हुआ है। आज भारत तेजी से विकसित हो रही विश्व में 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। आने वाले दिनों में भारत मोदी के नेतृत्व में विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनेगा, ऐसा होने से दुनिया की कोई भी ताकत रोक नहीं सकती है।

राजनाथ सिंह ने तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने के कारणों का उल्लेख किया और कहा कि भारत के पास नरेन्द्र मोदी जैसा मजबूत नेतृत्व है, उनके पास मिशन, विजन और पैशन है। कांग्रेस की आलोचना करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि उनके पास न तो नेता है, न नीति है, न तो नियत है। कांग्रेस वर्षों तक सरकार में रही, गरीबी दूर करने की बात की लेकिन गरीबी दूर करने का कोई भी ठोस प्रयास नहीं किया। पीएम मोदी 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाये हैं।

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा भव्य जीत की ओर आगे बढ़ रही है। इसकी शुरूआत सूरत से हो चुकी है। आजादी के समय महात्मा गांधी ने कांग्रेस का विसर्जन करने को कहा था, परंतु कांग्रेस ने उनकी बात नहीं मानी। अब हमें ही कांग्रेस का विसर्जन करना पड़ेगा और देश की जनता ने कांग्रेस का विसर्जन करने का मन बना लिया है। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया के मुख्य प्रवक्ता यमल व्यास, डॉ. यग्नेश दवे, जुबिन आशरा समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

---

### महादेव सट्टेबाजी ऐप मामला

## अभिनेता साहिल खान गिरफ्तार

एजेंसी

**मुंबई।** महादेव सट्टेबाजी एप मामले में मुंबई पुलिस की टीम ने फिल्म अभिनेता साहिल खान को छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई पुलिस की टीम साहिल को रविवार को छत्तीसगढ़ से मुंबई लेकर आई है।

जानकारी के अनुसार मुंबई पुलिस साइबर सेल की विशेष जांच टीम महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले की गहन छानबीन कर रही है। साहिल खान द लाई बुक ऐप से जुड़ा था, जो एक सट्टेबाजी ऐप है और महादेव बेटिंग के नेटवर्क का हिस्सा है। इस मामले की संलिप्तता का पता लगते ही मुंबई पुलिस साहिल खान को पूछताछ के लिए बुलाना चाहती थी, इसी दौरान साहिल खान ने बॉम्बे हाई कोर्ट में राहत पाने के लिए याचिका दाखिल की थी। हाई कोर्ट ने साहिल की याचिका खारिज कर दी। जिसके बाद साहिल खान मुंबई से फरार हो गया।

मुंबई पुलिस की टीम को गोपनीय जानकारी मिली कि वह छत्तीसगढ़ में छिपा है। मुंबई पुलिस ने छत्तीसगढ़ पुलिस के सहयोग से साहिल खान को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को पुलिस साहिल खान को कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है।

दरअसल महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में कई एक्टर्स का नाम आ चुका है और अब इसमें साहिल खान को भी गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि साहिल खान लॉट बुक 24/7 नामक सट्टेबाजी ऐप वेबसाइट में भागीदार है, जो महादेव सट्टेबाजी ऐप नेटवर्क का हिस्सा है। साहिल खान पर लायन बुक को प्रमोट करने और उनके कार्यक्रमों में शामिल होने का भी आरोप है। लायन बुक को बढ़ावा देने के बाद इसने एक भागीदार के रूप में लोटस बुक 24/7 ऐप लॉन्च किया। साहिल अपनी प्रसिद्धि का इस्तेमाल ऐप को प्रमोट करने के लिए कर रहा था। वह मशहूर हस्तियों को आमंत्रित करता था और भव्य पार्टियां देता था।

---

## इराक ने समलैंगिक संबंधों पर बनाया कठोर कानून, होगी 15 साल की सजा

एजेंसी

**वाशिंगटन।** इराक की संसद ने समलैंगिक विवाह पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून पारित किया है। इसके तहत समलैंगिकता को बढ़ावा देने वालों पर भारी जुर्माना और जेल की सजा दी जाएगी। ट्रांसजेंडर्स को भी ऐसे मामलों में एक से तीन साल के लिए जेल में भेजा जा सकता है। हालांकि अमेरिका ने इसकी निंदा करते हुए कहा कि यह कानून संवैधानिक रूप से संरक्षित मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा है।

इराकी संसद ने समलैंगिक संबंधों को अपराध की श्रेणी में रखने वाला कानून पारित किया है। इसके तहत समलैंगिकता से जुड़े मामलों में अधिकतम 15 साल जेल की सजा दी जा सकेगी। कानून की प्रति में कहा गया है कि इसका उद्देश्य इराकी समाज को नैतिक भ्रष्टता और समलैंगिकता से बचाना है। इससे धार्मिक मूल्यों को कायम रखने में मदद मिलेगी।

जबकि अमेरिका सहित कुछ पश्चिमी देशों ने इराक के कदम की आलोचना करते हुए कहा है कि इस कानून के जरिये इराक एलजीबीटी समुदाय के अधिकारों का हनन जारी रखेगा।

अमेरिकी विदेश विभाग की तरफ से जारी की गई जानकारी के मुताबिक 'अमेरिका इराकी संसद द्वारा मौजूदा कानून में संशोधन पारित होने से बहुत चिंतित है। कानून समलैंगिक विवाह पर प्रतिबंध लगाता है। साथ ही जुमार्ना और जेल की सजा का प्रावधान किया गया है। समलैंगिकता को बढ़ावा देने वालों को भी सजा देने की बात कही गई है। यह बदलाव संवैधानिक रूप से संरक्षित मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा है।'

---

### एससी/एसटी और ओबीसी आरक्षण खत्म करने के राहुल के आरोपों पर कड़ा हमला

# राहुल झूठ फैलाने का काम बंद करो, ओबीसी का आरक्षण छीनने का काम आपने किया : अमित शाह

एजेंसी

**एटा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एससी/एसटी और ओबीसी आरक्षण खत्म करने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों पर कड़ा हमला बोला। शाह ने कहा कि राहुल गांधी झूठ फैलाने का काम बंद करो, ओबीसी का आरक्षण छीनने का काम आपने किया। एससी/एसटी और ओबीसी का आरक्षण भाजपा कभी हटने नहीं देगी।

अमित शाह ने भाजपा उम्मीदवार राजवीर सिंह ‘राजू भैया’ के समर्थन में एटा में आयोजित चुनावी जनसभा में कहा कि हर गरीब के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी



दलों के गठबंधन आईएनडीआईए पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोकसभा के अब तक हुए दो चरणों के चुनाव में विपक्षी दलों का गठबंधन साफ हो गया है। इस गठबंधन के प्रमुख घटक दल सपा को एक भी सीट मिलती हुई नहीं दिख रही है।

उन्होंने जनता से अपील की कि राजू भैया को सांसद बनाओ, बड़ा आदमी बनाने का काम भाजपा करेगी। अब आपको तय करना है राम मंदिर बनाने वाले को वोट देना है या फिर रामभक्तों पर गोली चलाने वालों को। कांग्रेस और सपा ने राम मंदिर के निर्माण को अटकाकर, भटकाकर और लटकाकर रखा। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य भूमिका निभाई।

जनसभा को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने भी संबोधित किया। लोकसभा प्रत्याशी राजवीर सिंह ने अमित शाह का स्वागत किया।

राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि भाजपा नेताओं और मोदी के करीबियों के बयानों से अब साफ हो गया है कि उनका उद्देश्य संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना है। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने में उनकी भागीदारी खत्म करना है, लेकिन संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए कांग्रेस चट्टान की तरह भाजपा की राह में खड़ी है।

---

**लोकसभा चुनाव-2024** | सोनिया गांधी की ही देखरेख में होगा प्रियंका गांधी का पूरा चुनाव

# बेटी प्रियंका की 'चुनावी लांचिंग' को कमांड करेंगी सोनिया गांधी

एजेंसी

**रायबरेली।** प्रियंका गांधी वाड्रा के रायबरेली से टिकट की आधिकारिक घोषणा में भले ही समय लग रहा हो लेकिन कांग्रेस ने उनकी चुनावी लांचिंग की पूरी तैयारी शुरू कर दी है। खुद सोनिया गांधी बेटी प्रियंका की ‘चुनावी लांचिंग’ को ‘कमांड’ करने वाली हैं। इस बाबत एक समन्वय समिति भी बना दी गई है जिसमें स्थानीय नेताओं के अलावा सोनिया गांधी भी होगीं।

रायबरेली से प्रियंका गांधी का पूरा चुनाव सोनिया गांधी की ही देखरेख में होगा। जानकारी के अनुसार दिल्ली से पूरी चुनावी रणनीति की निगरानी और दिशा निर्देश भी तय किये जायेंगे। जबकि टिकट की घोषणा मात्र एक औपचिरकिता ही रह गई है।

दरअसल शनिवार को दिल्ली में हुई सीईसी की बैठक में इस बात की संभावना थी कि प्रियंका और राहुल की रायबरेली व



अमेठी से टिकट की घोषणा हो जाएगी। बैठक में सर्वसम्मति होने के बावजूद टिकट फाइनल करने का अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को दे दिया गया। बताया जा रहा है कि यह केवल रणनीतिक कवायद भर है और टिकट न केवल फाइनल है बल्कि पार्टी हाईकमान ने प्रियंका और राहुल की चुनावी तैयारियों को अंजाम भी देना शुरू कर दिया है। दिल्ली से इस सम्बंध में स्थानीय संगठन को लगातार निर्देश जारी किए जा रहे हैं। रायबरेली से प्रियंका की चुनावी व्यवस्था को लेकर स्थानीय स्तर पर एक समन्वय समिति भी बना दी गई है। महत्वपूर्ण बात यह है कि खुद सोनिया गांधी इस समिति का अहम हिस्सा हैं इसके अलावा उनके प्रतिनिधि रहे केएल शर्मा सहित कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व विधानसभा में पार्टी प्रत्याशियों को इसमें जगह दी गई है।

प्रियंका गांधी के चुनाव संचालन के लिए बन रही इस बेहद महत्वपूर्ण समन्वय समिति में कांग्रेस नेता सुशील पासी, सुरेंद्र विक्रम सिंह, डॉ. मनीष सिंह चौहान, सुधा द्विवेदी और अतुल सिंह, रायबरेली नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर, लालगंज नगर पंचायत की अध्यक्ष सरिता गुप्ता, मोहम्मद इलियास, कल्याण सिंह गांधी, वीके शुक्ला को भी शामिल किया गया है।

समिति में जिले के मीडिया प्रभारी विनय द्विवेदी, वरिष्ठ नेता रमेश कुमार शुक्ला, ओपी श्रीवास्तव, वीरेंद्र यादव, राजेश यादव, सुरेश दीक्षित, कमलाकर यादव औ? संजीव पांडेय को भी जगह दी गयी है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया रायबरेली सीट के लिए समन्वय समिति बना दी गई है। समिति को जिम्मेदारी दी जा रही है।

---

# लवली का इस्तीफा स्वीकार, जल्द मिलेगा प्रदेश कांग्रेस को नया अध्यक्ष

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी नेता अरविंद सिंह लवली के दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया ने मीडिया से बातचीत में इसकी जानकारी दी है।

अरविंद सिंह लवली ने आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन और पार्टी के दो उम्मीदवारों के चयन को लेकर सवाल उठाए थे। इसके बाद से ही भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पर हमलावर है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने लवली के इस्तीफे पर कहा कि इस्तीफा इस बात को साबित करता है कि सत्ता के लालच में कांग्रेस का स्तर इतना नीचे गिर गया है कि उनके अपने पार्टी वर्कर आम आदमी पार्टी के साथ गठजोड़ को लेकर नाराज हैं। इस गठजोड़ के बावजूद कांग्रेस दिल्ली की सारी सीटों पर हार रही है। जिस जहाज के कैप्टन राहुल गांधी है उस जहाज की सवारी कोई नहीं करना चाहता।

इस्तीफा के बाद से कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित भी शामिल हैं अरविंद सिंह लवली के घर पहुंचे। घर के बाहर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया के खिलाफ नारेबाजी भी हुई।

इस्तीफा देने के बाद पत्रकारों से बातचीत में लवली ने कहा कि अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि वह किसी अन्य पार्टी में नहीं जा रहे हैं। सिद्धांतों और कांग्रेस कार्यकताओं की पीड़ा का जिक्र करते हुए उन्होने दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। वे मिलने आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देना चाहता हैं।

माना जा रहा है कि लवली का विरोध पार्टी उम्मीदवारों और प्रदेश प्रभारी को लेकर है। सूत्रों का कहना है कि पार्टी ने उम्मीदवार बदलने की मांग को अस्वीकार कर दिया है और जल्द ही प्रदेश को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। वही आम आदमी पार्टी ने लवली के इस्तीफा पर कुछ भी कहने से इनकार किया है। पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज का कहना है कि कांग्रेस हमारे गठबंधन सहयोगी पार्टी है। यह उनके आंतरिक मामला है और वह इस पर सही जवाब देंगे।

## एक नजर

### सिरका परियोजना को मिला नया पानी टैंकर, कर्मियों में खुशी



**गिद्दी।** सिरका परियोजना को पांच हजार लीटर क्षमता वाली नया पानी टैंकर मिला है । इस नये टैंकर का सिरका वर्कशॉप कहुवाबेड़ा में रविवार को सिरका खान अधीक्षक रमेश कुमार एवं प्रोफेक्ट इंजीनियर एक्सवेशन रंजीत कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई । साथ ही इन दोनों अधिकारियों ने कहा कि पहले का पानी टैंकर सर्वे ऑफ हो चुका है । अब नया टैंकर सिरका परियोजना को मिलने से कोलियरी में धुलकण नहीं उड़ेगें और कोयले का उत्पादन करने में दिक्कत नहीं होगी। पानी टैंकर मिलने से सिरका परियोजना के कर्मियों में खुशी की लहर है ।

### झारखंड इस्पात हेसला के पीछे बाउंड्री निर्माण को ग्रामीणों ने रोका

**गिद्दी।** झारखंड इस्पात प्राइवेट लिमिटेड हेसला के पीछे रेलवे मार्ग तालाब के समीप रविवार दोपहर करीब 12:45 बजे उस वक्त अफरा तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। जब यहां बाउंड्री निर्माण में लगे दर्जनो मजदूरों को कानाटाड़ हेसला के दर्जनों महिला पुरुषो ने आवाज लगाते हुए खदेड़ दिया। ग्रामीणों के आक्रोश की सूचना पर रामगढ़ पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। समाचार लिखे जाने तक हेसला कानाटाड़ के ग्रामीणो व फैक्ट्री प्रबंधन के बीच खींचतान जारी थी, बताया गया कि करीब 2 एकड़ से अधिक जमीन को लेकर विवाद था। ग्रामीण बतलाते हैं कि फैक्ट्री प्रबंधन के द्वारा गलत तरीके से हम लोगों की 2 एकड़ से भी अधिक जमीन पर चारकोल डंप गिराकर कब्जा जमाया गया था।लेकिन इसे कुछ महीने पहले खाली करवाने के बाद फैक्ट्री प्रबंधन इसे अपना होने का दावा कर रहा है। जिसका एक माह पूर्व विरोध किया गया था। इसे लेकर प्रशासन को भी सूचना दी गई थी। लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन उक्त जमीन पर बाउंड्री करवा रहा था, जिसका ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया। मौके पर दर्जनों कानाटाड़ हेसला के ग्रामीण, पुलिस जवान, फैक्ट्री प्रबंधन के लोग व महिला पुरुष उपस्थित थे।

### भाजपा पर भर्ती अभियान में भ्रामक रणनीति अपनाने का आरोप लगाया

**हजारीबाग ।** भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद अपने सोशल मीडिया पर कुछ नवयुवकों को माला और अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा में शामिल करवाये। इनमें शामिल होने वाले में अधिकतर लोग शुरू से ही प्रदीप प्रसाद के समर्थक रहे है उनका यह दावा सारे लोग कांग्रेस पार्टी के सदस्य थे यह एक भामक और सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का उनका यह ओछी मानसिकता को दशार्ता है। उक्त बातें हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की भाजपा नेता अपने लोगो को ही माला और पट्टा पहनाकर 400 पार का नारा देते है।

### एसपी सिटी ने चेक नाकों का किया निरीक्षण



**जमशेदपुर ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देर रात्रि एसपी सिटी मुकेश कुमार लुनायत द्वारा सरायकेला जिले के सीमा पर गठित अंतरजिला चेक नाकों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों को चुनाव को लेकर शराब की तस्करी को रोकने, अवैध नकदी, मादक पदार्थ के साथ साथ अवैध हथियार की जब्ती को लेकर चेक नाकों पर विशेष अभियान चलाने के लिए निर्देशित भी किया गया।

### झारखंड कुशवाहा महासभा का स्थापना दिवस मनाया गया



**रामगढ़ ।** झारखंड कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष चतुर्भुज कश्यप के आवासीय कार्यालय फौजी कॉम्प्लेक्स,गोला में रविवार को झारखंड कुशवाहा महासभा का 13 स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर दीप प्रज्जलित व पुष्पाजंलि अर्पित कर की गई। मौके पर उपस्थित झारखंड कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष ने गौतम बुद्ध को याद करते हुए कहा की आज कुशवाहा समाज को गौतम बुद्ध के नीति सिद्धान्त पर चलने की आवश्यकता है, साथ ही सामाजिक व राजनीतिक एकता लाने की अपील की। बैठक में उपस्थित सभी सम्मानित अधिकारियों व सदस्यों के सर्वसम्मति से शादी बाराती में शाकाहारी भोजन का प्रस्ताव लाया।

# ज्यादातर सीटों पर आमने-सामने मुकाबला होने के आसार

**लोहरदगा से चमरा लिंडा, राजमहल से लोबिन हेंब्रम अपना कितना प्रभाव छोड़ पाएंगे यह तो चार जून को मतगणना के बाद ही पता चल पाएगा**

वरीय संवाददाता

**रांची।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर दो मुख्य गठबंधन एनडीए और इंडिया ब्लॉक ने अपने-अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। जो उम्मीद पहले से थी लगभग उसी तरह से कोशिश यह हुई है कि अलग-अलग लोकसभा सीट पर मुकाबला आमने-सामने का हो यानी भाजपा या आजसू के उम्मीदवार के मुकाबले में विपक्षी दलों की ओर से भी एक मजबूत उम्मीदवार हो और भाजपा विरोधी वोटों के बिखराव को रोका जा सके। वहीं कुछ प्रमुख नेता निर्दलीय उतरे हैं चुनाव मैदान में राज्य में इंडिया गठबंधन चार राजनीतिक पार्टियां कांग्रेस, झामुमो, राजद और सीपीआई माले को जगह मिली है। इन सबके बीच 7-5-1-1 फॉमूर्ले पर सीट शेयरिंग भी हुई है। लेफ्ट की दो अन्य पार्टियां सीपीआई और सीपीएम को झारखंड इंडिया में जगह नहीं मिलने की वजह से कुछ स्थानों पर दोनों दल अपने-अपने प्रत्याशी उतार जरूर रहे हैं, लेकिन इस बार जो स्थितियां बन रही हैं उसमें मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया के बीच ही होता दिख रहा है। इसमें लोहरदगा से चमरा लिंडा, राजमहल से लोबिन हेंब्रम अपना कितना प्रभाव छोड़ पाएंगे यह तो चार जून को मतगणना के बाद ही पता चल पाएगा।

### 2019 के लोस चुनाव में 14 में से 12 सीटों पर एनडीए ने दर्ज की थी जीत




2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 लोकसभा सीट में से राजमहल और सिंहभूम को छोड़ सभी 12 सीटों पर एनडीए भाजपा और आजसू ने जीत दर्ज की थी। वहीं 2019 में राजमहल सीट से झामुमो उम्मीदवार विजय हांसदा और सिंहभूम से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में गीता कोड़ा की जीत हुई थी। इस बार गीता कोड़ा सिंहभूम लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार हैं और झामुमो की जोबा मांझी से उनका सीधा मुकाबला है।

### किसके-किसके बीच मुख्य मुकाबला होने की संभावना

राजमहल लोकसभा सीट

विजय हांसदा-झामुमो

ताला मरांडी-भाजपा

लोबिन हेंब्रम-निर्दलीय (घोषणा कर चुके हैं) दुमका लोकसभा सीट, नलिन सोरेन- झामुमो

सीता सोरेन-भाजपा गोड्डा लोकसभा सीट, प्रदीप यादव- कांग्रेस, निशिकांत दुबे-भाजपा गिरिडीह लोकसभा सीट, मथुरा प्रसाद महतो- झामुमो

चंद्र प्रकाश चौधरी-आजसू , कोडरमा लोकसभा सीट

विनोद सिंह-सीपीआई माले

अन्नपूर्णा देवी-भाजपा, धनबाद लोकसभा सीट अनुपमा सिंह-कांग्रेस, ढुल्लू महतो-भाजपा हजारीबाग लोकसभा सीट

जेपी पटेल-कांग्रेस, मनीष जायसवाल-भाजपा, रांची लोकसभा सीट यशस्विनी सहाय कांग्रेस , संजय सेठ भाजपा, लोहरदगा लोकसभा सीट

सुखदेव भगत कांग्रेस, समीर उरांव भाजपा, चमरा लिंडा -निर्दलीय चतरा लोकसभा सीट

केएन त्रिपाठी- कांग्रेस

कालीचरण सिंह भाजपा पलामू लोकसभा सीट, ममता भुईयां-राजद, वीडी राम भाजपा, खूंटी लोकसभा सीट, कालीचरण मुंडा-कांग्रेस, अर्जुन मुंडा भाजपा, सिंहभूम लोकसभा सीट

जोबा मांझी झामुमो, गीता कोड़ा-भाजपा, जमशेदपुर लोकसभा सीट

समीर मोहंती झामुमो, बिद्युत बरण महतो भाजपा से चुनाव मैदान में है। वहीं कई प्रत्याशी जनता के बीच पहुंचकर अपनी राजनीति ताकत का अंदेसा लगारहे हैं। वहीं जनता ने भी प्रत्याशियों के सामने अपना पता नहीं खोल रहे हैं।

## लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर बनाए गए चेकनाकों का अनुमंडल पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के मद्देनजर जिले की अलग-अलग सीमाओं पर बनाए गए हैं कुल 6 चेक नाके, उड़न दस्त दलों द्वारा भी चलाया जा रहा है औचक जांच अभियान**



संवाददाता

**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान रामगढ़ जिले में स्वच्छ, स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेशों के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार के निर्देश पर रामगढ़ जिले के अलग-अलग सीमाओं को चिन्हित कर कुल 6 चेक नाके बनाए गए हैं। इसी क्रम में रविवार को अनुमंडल पदाधिकारी श्री आशीष गंगवार ने चेकनाकों का निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त स्टेटिक सर्विलांस दलों द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया वहीं उन्होंने स्वयं भी विभिन्न वाहनों की जांच कर नाके पर प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए जांच अभियान चलाने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

गौरतलब होकि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर रामगढ़ जिले में प्रवेश करने हेतु निर्धारित अलग-अलग सीमाओं पर कुल 6 चेक नाकें बनाए गए हैं जिनमे पुनदाग टोल प्लाजा के समीप एक, पतरातू प्रखंड के तालाटांड एवं खलारी रोड में एक - एक, गोला प्रखंड अंतर्गत चौपादारू में एक, दुलमी प्रखंड में कुल्हि क्षेत्र में एक तथा मांडू प्रखंड अंतर्गत मांडू थाना के समीप एक, चेक नाके स्थापित किए गए हैं वही स्वतंत्र वह निष्पक्ष निर्वाचन के मध्य नजर प्रतिनिधित्व उड़न दस्ता दलों द्वारा भी जिले के अलग-अलग क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## बरही विधानसभा क्षेत्र में जेपी भाई पटेल का जनसंपर्क, भाजपा प्रत्याशी पर जमकर हमला बोला



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चुनावी महायुद्ध इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के जनसंपर्क अभियान का तूफानी प्रभाव देखने को मिला। लोगों की भावनाओं और समर्थन को देखते हुए उनके प्रति विश्वास और आकर्षण ने प्रतिस्पर्धी दलों के लिए चिंता का विषय बना दिया है। उरवां चौक, तितिरचांच, पथलगडा सिलाई सेंटर, मदनगुंडी चौक, चंदवारा बजरंग चौक, करौंजिया, खांड़ी-बरगद पेड़ चबूतरा के समीप, थाम-स्टेट बैंक के समीप, पुरनाथाम-मुखिया जी के घर के पास, पीपराही, महुआदोहर, बन्दी, आरागारा, पुतो चौक, भंडो चौक, भोडो पंचायत अंतर्गत (सुटाही यज्ञ में शामिल), चन्दवारा-मुख्य बाजार में भी तूफानी जनसंपर्क अभियान किया गया। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल ने चुनावी जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। रविवार को बरही विधानसभा के चंदवारा प्रखण्ड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने सत्रह से ऊपर पंचायतों का भ्रमण कर सैंकड़ों ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा आज पलटी मार चुकी है। भ्रष्टाचार और महंगाई को मुद्दा बना कर सरकार में आई थी परंतु आज देश में अनेकों मुद्दों ने जन्म ले लिया है। जय प्रकाश भाई पटेल ने भाजपा उम्मीदवार पर भी जम कर निशाना साधा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि व्यवसाई सिर्फ पूंजी बनाने का काम करते हैं। आज सभी तरह के व्यवसाय में अपना सिक्का जमा रहे हैं। कहा, यह देश भी व्यवसायों को बेचा जा रहा है। देश को बचाने की जरूरत है। उन्होंने कांग्रेस सरकार का वक्त याद करते हुए कहा कि किसी जमाने में महंगाई, रोजगार आदि ही मुद्दा हुआ करती थी, परंतु आज मोदी कार्यकाल में संविधान को बचाना भी मुद्दा बन गया है। यह देश बाबासाहेब के दिए गए संविधान से चलता आया है मगर केंद्र की भाजपा सरकार संविधान को अपने फायदे अनुसार बदल देना चाहती है। आरक्षण और मौलिक अधिकारों पर आज खतरा मंडरा रहा है।

## सीसीएल व आर ए माइनिंग में किए जा रहे हैवी ब्लास्टिंग का ग्रामीणों ने विरोध किया

**हैवी ब्लास्टिंग बंद करने सहित पुनर्वास की मांग**



संवाददाता

**पतरातू।** पतरातू प्रखंड के सौंदा बस्ती सरैया टोला स्थित आर ए माइनिंग द्वारा किए जा रहे हैवी ब्लास्टिंग का ग्रामीणों ने विरोध किया। आपको बता दें कि सौंदा बसंत टोंगरी टोला में किए जा रहे ब्लास्टिंग का आज ग्रामीणों ने विरोध किया। कहा खुली खदान से सटे सैंकड़ों घर के लोग जान हथेली पर रखकर यहां रह रहे हैं। ब्लास्टिंग के दौरान हमेशा पत्थर उड़कर घर के आंगन और छत पर गिर रहें हैं। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। पूरे मामले पर ग्रामीणों द्वारा पीओ को ज्ञापन सौंपने की तैयारी की जा रही है। पूरे मामले को लेकर सीसीएल के पदाधिकारी का कहना है प्रबंधक द्वारा इन सभी ग्रामीणों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था की जा रही है। टोंगरी टोला सीमाक्षेत्र स्थित ब्लास्टिंग पर रोक लगाई गई है। जबतक इन सभी को पुनर्वास नहीं हो जाता ब्लास्टिंग बंद किया गया।

पूर्व में सीसीएल प्रबंधन के द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया था कि इसका क्षतीपूर्ति पुनर्वास की जाएगी और टोंगरी टोला के लोगो को किसी सुरक्षित स्थान पे पुनर्वास की व्यवस्था होने तक यहां इसके आसपास खनन कार्य नहीं किया जायेगा। ऐसा आश्वासन सी सी एल प्रबंधन की ओर से लिखित तौर पर दिया गया था। आज ब्लास्टिंग का विरोध कर ग्रामीणों ने ब्लास्टिंग को रोक दिया। मौके पर दयानंद प्रसाद, हरिनारायण प्रसाद, अंबर कुमार, सूरज कुमार, संदीप कुमार अभिषेक कुमार, अनिल कुमार, मुकेश करमाली सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मानगो नगर निगम क्षेत्र में चला मतदाता जागरूकता अभियान

**जमशेदपुर ।** जिले के डीसी अनन्य मित्तल और अपर नगर आयुक्त मानगो नगर निगम के निर्देश पर क्षेत्र में लोकसभा निर्वाचन के स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न तरह के जागरूकता कार्यक्रम प्रतिदिन चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को मानगो बालीगुमा और डिमना रोड में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाया गया। इस दौरान रैली निकालकर आस-पास मोहल्ले के लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही अन्य कार्यक्रम भी कराए गए। वहीं जागरूकता अभियान चलाते हुए प्रत्येक घर से परिवार के सभी सदस्यों को वोट करने के लिए 25 मई को बूथ जाने का अनुरोध भी किया जा रहा है।दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व नगर निगम के सीआरपी द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। इसी तरह मानगो नगर निगम अंतर्गत आठ बड़े होर्डिंग में स्वीप के तहत जागरूकता बैनर पोस्टर चिपकाए गया है।

### राज्यसभा सांसद सह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे हजारीबाग लोस चुनाव कार्यालय



संवाददाता

**हजारीबाग ।** भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल भारी मतों से जीतेंगे। जीतने के बाद नरेंद मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में हजारीबाग का यह सांसद महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। उक्त बातें रविवार को हजारीबाग के झंडा चौक स्थित भाजपा के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रधान चुना कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के देवतुल्य कार्यकताओं के बदौलत पार्टी सदैव चलायमान है। सच कहा जाय तो पार्टी का सबसे बड़ा चेहरा हमारे बूथ के निष्ठावान कार्यकर्ता ही होते हैं। नीव हमारी कार्यकताओं के बदौलत ही खड़ी है जो विशाल बटवृक्ष का रूप ले लिया है। दीपक प्रकाश ने कहा कि एक मई को प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन के सुअवसर पर ऐतिहासिक भीड़ होगी। इस मौके पर पार्टी के पार्टी के कई बड़े चहरे उपस्थित होकर आयोजित संकल्प सभा मे प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों व कार्यप्रणाली को जनता के समक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्षों के शासनकाल की प्रसंशा चारो दिशा में हो रही है। देश की जनता ने ठान लिया है कि इसबार भी मोदी को ही बागडोर सौपना है। अतः मनीष जायसवाल हजारीबाग लोकसभा सीट से जीतकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे। एक सवाल के जवाब में राज्यसभा सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि दीपक और मनीष दो तन एक जान हैं। कोडरमा जाने के क्रम में यहां पहुंचे दीपक प्रकाश का भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने स्वागत किया।

## भाकपा माले की बैठक में चुनाव की तैयारी को लेकर किया गया विचार विमर्श

# भाजपा हटाओ आदिवासी बचाओ, भाजपा हटाओ देश बचाओ: भाकपा माले



संवाददाता

**गिद्दी।** चपरी गाँव में भाकपा माले और झारखंड मुक्ति मोर्चा (इंडिया गठबंधन) के द्वारा लोकसभा 2024 चुनाव के लिए बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता लालचंद बेदिया और संचालन सुभाष बेदिया ने किया। इस अवसर पर बैठक में प्रमुख रुप से भाकपा माले से सुभाष बेदिया, लालचंद बेदिया, कामेश्वर बेदिया, जयनंदन गोप, रूपन गोप, बैजनाथ बेदिया, सरजू बेदिया, रमन बेदिया, राजू बेदिया, अभिषेक बेदिया, विनोद बेदिया, असलम अंसारी, जफर अंसारी, बिंदेश बेदिया, राहुल बेदिया, सुरेश बेदिया, इस्तखार अंसारी, आसीन मियां, इमामुल अंसारी, मुस्ताक अंसारी, जियाउल हक, जितेंद्र बेदिया, वासुदेव बेदिया, कौशल्या देवी, ननकी देवी, शीला देवी, रुस्तम अंसारी, योगेन्द्र बेदिया, रामबृक्ष बेदिया, जयनंदन गोप, रुपन गोप व झारखंड मुक्ति मोर्चा से शिवदेव बेदिया, गणित बेदिया, प्रेम बेदिया आदि महिला पुरुष शामिल थे। जिसमें विचार विमर्श किया गया कि आज देश के आदिवासी समेत देश का संविधान, लोकतंत्र, आरक्षण खतरे में है। आदिवासियों की जल जंगल जमीन लगातार छीन कर कारपोरेट के हाथों में दिया जा रहा है। आदिवासियों के हित में बने सीएनटी/एसपीटी एक्ट, पेशा कानून, विलकिल्सन रुल आदि नियमों,आरक्षण को वर्तमान मोदी की भाजपा सरकार एक-एक करके शिथिल कर रही है, और अब तो कह रही है कि यदि मोदी भाजपा की सरकार बनेगी तो पुरी तरह से संविधान को बदल कर मनुस्मृति को संविधान बनाया जाएगा। इसलिए आज पुरे देश के आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, मजदूर किसान छात्र-युवा, महिला खतरे में है. इसलिए 2024 के संसदीय चुनाव में भाजपा को हराना जरूरी है। आदिवासियों के अधिकार को बचाना है, लोकतंत्र को बचाना है और संविधान को बचाने का संकल्प लिया गया। इसलिए हजारीबाग लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को वोट देने की लोगों से अपील की गई।

## डीएवी गिद्दी ए के विद्यार्थियों का जेईई मैंस-2024 में शानदार प्रदर्शन



Aditya Singh 93.23 Percentile | Aman Anand Bharti 91 Percentile | Anuj Kumar Rajak 86 Percentile | Satyam Kumar 82 Percentile

संवाददाता

**गिद्दी।** डीएवी पब्लिक स्कूल गिद्दी ए के चार विद्यार्थियों ने जेईई मेंस(2023-24) में शानदार प्रदर्शन कर न सिर्फ विद्यालय परिवार का बल्कि पूरे कोयलांचल क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।इस शानदार उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों में आदित्य सिंह(93.23 परसेंटाइल),अमन आनंद भारती (91परसेंटाइल), अनुज कुमार रजक(86 परसेंटाइल) तथा सत्यम कुमार (82 परसेंटाइल) है। इन सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावक जनों को प्राचार्य मनप्रीय चटर्जी ने बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता इन बच्चों के कठिन परिश्रम, अभिभावक जनों के सहयोग और विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विद्यालय परिवार के तरफ से उनके बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा विद्यालय निश्चित रूप से इस कोयलांचल में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने सफल विद्यार्थियों के अभिभावकजनो को विशेष शुभकामनाएं दीं, जिनके बिना ये सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती थी। उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है जिसको अपना कर आप सभी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित। प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न० 8340571405, 9262578999